अमर उजाला
75 महोत्सव विश्वास का

- 6 राज्य
- 2 केंद्रशासित प्रदेश
- 21 संस्करण

राजधानी ••
वर्ष 20 । अंक 59 । पृष्ठ : 14 । मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
बुधवार, 8 जून 2022
ज्येष्ठ शुक्ल-अष्टमी
विक्रम संवत-2079

amarujala.com | विकास


शाह बोले-वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या 70 फीसदी कम...11



दिल्ली-एनसीआर

## दो पाकिस्तानी समेत चार आतंकी ढेर

### 24 घंटे में तीन मुठभेड़ : राहुल भट का कातिल भी मारा गया

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में मंगलवार को हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-ताइबा के पाकिस्तानी आतंकी तुफैल समेत दो दहशतगर्दों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। दूसरे स्थानीय आतंकी की शिनाख्त त्राल के इश्तियाक लोन के रूप में हुई है। इनमें से एक कश्मीरी पंडित कर्मचारी राहुल भट की हत्या में शामिल था। वहीं, दक्षिण कश्मीर में एक अन्य मुठभेड़ में एक आतंकी को ढेर किया गया।



सुरक्षाबलों को घाटी में पिछले 24 घंटे में तीन अलग-अलग अभियानों में दो पाकिस्तानी समेत चार आतंकियों को मार गिराने में सफलता मिली है। इनमें तीन आतंकी लश्कर से जुड़े थे। इनसे हथियार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह सुरक्षाबलों को चकतारस कुपवाड़ा में आतंकियों की मौजूदगी का पता चला। पुलिस ने सेना व सीआरपीएफ के साथ मिलकर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। घेरा सख्त होते देख आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसमें एक-एक कर दो आतंकी मार गिराए गए। आईजी विजय कुमार ने बताया कि राहुल भट की हत्या में दो आतंकी शामिल थे। इनमें से एक मारा गया है, एक की तलाश जारी है। ब्यूरो

>> आतंक पर वार : पेज 11

## सत्येंद्र व करीबियों के ठिकानों से 2.85 करोड़ जब्त

### प्रवर्तन निदेशालय के छापे में सोने के 133 सिक्के भी मिले

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन व उनके करीबियों के ठिकानों से 2.85 करोड़ रुपये की अघोषित संपत्ति और 1.80 किलो के सोने के 133 सिक्के जब्त किए हैं। मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत जैन व उनके साथियों के दिल्ली व आसपास के सात ठिकानों पर छापे मारे गए थे।

ईडी ने तीस मई को हवाला लेनदेन में जैन को गिरफ्तार किया था। सीएम अरविंद केजरीवाल ने जैन का बचाव



करते हुए उन्हें साफ छवि का ईमानदार व देशभक्त नेता बताया था। उनका दावा था, जैन को झूठे मामले में फंसाया जा रहा है। ईडी के मुताबिक, सोमवार को जिनके ठिकाने खंगाले गए, उनमें जैन की पत्नी पूनम जैन, उनके कारोबारी सहयोगी अंकुश जैन व वैभव जैन, राम प्रकाश ज्वैलर्स के निदेशक नवीन जैन व सिद्धार्थ जैन, लाला शेरसिंह जीवन विज्ञान ट्रस्ट के चेयरमैन व प्रूडेंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के जीएस मठरू, अंकुश जैन के ससुर व राम प्रकाश ज्वैलर्स में निदेशक योगेंद्र जैन शामिल हैं। वहीं, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दावा किया, ईडी को जैन के यहां से सिर्फ 2.79 लाख रुपये मिले हैं। ब्यूरो/एजेंसी

>> आखिर जैन का इस्तीफा क्यों नहीं ले रहे केजरीवाल : पेज 2



सत्येंद्र जैन व उनके करीबियों के ठिकानों से जब्त नकदी व आभूषण।

**लाला शेर सिंह जीवन विज्ञान ट्रस्ट ने धोखाधड़ी में की मदद**

ईडी के मुताबिक, लाला शेरसिंह जीवन विज्ञान ट्रस्ट ने सत्येंद्र जैन के स्वामित्व वाली कंपनी से जमीन को उनके साथियों के परिजनों के नाम करने में मदद की थी। ट्रस्ट ने छोटी-छोटी रकम के कई भुगतान किए थे, ताकि संपत्ति ठिकाने लगाई जा सके और इसके अधिग्रहण की प्रक्रिया विफल की जा सके। ईडी ने छापों के दौरान दस्तावेज व डिजिटल रिकॉर्ड भी जब्त किए हैं।

## न्यूज डायरी

### टी-20 मैच के लिए मेट्रो के समय में बदलाव



**नई दिल्ली।** दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में बृहस्पतिवार को टी-20 क्रिकेट मैच के दौरान मेट्रो के समय में बदलाव किया गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के मुताबिक, इस दौरान एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन को छोड़कर शेष सभी पर आखिरी मेट्रो के परिचालन समय रात एक बजे तक बढ़ाया गया है।

2

### रेपो दर पर फैसले से पहले तीन बैंकों का कर्ज महंगा

**मुंबई।** रेपो दर बढ़ाने को लेकर आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक का फैसला आने से पहले ही तीन बैंकों एचडीएफसी बैंक, केनरा बैंक और करूर वैश्य बैंक ने कर्ज महंगा कर दिया है।

12







## दक्षिण अफ्रीका में घोटाले के बाद फरार गुप्ता बंधु दुबई में गिरफ्तार

### सहारनपुर से निकल दक्षिण अफ्रीका में खड़ा किया था अरबों का साम्राज्य

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में राजनीतिक भ्रष्टाचार के आरोप में वांछित सहारनपुर के कारोबारी बंधु राजेश गुप्ता और अतुल गुप्ता को दुबई में गिरफ्तार कर लिया गया है। दक्षिण अफ्रीका सरकार ने मंगलवार को गिरफ्तारी की सूचना दी। इसके बाद, दुबई पुलिस ने भी पुष्टि कर दी कि इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस पर कार्रवाई करते हुए दोनों को पकड़ा है।

दक्षिण अफ्रीकी न्याय मंत्रालय ने बताया कि दुबई पुलिस मामले में दक्षिण अफ्रीका के अधिकारियों के साथ सहयोग कर रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि तीसरे भाई अजय गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है या नहीं। तीनों भाइयों पर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा के कार्यकाल में सियासी भ्रष्टाचार के जरिये अकूत दौलत कमाने का आरोप है। आरोप है कि राष्ट्रपति जुमा के 2009 से 2018 के शासन के दौरान गुप्ता भाइयों ने ठेके, सरकारी धन में गबन, मंत्रिमंडलीय नियुक्तियों में गड़बड़ी और सरकारी पैसे को बाहर भेजने जैसे कई घोटाले किए। जुमा के साथ अपने संबंधों का इस्तेमाल कर गुप्ता बंधुओं ने अधिकारियों को प्रभावित किया। हालांकि, गुप्ता बंधु लगातार आरोपों का खंडन करते रहे हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 2018 में जुमा के सत्ता से हटने के बाद गुप्ता परिवार दुबई भाग गया था और तबसे वहीं रह रहा था। नई सरकार ने इनके घोटालों की जांच के आदेश दिए थे। इंटरपोल ने पिछले साल ही इनके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। एजेंसी



अतुल गुप्ता



राजेश गुप्ता

### प्रत्यर्पण संधि न होने का लाभ उठा रहे थे

दक्षिण अफ्रीका और यूएई में पहले प्रत्यर्पण संधि नहीं थी। इसके कारण गुप्ता बंधु दुबई में टिके हुए थे। जून, 2021 में दोनों देशों के बीच संधि हो गई। इसके बाद, दक्षिण अफ्रीका ने प्रत्यर्पण का अनुरोध किया। साथ ही, इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस का भी हवाला दिया।

**औली में बेटों की शादी पर खर्च किए थे 200 करोड़ :** पैसे कमाने के साथ ही गुप्ता बंधु पैसा उड़ाने के लिए भी मशहूर हैं। 2019 में उनके बेटों की शादी उत्तराखंड के औली में हुई, जिसमें पानी की तरह पैसा बहाया गया। बताया जाता है कि करीब 200 करोड़ रुपये इस शादी में खर्च हुए। स्विट्जरलैंड से पांच करोड़ रुपये के तरह-तरह के फूल मंगवाए गए और शादी की जगह को सजाया गया था।

### राष्ट्रपति जुमा के कार्यकाल में भ्रष्टाचार का आरोप

मूल रूप से सहारनपुर का रहने वाला गुप्ता परिवार 1990 के दशक में दक्षिण अफ्रीका गया था। वहां उन्होंने जूते की दुकान खोली और जल्द ही आईटी, मीडिया और खनन कंपनियों में कारोबार करने लगे। इनमें से अधिकांश अब बिक चुकी हैं या बंद हो गई हैं। 2016 में वे दक्षिण अफ्रीका के 16वें सबसे अमीर लोगों में शामिल थे। उस समय उनकी संपत्ति करीब 78 करोड़ डॉलर यानी 60 अरब रुपये थी।

- गुप्ता परिवार के 2018 में दक्षिण अफ्रीका छोड़ने के बाद व्यापक विरोध-प्रदर्शनों के बीच तत्कालीन राष्ट्रपति जैकब जुमा को पद से हटाते हुए सिरिल रामफोसा को कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया गया था।

**7,575** करोड़ रुपये की अवैध कमाई

### कई लोगों ने दी घोटालों की गवाही

कई गवाहों ने दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति के रूप में जुमा के नौ साल के कार्यकाल में हुए बड़े घोटालों व कैबिनेट मंत्रियों की नियुक्तियों में गुप्ता बंधुओं की भूमिका होने की गवाही दी।

- कर चोरी को खत्म करने वाले संगठन के अनुसार देश से भागने के पहले गुप्ता बंधुओं ने करीब 15 अरब रैंड यानी 7,575 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की थी।

### दिल्ली में मसालों के काम के बाद अर्श पर पहुंचे

गुप्ता बंधुओं ने सहारनपुर से निकलने के बाद सबसे पहले दिल्ली में मसालों का काम किया। 1993 में जब भारत वैश्वीकरण की ओर बढ़ रहा था तब वे नया मौका ढूंढने के लिए दक्षिण अफ्रीका पहुंच गए। यहां वे देश के सबसे ताकतवर लोगों में शुमार हो गए।

## अलकायदा की यूपी-दिल्ली समेत चार राज्यों में आत्मघाती हमले की धमकी

### भाजपा प्रवक्ता की टिप्पणी मामले पर चेतावनी के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा

**नई दिल्ली।** आतंकी संगठन अलकायदा ने पैगंबर मोहम्मद पर निलंबित भाजपा प्रवक्ता की टिप्पणी को लेकर उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में आत्मघाती हमले की धमकी दी है। इसके बाद राज्यों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अलकायदा ने कहा, कुछ दिन पहले हिंदुत्व के प्रचारक ने टीवी डिबेट में इस्लाम धर्म और पैगंबर मोहम्मद का अपमान किया था। इससे दुनियाभर के मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंची थी।

अलकायदा इन सबकॉन्टीनेंट ने सोशल मीडिया पर धमकी दी है कि भगवा वालों को दिल्ली, मुंबई, यूपी, गुजरात में अपने अंत के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्हें घर या सैन्य छावनी, कहीं भी शरण नहीं मिलेगी। शरीर पर बम बांधकर सभी को उड़ा देंगे। धमकी भरे बयान में कहा है, हम अपने पैगंबर के लिए लड़ेंगे और हम दूसरों से अपने पैगंबर के सम्मान के लिए लड़ने व मरने का आग्रह करेंगे। एजेंसी

>> ठाणे में नूपुर के खिलाफ केस : पेज 11

### खाड़ी देशों से बने रहेंगे अच्छे रिश्ते : गोयल

**कोच्चि/दुबई।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में भाजपा ने आवश्यक कार्रवाई की है। लिहाजा, नाराज खाड़ी देशों के साथ भारत के अच्छे रिश्ते जारी रहेंगे। गोयल ने कहा, प्रतिक्रिया जाहिर करने वाले सभी देशों के साथ हमारे रिश्ते प्रगाढ़ बने रहेंगे। विदेश मंत्रालय भी संबंधित देशों को स्पष्टीकरण दे चुका है। इन देशों में रहने वाले सभी भारतीय सुरक्षित हैं और उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। एजेंसी

- **मुस्लिम देशों के विरोध अभियान में इराक और लीबिया भी शामिल हो गए। पाकिस्तान समेत 14 देश अब तक विरोध जता चुके हैं।**

**संयुक्त राष्ट्र ने कहा, सभी धर्मों का सम्मान हो**

मुस्लिम देशों के विरोध के बीच संयुक्त राष्ट्र ने सभी धर्मों को सम्मान देने की बात कही है। प्रवक्ता स्टीफेन दुजारिक ने कहा, हम सभी धर्मों के लिए सहिष्णुता को बढ़ावा देते हैं।

## संवेदनशील मुद्दे पर सुर्खियां बटोरने का प्रयास गलत : कोर्ट

### धार्मिक भावनाएं आहत करने की याचिका खारिज

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग की जानकारी के बाद भी वहां वजूस्थल बनाकर हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद के संयुक्त सचिव सहित अज्ञात लोगों पर केस दर्ज करने की मांग से जुड़ी याचिका को विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सर्वोत्तमा नागेश वर्मा की कोर्ट ने सुनवाई के योग्य नहीं माना।

राजाआनंद ज्योतिसिंह की याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने सख्त टिप्पणी में कहा-ज्ञानवापी के सिविल वाद व सर्वे के तथ्य अलग हैं। मामला संवेदनशील है, सिविल कोर्ट में विचाराधीन है। लगता है, वादी ने संवेदनशील मुद्दे पर निजी हित साधने व सुर्खियों में बने रहने के लिए अर्जी दी है। यह कदापि उचित नहीं है। वाद पोषणीय न होने से खारिज किया जाता है। संवाद

>> नियमित पूजा पर सुनवाई पूरी : पेज 9

**ज्ञानवापी मामला**

## सर्वे का आदेश देने वाले जज को धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई

### रजिस्टर्ड डाक से आए दो पेज के पत्र की जांच शुरू

**वाराणसी।** ज्ञानवापी में कमीशन की कार्यवाही (सर्वे) का आदेश देने वाले सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार दिवाकर को इस्लामिक आगाज मूवमेंट की ओर से धमकी भरा पत्र मिलने के बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने बताया, रजिस्टर्ड डाक से आए दो पेज के पत्र की जांच की जा रही है।

पत्र में लिखा है, आप मस्जिद को मंदिर घोषित कर देंगे। एक माह पूर्व सर्वे का आदेश देने के दौरान ही जज ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। नई दिल्ली स्थित बहादुर शाह जफर मार्ग के पते से आए पत्र में काशिफ अहमद सिद्दीकी ने खुद को मूवमेंट का अध्यक्ष बताते हुए लिखा है, अब न्यायाधीश भी केसरिया-भगवा रंग में सराबोर हो चुके हैं। फैसला हिंदुओं को खुश करने के लिए सुनाते हैं, ठीकरा विभाजित भारत के मुसलमानों पर फोड़ते हैं। ब्यूरो

### अवनि ने विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता सोना



**नई दिल्ली।** टोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने वाली पैरा शूटर अवनि लेखरा ने चैट्यूरॉक्स (फ्रांस) पैरा शूटिंग विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल एसएच-1 का न सिर्फ स्वर्ण जीता बल्कि विश्व रिकॉर्ड के साथ 2024 के पेरिस पैरालंपिक का टिकट भी हासिल कर लिया।

13

### चोकसी के घोटाले से पत्नी ने भी उठाया फायदा : ईडी

**मुंबई।** पीएनबी मामले में फरार मेहुल चोकसी की पत्नी प्रीति को भी घोटाले से फायदा मिला। यह दावा करते हुए ईडी ने विशेष अदालत में दायर पूरक आरोप पत्र में प्रीति को भी आरोपी बनाया है।

11

## सीडीएस की नियुक्ति में सरकार ने बढ़ाया दायरा

**नई दिल्ली।** देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत की मौत के छह महीने बाद केंद्र सरकार ने उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति की पहल करते हुए संबंधित कानून में बदलाव किया है।

इस बदलाव के बाद देश के सर्वोच्च सैन्य अधिकारी की नियुक्ति के लिए तैयार किए जाने वाले अधिकारियों के पैनल में अब कार्यरत के साथ रिटायर्ड सेना, नौसेना और वायुसेना अधिकारियों को भी शामिल किया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने सीडीएस नियुक्ति से संबंधित नियमों में बदलाव संबंधी गजट अधिसूचनाएं सोमवार को जारी कीं। एजेंसी

### नियमों में बदलाव : 62 वर्ष से कम उम्र के सेवानिवृत्त प्रमुख व 3-स्टार अधिकारी पात्र


अधिसूचना के अनुसार, सीडीएस नियुक्त करते समय सरकार अब वर्तमान में कार्यरत लेफ्टि जनरल और समकक्ष या जनरल और समकक्ष अथवा रिटायर्ड अधिकारियों में लेफ्टिनेंट जनरल और समकक्ष या जनरल और समकक्ष अधिकारियों को चुन सकती है। नियुक्ति के समय इनकी उम्र 62 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। समकक्ष का आशय नौसेना और वायुसेना में इन पदों के समकक्ष अधिकारियों से है।

- सरकार ने थल सेना, नौ सेना और वायुसेना, तीनों के लिए संशोधन की तीन-तीन अधिसूचनाएं जारी की हैं।

## रेलिगेयर के पूर्व एमडी गोधवानी गिरफ्तार

### 800 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप

**नई दिल्ली।** आर्थिक अपराध शाखा ने 800 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में रेलिगेयर इंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुनील गोधवानी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक वर्ष 2020 में गोधवानी के खिलाफ शिकायत की गई थी।



गोधवानी पहले से ही रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड (आरएफएल) में कथित हेराफेरी के मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा में दर्ज एक मामले में न्यायिक हिरासत में है। संयुक्त पुलिस आयुक्त छाया शर्मा ने बताया कि गोधवानी पहले से ही हिरासत में था। 800 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में उसे मंगलवार को प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया और पूछताछ में साक्ष्य मिलने पर गिरफ्तार कर लिया गया। ब्यूरो

## सवा करोड़ घूस लेकर पेड़ कटवाए, पूर्व मंत्री गिरफ्तार

### पंजाब : साधुसिंह धर्मसोत को सलाहकारों के साथ दबोचा

**चंडीगढ़।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने मंगलवार को कांग्रेस सरकार में वन मंत्री रहे साधुसिंह धर्मसोत समेत उनके दो सलाहकार कमलजीत सिंह और चमकौर सिंह को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पूर्व मंत्री पर आरोप है कि वह एक पेड़ की कटाई पर 500 रुपये का कमीशन लेते थे। पूरे कार्यकाल के दौरान उन्हें करीब 1.25 करोड़ रुपये का कमीशन का भुगतान किया गया था।

मोहाली की अदालत ने उन्हें और उनके दोनों साथियों को तीन दिन के विजिलेंस रिमांड पर भेज दिया है। विजिलेंस की एफआईआर में चन्नी सरकार में वन मंत्री बने पूर्व मंत्री संगत सिंह गिलजियां और उनके पीए का भी नाम शामिल है। गिजलियां पर 6.40 करोड़ रुपये घूस लेने का आरोप है। विजिलेंस की टीम ने धर्मसोत को उनके अमलोह स्थित घर से गिरफ्तार किया। कमलजीत को श्रीमाछीमावड़ा साहिब स्थित ससुराल से और चमकौर सिंह को पटियाला से गिरफ्तार किया। ब्यूरो

### तबादले-खरीदारी में भी धांधली



विजिलेंस ने सोमवार को दो पूर्व मंत्री समेत कुल नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। धर्मसोत पर रिश्वखोरी के अलावा परमिट जारी करने में अनियमितताओं सहित अधिकारियों के तबादले, खरीदारी और एनओसी में धांधली करने के आरोप हैं।

### छात्रवृत्ति घोटाले में भी थे आरोप

धर्मसोत पर मंत्री रहते पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति घोटाले के आरोप भी लगे थे। कांग्रेस सरकार ने उन्हें क्लीनचिट दी थी।

**सिद्धू मामले से ध्यान हटाने की साजिश :** धर्मसोत के भाई मंगत राम ने आरोप लगाया कि सिद्धू मूसेवाला केस से ध्यान हटाने के लिए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई भी बताया।

## दूरदराज के बूथों में चुनाव ड्यूटी पर दोगुना मानदेय

- मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की कवायद

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने दूरदराज के बूथों पर चुनाव कराने जाने वाले कर्मियों को मिलने वाली राशि को दोगुना करने का फैसला लिया है। बढ़ी हुई राशि उन कर्मियों को मिलेगी, जिन्हें केंद्र पर पहुंचने के लिए तीन दिन पहले ही निकलना होता है।



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कुछ दिन पहले उत्तराखंड में ऐसे ही एक दूरस्थ मतदान केंद्र का घंटों पैदल चलकर जायजा लिया था और उसके बाद आयोग ने मंगलवार को एक बैठक में यह फैसला किया। आयोग ने केंद्र से दूर रहने वालों के लिए रिमोट वोटिंग का भी सुझाव दिया है। एजेंसी

### कार्यालयों में नोडल अफसर होंगे तैनात

अब 500 से अधिक कर्मियों वाले सभी केंद्रीय और राज्य सरकारों के विभाग, पीएसयू और कॉरपोरेट ऑफिस नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करेंगे। ये मतदान के नाम पर छुट्टी लेने लेकिन वोट नहीं डालने वाले कर्मियों पर नजर रखेंगे।

- ईवीएम-वीवीपैट मशीनों को ढोने के लिए वाटर और शॉकप्रूफ बैगपैक विकसित किए जाएंगे। ताकि कठिन हालात में कर्मी पीठ पर इन्हें सुरक्षित लेकर जा सकें।


## कैंसर के 18 रोगी परीक्षण के दौरान पूरी तरह स्वस्थ

### पहली बार ऐसी कामयाबी : 100 फीसदी असरदार साबित हुई नई दवा 'डॉस्टरलिमैब'

**न्यूयॉर्क।** कैंसर के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि एक दवा ने परीक्षण के दौरान सभी 18 मरीजों में कैंसर को 100 फीसदी तक खत्म कर दिया था। मलाशय यानी रेक्टल कैंसर के इलाज में प्रयोग की गई 'डॉस्टरलिमैब' नामक दवा के शुरुआती परीक्षण से डॉक्टर भी हैरान हैं।

न्यूयॉर्क में मेमोरियल स्लोन केटरिंग कैंसर सेंटर में किया गया यह क्लिनिकल परीक्षण बहुत कम समय में पूरा हो गया। परीक्षण के दौरान कैंसर के 18 मरीजों को शामिल किया गया था। इन मरीजों को छह महीने तक 'डॉस्टरलिमैब' दी गई। छह महीने के बाद 18 के 18 मरीज पूरी तरह से ठीक हो चुके थे। उनमें कैंसर को कोई भी लक्षण नहीं दिख रहा था।

डॉक्टरों ने उम्मीद जताई है कि अब कैंसर के स्थायी इलाज के लिए इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। सेंटर के डॉक्टर लुइस डियाज ने कहा, ऐसा पहली बार हुआ है। यह वास्तव में अचंभित कर देने वाला परिणाम है। मुझे लगता है कि मलाशय के कैंसर से जूझ रहे मरीजों के लिए यह दवा वरदान साबित हो सकती है। एजेंसी



**मात्र छह महीने में ठीक हो गए मरीज, नहीं पड़ी रेडियोथेरेपी की जरूरत**

### दवा में मौजूद है विशेष तरह का प्रोटीन

डॉस्टरलिमेब एक मोनोक्लोनल दवा है, जो मानव शरीर में एंटीबॉडी के रूप में काम करती है। मोनोक्लोनल एंटीबॉडी कैंसर कोशिकाओं की सतह पर पीडी-1 नामक विशेष प्रोटीन के साथ मिलकर काम करती है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को कैंसर कोशिकाओं की पहचान करके उन्हें नष्ट करने में प्रभावी है।

**ऐसे किया गया परीक्षण :** परीक्षण के दौरान मरीजों को छह महीने तक हर तीन सप्ताह में इसकी खुराक दी गई। परीक्षण में शामिल किसी भी मरीज की कीमोरेडियोथेरेपी या सर्जरी नहीं हुई थी। इस दौरान कैंसर मलाशय से शरीर के अन्य अंगों में नहीं फैला और न ही किसी मरीज की तबीयत बिगड़ी।

### सफलता के बाद डॉक्टरों की आंखों में थे आंसू

न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित स्टडी की सह लेखक डॉ. एंड्रिया सेर्सेक ने कहा कि परीक्षण के परिणामों ने सभी की आंखों में खुशी के आंसू ला दिए। हम उम्मीद कर सकते हैं कि इस लाइलाज बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है। यह मरीजों को कीमोथेरेपी के बाद होने वाली समस्याओं से भी बचाती है।

**इतनी है दवा की कीमत**

अमेरिका में डॉस्टरलिमेब की 500एमजी खुराक की कीमत लगभग आठ लाख रुपये (11,000 डॉलर) है। जबकि, ब्रिटेन में यह प्रति खुराक 5,887 पाउंड में उपलब्ध है।


## सर्दी, खांसी, दर्द और खुजली की 16 दवाएं बिना डॉक्टरी सलाह के मिलेंगी

### स्वास्थ्य मंत्रालय का औषधि नियमावली में संशोधन का प्रस्ताव

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्दी-खांसी, दर्द या त्वचा के संक्रमण में उपयोग होने वाली पैरासिटामोल, एंटी-फंगल समेत 16 तरह की दवाएं जल्द ही बिना डॉक्टरी सलाह के खरीदी जा सकेंगी।

केंद्र सरकार इन्हें ओवर-द-काउंटर श्रेणी में रखने जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसके लिए औषधि नियमावली 1945 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। एक महीने में इसका आदेश जारी हो सकता है। नोटिफिकेशन के बाद इन दवाओं को अधिकतम 5 दिन के लिए बिना डॉक्टर की सिफारिश के खरीदा जा सकेगा। अगर मरीज को फिर भी आराम न मिले, तो उसे डॉक्टर के पास जाना होगा।



### ये दवाएं भी शामिल

एंटीसेप्टिक व डिसइन्फेक्शन के लिए उपयोगी पोविडोन आयोडीन, जिंजीवाइटिस के लिए माउथवॉश क्लोरहेक्सिडिन, एंटी फंगल क्रीम क्लोट्रिमाजोल, खांसी में ली जाने वाली हाइड्रोब्रोमाइड लोजेंजेज, दर्द निवारक बाम डाइक्लोफिनेक, मुंहासों के लिए एंटी बैक्टीरियल बेन्जोयल पेरोक्साइड, एलर्जी में लिए जाने वाले डिफेनहाइड्रामाइन कैप्सूल, पेरासिटामोल, बंद नाक खोलने की ड्रॉप्स और लैक्सेटिव।




# गर्मी से नहीं, हरियाणा के हठ से प्यासी दिल्ली

## वजीराबाद बैराज में छह फीट नीचे स्थिर हुआ सामान्य जलस्तर, हरियाणा से पानी विवाद नहीं सुलझने का परिणाम

विनोद डबास

**नई दिल्ली।** हरियाणा के साथ यमुना नदी में पानी छोड़ने का ताजा विवाद नहीं सुलझ सका है। हरियाणा के हठ के कारण दिल्ली में जल संकट गहरा गया है। प्रचंड गर्मी में हरियाणा के लोग दिल्लीवालों के हिस्से का पानी पी रहे हैं।

नतीजतन, वजीराबाद बैराज में जलस्तर करीब एक महीने से छह फिट नीचे बना हुआ है। अब तक बैराज में सामान्य जलस्तर 674.50 फीट रहता था। पानी की कमी के कारण वर्तमान में 668.30 फीट पर स्थिर हो गया है।

12 मई से हरियाणा से यमुना नदी में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। इसका असर वजीराबाद बैराज पर साफ नजर आ रहा है। बैराज का सामान्य जलस्तर 674.50 फीट से गिरकर 668.30 फीट पर स्थिर हो गया है। उधर, हरियाणा कई बार स्पष्टीकरण दे चुका है कि उसने पानी छोड़ने में कोई कटौती नहीं की है और वह पर्याप्त पानी छोड़ रहा है, लेकिन हकीकत साफ नजर आ रही है। हरियाणा के इस रुख से यमुना के लिए अधिक पानी मिलना मुश्किल लग रहा है। जानकारों का मानना है कि बैराज के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं होने की स्थिति में नई दिल्ली समेत करीब 30 करीब प्रतिशत दिल्लीवासियों को गर्मी के मौसम में इस बार की तरह हर साल पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

**674.50** फीट जलस्तर वजीराबाद में रहता था

**668.30** फीट तक जलस्तर गिर गया है


फाइल फोटो

**इन इलाकों में ज्यादा परेशानी**

नई दिल्ली, सिविल लाइन, हिंदू राव अस्पताल, कमला नगर, शक्ति नगर, करोल बाग, पहाड़ गंज, राजेंद्र नगर, पटेल नगर, बलजीत नगर, प्रेम नगर, इंद्रपुरी, कालकाजी, गोविंदपुरी, तुगलकाबाद, संगम विहार, अंबेडकर नगर, प्रह्लादपुर, रामलीला ग्राउंड, दिल्ली गेट, सुभाष पार्क, मॉडल टाउन, गुलाबी बाग, पंजाबी बाग, जहांगीरपुरी, मूलचंद, साउथ एक्सटेंशन, ग्रेटर कैलाश, बुराड़ी, दिल्ली छावनी और आसपास के क्षेत्रों में 12 मई से पेयजल संकट बना हुआ है।

### राजधानी के 70 प्रतिशत हिस्से में जल संकट

वजीराबाद बैराज से दिल्ली जल बोर्ड के वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला जल शोधक संयंत्र जुड़े हुए हैं। इन तीनों संयंत्रों से करीब 250 एमजीडी पानी की आपूर्ति नई दिल्ली, उत्तरी दिल्ली के तमाम इलाकों के समेत दिल्ली के करीब 30 प्रतिशत इलाकों में की जाती है। हरियाणा से पर्याप्त पानी नहीं आने के कारण इन इलाकों में पेयजल संकट खड़ा हो गया है। हालांकि दिल्ली जल बोर्ड इन इलाकों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए मुनक नहर से जुड़े हैदरपुर, नांगलोई, बवाना एवं द्वारका जल शोधक संयंत्रों के पानी में कटौती करके उसे वजीराबाद व चंद्रावल जल शोधक संयंत्र में पहुंचा रहा है, लेकिन जल बोर्ड के इस कदम से वजीराबाद व चंद्रावल संयंत्रों से जुड़े इलाकों को कोई खास राहत नहीं मिल पाई है। वहीं, हैदरपुर, नांगलोई, बवाना एवं द्वारका संयंत्रों से जुड़े इलाकों में भी पानी की किल्लत हो गई है।

**दूसरे राज्यों पर निर्भर है दिल्ली**

दिल्ली के पास पानी का अपना कोई स्रोत नहीं है। यह पानी के मामले में पूरी तरह से दूसरे राज्यों पर निर्भर है। इस कारण दिल्ली में पानी की आपूर्ति और मांग के बीच निरंतर अंतर रहता है। दिल्ली में पानी की मांग करीब 1150 एमजीडी है और दिल्ली जल बोर्ड से करीब 990 एमजीडी पानी की आपूर्ति हो रही है। पानी की मांग एवं आपूर्ति में 160 एमजीडी का अंतर है। दिल्ली जल बोर्ड अपने नौ संयंत्रों, ट्यूबवेलों, रैनीवाल से 900 एमजीडी पेयजल आपूर्ति करता है। वजीराबाद, चंद्रावल व ओखला संयंत्र को यमुना नदी से कच्चा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि हैदरपुर, नांगलोई, द्वारका व बवाना संयंत्र को मुनक नहर से भी कच्चा पानी मिलता है।

## तापमान

43° अधिकतम | 28° न्यूनतम

सूर्योदय 5:23 सुबह

सूर्यास्त 7:18 शाम


स्थानीय समयानुसार

**आज का पूर्वानुमान**

दिनभर तेज धूप निकलेगी व पारा चढ़ेगा। 25 से 35 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलेगी।

## शहर में आज

### बॉलीवुड के सितारे से होगी मुलाकात



**संगरीला होटल :** शाम छह बजे बॉलीवुड के सितारे सुनील शेट्टी से खास मुलाकात होगी।

**केएनएमए आर्ट गैलरी, साकेत** सुबह 9.30 बजे अतुल डोडिया द्वारा बनाई गई बेहतरीन तस्वीरों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें भारतीय आधुनिकतावाद से जुड़े कई चित्र देखने को मिलेंगे।

### फोटोग्राफी प्रदर्शनी का आयोजन होगा

**साकेत :** सुबह 10.30 बजे किरन नादर म्यूजियम में 'बोनजोर इंडिया कन्वर्जेंस : भारत-फ्रांस संबंध का भारत मे असर' विषय पर आधारित फोटो प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

### साइकिल चैलेंज प्रतियोगिता

**तीस हजारी मेट्रो स्टेशन :** सुबह 6 बजे लोगों को फिट रखने और स्वस्थ रखने के लिए अखिल भारतीय दौड़ और साइकिल रैली निकाली जाएगी।

# पीएम के पास केंद्रीय एजेंसियों की ताकत, हमारे साथ भगवान

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री और भाजपा पर साधा निशाना

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी के सभी नेताओं ने एक बार फिर दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन का बचाव किया है।


वहीं, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापामारी के मामले में केंद्र और भाजपा को कटघरे में खड़ा किया है। केजरीवाल का कहना है कि प्रधानमंत्री पूरी ताकत के साथ आप के पीछे पड़े हैं। उनके पास केंद्रीय एजेंसियों की ताकत है, तो आप के साथ भगवान है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि घंटों की छापामारी के बाद सत्येंद्र जैन के घर सिर्फ 2.79 लाख रुपये ही ईडी को मिले हैं। सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया कि जैन को जबरदस्ती फंसाने के लिए किसी भी आदमी को भाजपा उनका करीबी बता रही है।

ईडी की छापामारी में करोड़ों रुपये मिलने की खबरें आने के बाद मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया कि इस वक्त प्रधानमंत्री पूरी ताकत के साथ आप के पीछे पड़े हैं। खासकर, दिल्ली और पंजाब की सरकारों के। झूठ पर झूठ बोला जा रहा है। सिसोदिया ने ट्वीट किया कि भाजपा ने झूठ की सारी सीमाएं तोड़ दी है।


अरविंद केजरीवाल

**कहा- सत्येंद्र जैन के मामले में लगातार बोला जा रहा है झूठ**

**सिसोदिया ने कहा ईडी को मिले सिर्फ 2.79 लाख रुपये**


मनीष सिसोदिया

### भाजपा ने फैलाई अफवाह : भारद्वाज

आप के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने मीडिया से बात कर कहा कि सत्येंद्र जैन के घर पर कुछ नहीं मिलने पर भाजपा वाले इज्जत बचाने में लग गए।



आरोप है कि भाजपा ने अब अफवाह फैलाई है कि जैन के घर करोड़ों रुपये और सोने के सिक्के मिल गए हैं, लेकिन क्या मिला, यह नहीं बता रहे हैं। भारद्वाज के मुताबिक, ईडी वाले कल सुबह सात बजे से रात दो बजे तक तलाशी लेते रहे। इतनी लंबी छापामारी के बाद ईडी ने अपने सीजर मेमो (पंचनामा) में लिखा है कि जांच के बाद विभिन्न दस्तावेज, एक डिजिटल डिवाइस, दो लॉकर की चाबी सीज की गई हैं। इसके अलावा 2,79,200 रुपये मिले, जिन्हें सीज नहीं किया गया है, क्योंकि उसकी अकाउंटिंग मौजूद थी।

### सत्येंद्र जैन को मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल कुमार ने केजरीवाल से सत्येंद्र जैन को मंत्री पद बर्खास्त करने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि कई मंत्री और विधायकों पर भी मामले चल रहे हैं। जल्द ही ये बस दिल्ली की जनता के सामने उजागर होंगे। केजरीवाल पहले ऐसे मुख्यमंत्री है जो भ्रष्टाचारियों को गद्दार घोषित करने की बात तो सार्वजनिक तौर पर कहते हैं, लेकिन जब अपने मंत्रियां विधायकों पर भ्रष्टाचार साबित होता है उन्हें बचाने की कोशिश करते हैं।



### 'फेल साबित हुई छापामारी'

**आप** ने दावा किया है कि सत्येंद्र जैन के घर पर ईडी की छापामारी फेल साबित हुई है। उनके यहां से महज 2.79 लाख रुपये मिले हैं और यह रुपये अकाउंटेड होने की वजह से उन्हें भी सीज नहीं किया है। इस संबंध में ईडी के सीजर मेमो में साफ लिखा हुआ है। इस तरह यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईडी की क्लीन चिट है। वहीं, भाजपा ने झूठ फैलाया कि करोड़ों रुपये और सोने के सिक्के मिले हैं।

### आखिर इस्तीफा क्यों नहीं ले रहे : भाजपा

**नई दिल्ली।** सत्येंद्र जैन मामले में भाजपा ने सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, आखिर अरविंद केजरीवाल जैन का इस्तीफा क्यों नहीं ले रहे। ऐसे ही उन्होंने पहले अपने मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर का भी बचाव किया था। बाद में उन्हें फर्जी डिग्री होने के कारण हटाना पड़ा था। अब केजरीवाल जैन के लिए पद्म पुरस्कार की मांग कर चुके हैं। असल में आम आदमी पार्टी को घोटाले करने के लिए पदक मिलना चाहिए। एजेंसी

## अस्पताल में बढ़ने लगे उल्टी-दस्त घबराहट के मरीज

**नई दिल्ली।** राजधानी में दिन प्रति दिन गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। सूरज के कड़े तेवरों के साथ दिल्ली के अस्पतालों में उल्टी, घबराहट, उच्च रक्तचाप व दस्त के मरीज बढ़ रहे हैं। इसे लेकर अस्पतालों का स्टॉफ भी सक्रिय हो गया है। साथ ही डॉक्टरों को भी गर्मी में मरीजों के इलाज को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि यदि जल्द ही गर्मी के तेवर कम नहीं हुए तो आने वाले दिनों में अस्पतालों में मरीजों की संख्या में और भी इजाफा हो सकता है।

**डॉक्टरों ने दी सतर्कता बरतने की सलाह**

दिल्ली के बड़े अस्पतालों में शामिल लोक नायक अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि बीते दिनों से पारा चढ़ने से अस्पताल के आपातकालीन विभाग में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। यहां आने वाले अधिकांश मरीज उल्टी, दस्त, घबराहट व उच्च रक्तचाप की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन ऐसे पहुंचने वाले मरीजों की संख्या दो से तीन है। इन मरीजों को प्राथमिक उपचार देकर वार्ड में भर्ती किया जा रहा है। वर्तमान में वॉर्ड में भर्ती ऐसे मरीजों की कुल संख्या सात है। डॉ. सुरेश ने कहा कि गर्मी अधिक पड़ रही है। इसको देखते हुए लोगों को धूप के सीधे संपर्क में आने से बचना चाहिए। ब्यूरो

## तल्ख रहे सूरज के तेवर आज भी नहीं मिलेगी राहत


दिल्ली में गर्मी से बचने के लिए बच्चे को ढककर ले जाती महिला। - अमर उजाला


अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजधानी में गर्मी लगातार अपना प्रचंड रूप दिखा रही है। इस कड़ी में मंगलवार को भी दिल्ली के विभिन्न इलाकों में पारा 46 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। दिनभर गर्मी व उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। सूरज ढलने के बाद भी उमस से लोगों को राहत नहीं मिली। उधर, मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में भी गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं जताई है। विभाग का पूर्वानुमान है कि मौसम साफ रहने के साथ तेज रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

मौसम विभाग के मुताबिक, बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान सामान्य से तीन अधिक 43.5 व न्यूनतम तापमान सामान्य के बराबर 27.6 डिग्री सेल्सियस रहा। दिनभर तेज धूप निकलने के साथ लोग गर्मी से अधिक परेशान रहे। मध्यम रफ्तार से चल रही हवा लू के थपेड़ों की तरह महसूस हुई। गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों ने शीतल पेय पदार्थों का सहारा लिया।

### मुंगेशपुर, स्पोर्ट्स कांप्लेक्स रहा सबसे गर्म इलाका

दिल्ली का मुंगेशपुर और स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का इलाका 46.3 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रहा। इसके बाद नजफगढ़ में 45.9 व जफरपुर में 44.7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम पारा रहा। नोएडा में 44.1 व गुरुग्राम में 42.6 डिग्री सेल्सियस अधिकतम पारा रिकॉर्ड किया गया। तापमान अधिक होने की वजह से इन इलाकों में गंभीर स्तर की लू रिकॉर्ड की गई। बता दें कि जब पारा 40 या उससे अधिक व सामान्य से साढ़े छह डिग्री सेल्सियस अधिक होता है, तब गंभीर स्तर की लू की घोषणा होती है। वहीं, पारा सामान्य से साढ़े चार डिग्री सेल्सियस अधिक होने पर लू घोषित की जाती है।



**मुख्यमंत्री निवास के पास हनुमान चालीसा का पाठ**

**नई दिल्ली।** महाकाल मानव सेवा समिति के पदाधिकारियों ने राजधानी में मुस्लिम मौलानाओं को वेतन और पेंशन मिलने का विरोध करते हुए मुख्य मंत्री निवास पास हनुमान चालीसा का पाठ किया। उन्होंने मंदिरों के साधु संतों व महंतों को भी वेतन व पेंशन देने की मांग की। समिति की प्रमुख कंचन गिरी ने कहा कि वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मांग करते हैं कि मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले साधु, संतों और महंतों को भी सरकार वेतन और पेंशन दे। ब्यूरो

## मुख्यमंत्री ने शाह से मांगा मिलने का समय

**नई दिल्ली।** कश्मीर में लगातार हो रहे आत्मघाती हमले को देखते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिलने का समय मांगा है। मीडिया से बात करते हुए केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने शाह को मिलने के लिए चिट्ठी लिखी है। उम्मीद जताई कि केंद्रीय गृहमंत्री जल्द ही मिलने का समय देंगे। ब्यूरो

# 35 वाला नारियल पानी 60 में, तरबूज 20 रुपये पार

## तापमान बढ़ने के साथ ठंड पहुंचाने वाले पेय व फलों की कीमत में लगी आग, डेढ़ गुना से ज्यादा आया उछाल

शुभम बंसल

**नई दिल्ली।** राजधानी को तपा देने वाली गर्मी में सरेराह गला तर करने वाले पेय और फलों की कीमतों में भी आग लग गई है।

डीजल की बढ़ती कीमतों ने इसमें घी का काम किया है। फुटपाथ पर मिलने वाला नारियल पानी और तरबूज बीते दो महीने में डेढ़ गुना से ज्यादा महंगा हो गया है। 35-40 रुपये में मिलने वाला नारियल पानी इस वक्त 60 रुपये से ऊपर बिक रहा है, जबकि तरबूज की कीमत 10 से 20 रुपये प्रतिकिलो तक पहुंच गई है। 45 डिग्री के करीब पारा पहुंचने के साथ इस वक्त नारियल पानी, तरबूज समेत गर्मी से राहत दिलाने वाली इसी तरह की दूसरी चीजों की मांग भी बढ़ी है। कारोबारी बताते हैं कि मांग में उछाल आने और डीजल की कीमत बढ़ने से इनकी कीमतें आसमान छू रही हैं। मसलन, दक्षिण भारत से आजादपुर मंडी पहुंचने वाला एक ट्रक नारियल का किराया 1.20 लाख रुपये होता था, जबकि इस वक्त किराया 1.76 लाख के आसपास है। शंकर रोड पर बीते 10 साल से नारियल पानी बेच रहे बरेली के जीशान का कहना है कि इस वक्त मंडी में ही एक नारियल की कीमत 40 के करीब है। यहां तक लाने आदि का खर्च जोड़ने से फुटकर में इसकी कीमत 60 रुपये हो जाती है। वहीं, जो तरबूज पहले 10-12 रुपये प्रतिकिलो था, इस वक्त यह 20 रुपये से ऊपर बिक रहा है।

रिज रोड पर बीते 20 साल से तरबूज और नारियल पानी की रेहड़ी लगाने वाले फहीम बताते हैं कि पहली बार इतनी महंगाई है। पहले एक बार में वह करीब 500 नारियल लाते थे और तब प्रति एक को 40 रुपये में बेचते थे, लेकिन मंडी में महंगा मिलने से इसे 60 रुपये में बेचना पड़ रहा है।


दिल्ली के शंकर रोड पर नारियल पानी बेचता दुकानदार। - अमर उजाला

# टी-20 मैच के लिए मेट्रो के समय में किया गया बदलाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम (फिरोजशाह कोटला ग्राउंड) में बृहस्पतिवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले टी-20 क्रिकेट मैच के दौरान दर्शकों की सुविधा के लिए आखिरी मेट्रो के समय में बदलाव किया गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के मुताबिक, इस दौरान एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन को छोड़कर शेष सभी लाइनों पर आखिरी मेट्रो के परिचालन समय को आगे बढ़ाया गया है। यह स्टेडियम वॉयलेट लाइन के दिल्ली गेट और आईटीओ मेट्रो स्टेशनों के काफी नजदीक है। ग्रे लाइन पर द्वारका से आखिरी मेट्रो रात एक बजे ढांसा बस स्टैंड के लिए रवाना होगी। रेड लाइन पर नया बस अड्डा से रात 11.50 बजे, जबकि रिठाला से रात 12 बजे आखिरी मेट्रो रवाना होगी। येलो लाइन पर समयपुर बादली से 11.50, जबकि हुडा सिटी सेंटर से रात 11.20 पर आखिरी मेट्रो चलेगी। ब्लू लाइन पर नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी से रात 11.25, वैशाली से 11.30, द्वारका सेक्टर-21 से नोएडा के लिए रात 11.10, वैशाली के लिए 11.20 बजे आखिरी मेट्रो जाएगी। ग्रीन लाइन पर कीर्ति नगर से आखिरी मेट्रो रात 12.30 बजे और इंद्रलोक से 12.20 पर रवाना होगी। ब्रिगेडियर होशियार सिंह से कीर्ति नगर रात 11.35 और इंद्रलोक के लिए रात 11.30 बजे आखिरी मेट्रो जाएगी। कश्मीरी गेट से मध्यरात्रि (रात 12 बजे) आखिरी मेट्रो रवाना होगी, जबकि राजा नाहर सिंह से रात 10.55 पर रवाना होगी। पिंक लाइन पर मजलिस पार्क और शिव विहार से रात 11.40 बजे आखिरी मेट्रो रवाना होगी। मजेंटा लाइन पर रात 12.40 बजे रवाना होगी, जबकि बॉटनिकल गार्डन से आखिरी मेट्रो 12.30 बजे रवाना होगी। ग्रे लाइन पर द्वारका से रात एक बजे आखिरी मेट्रो चलेगी और ढांसा बस स्टैंड से 12.45 पर चलेगी।

**राजनीति** | राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव, तीनों प्रमुख पार्टियों के उम्मीदवारों के पास 25 हजार रुपये से कम नकदी

# पाठक पढ़ाई में अव्वल, भाटिया सबसे अमीर, प्रेमलता सातवीं पास

अमर उजाला ब्यूरो


**नई दिल्ली।** राजेंद्र नगर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे तीन प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशियों में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार दुर्गेश पाठक की शैक्षणिक योग्यता सर्वाधिक हैं।

पेशे से कारोबारी भाजपा प्रत्याशी राजेश भाटिया ने भी 12वीं तक की पढ़ाई की है, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता ने सातवीं तक की पढ़ाई की है। तीनों उम्मीदवार फिलहाल राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र में ही रहते हैं। इनमें भाजपा प्रत्याशी सबसे अमीर हैं। नामांकन में दाखिल हलफनामे के मुताबिक, तीनों प्रत्याशियों के पास नकदी महज 25 हजार रुपये से कम है। संपत्ति भले ही लाखों-करोड़ों की है, लेकिन कम नकदी होने से यह बात साफ होती है कि ऑनलाइन लेन-देन का प्रत्याशी भी खूब इस्तेमाल करते हैं। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपे गए हलफनामों के अनुसार, राजेश भाटिया ने 2,08,85,777 रुपये की चल संपत्ति घोषित की है, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता की 6,94,970 रुपये की चल संपत्ति है। दुर्गेश पाठक ने 6 लाख, 77 हजार, 980.11 रुपये की चल संपत्ति घोषित की है। 34 वर्षीय दुर्गेश के खिलाफ मानहानि का एक मामला दर्ज है। मार्च 2017 तक दुर्गेश पंजाब में आम आदमी पार्टी के प्रभारी थे और उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एमए की पढ़ाई की है। भाजपा की तरफ से उपचुनाव में विधायक पद के लिए दावेदारी कर रहे राजेश भाटिया भी पूर्व में पार्षद रह चुके हैं। भाजपा की प्रदेश इकाई के पूर्व महासचिव भी रहे हैं।

भाटिया ने राजेंद्र नगर के सिंधी बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल से 1981 में 12वीं की पढ़ाई की है। कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता इसी क्षेत्र के दसघरा गांव की रहने वाली हैं। 58 वर्षीय प्रेमलता जमीनी कार्यकर्ता के तौर पर काम करती रही हैं। पूसा वार्ड से निगम पार्षद रह चुकी हैं। नामांकन में दाखिल हलफनामे के मुताबिक, प्रेम लता के खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। उन्होंने सातवीं तक पढ़ाई की है।

**बगैर अनुमति लगाए पोस्टर : कांग्रेस :** कांग्रेस उम्मीदवार प्रेमलता ने चुनाव प्रचार करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ने चुनाव मैदान में करावल नगर से हारे हुए बाहरी उम्मीदवार को उतारा है। आरोप लगाया कि दोनों पार्टियों के उम्मीदवार दिल्ली नगर निगम की अनुमति के बगैर दीवारों पर पोस्टर लगाने में सरकारी मशीनरी का गैर कानूनी उपयोग कर रहे हैं।


दुर्गेश पाठक


राजेश भाटिया


प्रेमलता

### 14 प्रत्याशियों के नामांकन स्वीकृत


उपचुनाव के लिए कुल 14 प्रत्याशियों के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। सोमवार को नामांकन के आखिरी दिन 20 प्रत्याशियों ने कुल 32 नामांकन दाखिल किए थे। इनमें से सात पर्चे अस्वीकृत कर दिए गए हैं। 9 जून को नाम वापस लेने की आखिरी तारीख है। कई उम्मीदवारों ने एक से अधिक नामांकन फार्म दाखिल किए थे। इसके अलावा सात गैर पंजीकृत पार्टियों के प्रत्याशियों ने भी नामांकन किया है। अब चुनावी मैदान में फिलहाल 14 प्रत्याशियों को भाग्य आजमाने का मौका मिलेगा। इनमें 11 पुरुष और तीन महिलाएं हैं।

# जेल से कत्ल का फरमान, फेसबुक पर कुबूलनामा, व्हाट्सएप पर वसूली

## गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने जेल में रहते हुए देशभर में फैलाया नेटवर्क, स्पेशल सेल की पूछताछ में खुलासा

राजीव कुमार

**नई दिल्ली।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्रों का कहना है कि बिश्नोई व्हाट्सएप के जरिए वसूली करता था और वहीं से अपने शूटरों को कत्ल का फरमान सुनाता था। बाहर मौजूद शूटर उसके एक इशारे पर हत्या कर देते थे। फेसबुक पर कुबूलनामा उसका पुराना ट्रेंड रहा है। इससे पहले भी सोशल मीडिया पर वह अपनी बारदात कुबूलता रहा है।




गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई




जानकर आश्चर्य होगा कि बगैर हत्या किए उसका नाम देश के बड़े गैंगस्टरों में शामिल हो गया है। पूछताछ में सामने आया कि 10 साल के अपने आपराधिक जीवन में लॉरेंस बिश्नोई ने खुद किसी की गोली मारकर हत्या नहीं की। उस पर जबरन वसूली और कई लोगों की हत्या की साजिश रचने के लगभग एक दर्जन मामले दर्ज हैं। पुलिस के अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि लॉरेंस बिश्नोई को 2021 में दिल्ली पुलिस ने मकोका और शस्त्र अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। इससे पहले उसे राजस्थान पुलिस ने पकड़ा था। वह तिहाड़ की जेल नंबर 8 में बंद था। उसके साथ गैंग के अन्य लोग भी बंद हैं। अब जब सिद्धू मूसेवाला की हत्या में लॉरेंस का नाम सामने आया तब स्पेशल सेल ने उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू की। पिछले आठ दिन से स्पेशल सेल उससे पूछताछ कर रही है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि बिश्नोई ने जेल में रहते हुए अपने नेटवर्क को फैलाया है। जेल में वह हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश के गैंगस्टरों के संपर्क में आया और अपना नेटवर्क फैलाता चला गया। वह जेल में जब भी बंद रहा, गैंगस्टरों को जेल में सभी सामान मुहैया करवाने का वादा कर उनसे दोस्ती की। कभी-कभी गैंगस्टरों के लिए वकील भी मुहैया करवाया। आरोप यह भी है कि गैंगस्टरों की मदद के लिए उनके विरोधी गैंग के बदमाशों की जेल से बाहर हत्या भी करवाई। 2010 में पंजाब विश्वविद्यालय का चुनाव लड़ते हुए उसने विरोधी गुट पर गोली चला दी थी। उसका यह पहला मामला था। पुलिस के अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि पूछताछ में उसने बताया कि उसने किसी की भी हत्या नहीं की है। उसकी पुलिस हिरासत शुक्रवार को समाप्त हो रही है।

### अभिनेता सलमान खान को धमकी भरा पत्र फेंकने से बिश्नोई का इनकार




**नई दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने फिल्म अभिनेता सलमान खान को धमकी भरा पत्र भेजने से साफ इनकार किया है। स्पेशल सेल की रिमांड में मौजूद बिश्नोई से पुलिस ने धमकी भरे पत्र भेजने को लेकर पूछताछ की है। लॉरेंस ने कहा कि सलमान खान की हत्या करने की साजिश उसने पहले रची थी, लेकिन इस बार की धमकी से उसका कोई लेना-देना नहीं है। पुलिस को आशंका है कि किसी दूसरे गैंग ने बिश्नोई के नाम से पत्र फेंका है। सलमान खान और उनके पिता सलीम खान के नाम से एक धमकी भरा पत्र मिला था, जिसमें कहा गया कि पिता-पुत्र की जोड़ी का हश्र भी पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला जैसा होगा। इसके बाद मुंबई से लेकर दिल्ली तक पुलिस अलर्ट हो गई। लारेंस ने कहा कि इस पत्र में उसका कोई हाथ नहीं है। उसे नहीं पता की धमकी किसने दी है। उसने अपने गैंग के बदमाशों के शामिल होने से इनकार किया है। ब्यूरो

### लारेंस बिश्नोई गैंग को हथियार सप्लाई करने वाले दो बदमाश दबोचे

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई, हासिम बाबा और गोगी गैंग के बदमाशों को हथियार सप्लाई करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाश भलस्वा डेयरी इलाके में एक बदमाश को हथियार सप्लाई करने आए थे। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने तीन पिस्टल और सात कारतूस बरामद किए हैं। बदमाशों की पहचान मुरादनगर गाजियाबाद निवासी जीशान और इरशाद के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। यह जानने की कोशिश की जा रही है कि वे अब तक किन बदमाशों को हथियार सप्लाई कर चुके हैं और इस गैंग का कोई बदमाश सिद्धू मूसेवाला की हत्या में तो शामिल नहीं है।

**तीन पिस्टल और सात कारतूस बरामद**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई, हासिम बाबा और गोगी गैंग को हथियार सप्लाई करने वाला जीशान अपने साथी के साथ भलस्वा डेयरी इलाके में आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस ने एक टीम गठित कर इलाके के झंडा चौक पर घेराबंदी कर दी। रात करीब 1.40 बजे पुलिस ने एक स्कूटी पर सवार दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। ब्यूरो


नडाल ने अपना 14वां फ्रेंच ओपन खिताब जीता।


# मुंडका अग्निकांड : डीएनए मिलान के बाद 10 और शवों की हुई पहचान

## एक महिला की प्रोफाइल का बेटे के सैंपल से नहीं हुआ मिलान

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुंडका अग्निकांड मामले में दस शवों की पहचान कर ली गई है। डीएनए प्रोफाइल से इनके परिवार के सैंपल का मिलान हो गया है। एक महिला की पहचान हो गई थी। लेकिन डीएनए प्रोफाइल का उसके बेटे के सैंपल से मिलान नहीं हो पाया है।

पुलिस ने महिला के परिवार के अन्य सदस्यों का सैंपल लेकर फिर से फोरेंसिक लैब भेजा है। घटना के बाद पहचान होने पर पुलिस ने पहले आठ शवों को उनके परिवार वालों को सौंप दिया था। जबकि मंगलवार को तीन शवों की पहचान हो गई है। अब बुधवार को इनके परिवार वालों को उनके शरीर का अवशेष सौंप दिया जाएगा।

जिला पुलिस उपायुक्त समीर शर्मा ने बताया कि अभी तक 10 शवों की पहचान कर ली गई है। जिन शवों की पहचान हुई है इनमें तान्या चौहान, मोहिनी, कैलाश ज्यानी, अमित ज्यानी, यशोदा, विशाल, दृष्टि, मधु देवी, नरेंदर व मुस्कान शामिल हैं।

**परिवार के सदस्यों से दोबारा लिया गया सैंपल**

**आठ लोगों की पहचान के बाद महिला के शव को परिवार को सौंप चुकी है पुलिस**

पुलिस ने बताया कि तान्या, मोहिनी, कैलाश ज्यानी, अमित ज्यानी, यशोदा, विशाल व दृष्टि का शव उनके परिवार के पहचाने के बाद सौंप दिया गया था। अब मधु देवी, नरेंदर व मुस्कान के शव की पहचान होने के बाद इसकी जानकारी उनके परिवार वालों को दे दी गई है। बुधवार को संजय गांधी अस्पताल में इनके शवों को उनके परिवार के हवाले कर दिया जाएगा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के बाद परिवार वालों ने रंजू देवी के शव की पहचान की थी। उसके बाद शव को उनके परिवार वालों को सौंप दिया गया था। लेकिन रंजू देवी के बेटे का डीएनए प्रोफाइल मैच नहीं कर पाया है। ऐसे में अब रंजू देवी के माता-पिता का सैंपल लिया गया है। साथ ही मुंडका मामले में आरोपी कंपनी संचालक हरीश व वरुण के पिता अमरनाथ भी लापता हैं।

हरीश व वरुण का सैंपल लिया गया था, लेकिन अभी इनका डीएनए प्रोफाइल घटनास्थल से मिले नमूनों के डीएनए प्रोफाइल से मिलान नहीं हो पाया है। ऐसे में दोनों का फिर से सैंपल लिया जाएगा। फोरेंसिक लैब विशेषज्ञ ने बताया कि मंगलवार को पुलिस को 30 नूमने के डीएनए प्रोफाइल का मिलान कर सौंप दिया गया है। बाकी बचे नमूने के डीएनए प्रोफाइल बनते ही पुलिस को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि घटना में शव काफी जल गए थे। ऐसे में डीएनए प्रोफाइल बनाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। 13 मई को मुंडका स्थित चार मंजिला इमारत में आग लग गई थी। इस घटना में 27 लोगों की मौत होने के साथ ही 27 लोग घायल हो गए थे।


# रेकी करने व पनाह देने में आठ गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**चंडीगढ़/मानसा।** पंजाब पुलिस ने प्रसिद्ध पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में हत्यारों को लॉजिस्टिक सहायता प्रदान करने, रेकी करने और पनाह देने के मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

सिद्धू मूसेवाला 29 मई को शाम 4:30 बजे जब अपने दो साथियों गुरविंदर सिंह (पड़ोसी) और गुरप्रीत सिंह (चचेरे भाई) के साथ घर से निकले थे तो कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस वारदात में शामिल चार शूटरों की भी पहचान कर ली है। एडीजीपी प्रमोद बाण ने बताया कि आईजी (पीएपी) जसकरन सिंह के नेतृत्व में विशेष जांच टीम रणनीतिक तौर पर काम कर रही है और इस अपराध में शामिल पहचाने गए शूटरों और अन्य मुलजिमों को गिरफ्तार करने के प्रयास कर रही है। वहीं, पुलिस ने मामले में संदीप सिंह उर्फ केकड़ा निवासी सिरसा और प्रभदीप सिंह सिद्धू उर्फ पब्बी निवासी सोनीपत की गिरफ्तारी के बाद केकड़ा का 11 जून और पब्बी का 9 जून तक पुलिस रिमांड हासिल कर लिया है।

### कांग्रेस की आन और शान थे मूसेवाला : राहुल



**मानसा।** सिद्धू मूसेवाला हत्या मामले में परिवार के साथ दुख साझा करने के पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी ने कहा कि वह केंद्र सरकार पर सिद्धू मूसेवाला की हत्या की जांच का दबाव डालेंगे। आशा है कि केंद्र सरकार इसकी जांच करवाकर पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाएगी। राहुल गांधी ने सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह से दुख बांटा और कहा कि सिद्धू मूसेवाला कांग्रेस की आन व शान थे। मूसेवाला पर कांग्रेस पार्टी को फख्र था। ऐसे नौजवान नेता का जाना पार्टी के लिए सबसे बड़ा घाटा है। संवाद

# सांत्वना देने मूसेवाला के घर तक नहीं गए केजरीवाल : श्रीनिवास

संवाद न्यूज एजेंसी

**गगल (कांगड़ा)।** धर्मशाला में 8 और 9 जून को युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने के लिए युवा कांग्रेस (युकां) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास पहुंच गए हैं। मंगलवार को उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) दोनों ही मौसेरी बहनें हैं।

दोनों की गतिविधियां राष्ट्र विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि अगर पंजाब की आप सरकार ने सिद्धू मूसेवाला की सुरक्षा घटाई न होती तो यह घिनौना कांड होने से बच जाता। आश्चर्य की बात है कि आप के प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज तक सिद्धू मूसेवाला के परिवार को सांत्वना तक देने नहीं गए।

### कोई नहीं लड़ेगा कातिलों का केस : बार एसोसिएशन

**बार** एसोसिएशन मानसा ने प्रस्ताव डालकर एलान किया है कि कोई भी वकील सिद्धू मूसेवाला के कातिलों का केस नहीं लड़ेगा। उन्होंने सिद्धू हत्याकांड मामले में परिवार का केस लड़ने के लिए कुछ वकीलों का पैनल बनाया है। यह पैनल पीड़ित परिवार से कोई पैसा नहीं लेगा।

### कॉपीराइट मामले में प्रकाशक की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** अदालत ने कॉपीराइट मामले में एक प्रकाशक की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी । दिल्ली पुलिस ने एक वकील और कानून की किताब के लेखक द्वारा शिकायतकर्ता पर कॉपीराइट उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। द्वारका अदालत स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश लोकेश कुमार शर्मा ने आरोपी शैलेंद्र सिंघल की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने उन्हें जांच अधिकारी के बुलाने पर जांच में शामिल होने का निर्देश दिया। ब्यूरो


**RAJJU Bhaiya Sainik Vidya Mandir Khandwaya**

**Shikarpur, Disst. Bulandshahr (UP)**

Application are invited from eligible candidates for following posts. (Applicants must be fluent in Spoken English). **TGT** - English, Hindi, Social Science, Art and craft teacher, Music teacher. 2. Physical training Instructor (Ex-army). 3. Clerk 4. Compounder (Medical) Please Forward CV / Resume with Current passport size photograph online latest by 18.00 hrs on 15.06.2022. **email** : principal.rbsvm@gmail.com ; rbsvm.info@gmail.com

**Mobile No. : 7599953132**



सत्यमेव जयते
भारत सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# देश ने है ठाना,

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ 100% लोगों तक है पहुँचाना

- 3.3 करोड़ से अधिक लोगों का आयुष्मान भारत के तहत मुफ्त इलाज; PM-ABHIM से हर जिले में हो रहा स्वास्थ्य सुविधाओं में अभूतपूर्व सुधार
- 1.18 लाख से अधिक हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर खुले, 22 करोड़ से ज्यादा डिजिटल हेल्थ आईडी बने
- 8700 से अधिक जन औषधि केंद्रों से करोड़ों लोगों ने सस्ती दर पर अच्छी दवाएं खरीदीं; पिछले आठ वर्षों में जरुरतमंदों के लगभग 15 हजार करोड़ रुपये बचे
- स्वास्थ्य संबंधी परंपरागत उपायों पर फोकस - योग को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई, अलग से आयुष मंत्रालय का गठन
- बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं व स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए समुचित पोषण व समय पर टीकाकरण सुनिश्चित
- पिछले आठ सालों में 15 नए एम्स, मेडिकल कॉलेज 387 से बढ़कर 596, मेडिकल कॉलेजों की सीटें 82 हजार से बढ़कर 1.5 लाख हुईं; नेशनल मेडिकल कमीशन के गठन से चिकित्सा क्षेत्र में हुआ बड़ा बदलाव
- भारत में विश्व का सबसे बड़ा और मुफ्त टीकाकरण अभियान- 194 करोड़ से अधिक कोविड वैक्सीन डोज़ लगाए गए
- कोविड महामारी की चुनौती का जनसामर्थ्य से सफलतापूर्वक सामना; 'टेस्ट, ट्रैक, ट्रीट और वैक्सीनेशन' जैसी कुशल रणनीति और उत्कृष्ट चिकित्सा साधनों को जन-जन को उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण कदम



davp 22201/13/0029/2223





8 साल
सेवा, सुशासन
ग़रीब कल्याण

"बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सिर्फ़ बीमारी के इलाज तक ही सीमित नहीं होतीं, ये सामाजिक न्याय को प्रोत्साहित करती हैं। जब किसी ग़रीब को सस्ता और उत्तम इलाज सुलभ होता है तो उसका व्यवस्था पर भरोसा मजबूत होता है।"

— नरेन्द्र मोदी —

# अधिकृत एजेंट से टिकट लेने पर मिलेगी रियायत

## दिल्ली सरकार ने हवाई यात्रा के हकदार अधिकारियों को जारी किए निर्देश

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने हवाई यात्रा के हकदार अपने अधिकारियों को किराए में छूट का दावा करने के लिए केवल अधिकृत एजेंटों से ही टिकट खरीदने का निर्देश दिया है। दिल्ली सरकार का यह निर्देश एयर इंडिया के भारत सरकार से टाटा समूह के खरीदे जाने के बाद आया है।

दिल्ली सरका के अधिकारियों ने बताया कि पहले सरकारी खाते से सरकारी अधिकारियों को एयर इंडिया से यात्रा करने की अनुमति दी जाती थी। अभी भी सरकारी खाते पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों हवाई यात्राएं निजी एयरलाइंस द्वारा की जा सकती हैं। लेकिन इसके लिए टिकट केवल दिल्ली सरकार द्वारा अधिकृत विक्रेताओं से ही खरीदना पड़ेगा।

दिल्ली सरकार की ओर से जानकारी दी गई है कि जब भी इनका कर्मचारी घरेलू या अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा सरकारी खाते से करेगा, उसके हवाई टिकट डीटीटीडीसी (दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम) के माध्यम से खरीदे जाएंगे। दिल्ली सरकार ने हवाई टिकट मेसर्स बामर लॉरी एंड कंपनी लिमिटेड (बीएलसीएल), अशोक ट्रेवल्स एंड टूर्स (एटीटी), इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) को हवाई टिकट एजेंट के रूप में चुनाव किया है। अफसर इन्हीं एजेंटों से हवाई टिकट लेना सुनिश्चित करें।

# एकीकरण के बाद पहली बार हर वार्ड को 25 लाख की सौगात

## बेहतर नागरिक सेवाएं प्रदान करने के लिए खर्च होगी राशि, वार्डों में विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार

आदित्य पाण्डेय



दिल्ली नगर निगम

**नई दिल्ली।** बेहतर नागरिक सेवाओं के लिए दिल्ली नगर निगम ने प्रत्येक वार्ड को 25 लाख रुपये आवंटित किए हैं। एकीकरण के बाद पहली बार एमसीडी ने सभी 272 वार्डों को एक साथ इतनी बड़ी राशि दी है।

इससे वार्डों में निगम के विकास कार्यों को पुनः रफ्तार मिलेगी। वार्डों में नागरिक सेवाओं की देखरेख के लिए नोडल अधिकारी के रूप में तैनात किए गए सभी जोनल अतिरिक्त आयुक्त की निगरानी में इस राशि को खर्च किया जाएगा। इससे एमसीडी की सड़कों, नालियों और पार्कों का बेहतर रखरखाव होगा। वहीं, सफाई से जुड़े उपकरणों की खरीद से मदद मिलेगी।

एमसीडी ने एक निश्चित समय सीमा के भीतर वार्डों में इस राशि को खर्च करने का निर्देश दिया है। अधीक्षण अभियंता जोनल अतिरिक्त आयुक्त के अनुमोदन के बाद विकास कार्यों को रफ्तार दी जा सकेगी। इसके लिए मार्च 2023 तक का समय निर्धारित किया है।

**दूसरे वार्ड में भी खर्च का प्रावधान :** एमसीडी द्वारा प्रत्येक वार्ड को दी गई 25 लाख रुपये की राशि में से यदि कुछ पैसा बच जाता है तो इसे दूसरे वार्ड में भी खर्च करने का प्रावधान रखा गया है। इसके लिए संबंधित अधीक्षण अभियंता जोनल अतिरिक्त आयुक्त की अनुमति के बाद दूसरे वार्ड में खर्च सकते हैं। इसे किसी अन्य वार्ड में छोटे मरम्मत कार्यों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

**इन विकास कार्यों पर होगा खर्च :** वार्डों में जरूरत के अनुसार इस्तेमाल होने वाले मध्यम आकार के ट्रकों, मलबा उठाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली, गाद निकालने वाले उपकरणों की खरीद पर यह राशि खर्च होगी। गलियों की मरम्मत, मेनहोल कवर, फ्रेम, गलियों में पत्थर लगाने, मोटे रेत और पाइप आदि। पैच की मरम्मत के लिए रेडीमेड कंक्रीट खरीदने, नालों से गाद निकालने के दौरान क्षतिग्रस्त जगहों की मरम्मत।

# लंदन की मदद से बनेंगे विश्वस्तरीय खिलाड़ी

## दिल्ली खेल विश्वविद्यालय और यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन के बीच हुआ है महत्वपूर्ण समझौता

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत पूरे देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली खेल विश्वविद्यालय और यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन के बीच समझौता हुआ है। इसके तहत खेलों को बढ़ावा देने के साथ भारतीय खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर तैयार करने में मदद मिलेगी। चाणक्यपुरी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में दोनों विश्वविद्यालयों ने एक् समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुआ यह समझौता देशभर में ढेर सारे विश्वस्तरीय खिलाड़ी तैयार करने के सपने को साकार करेगा। दिल्ली खेल नीति का मकसद भी दिल्ली में खेल परंपरा तैयार कर एक गरीब बच्चे तक खेलों को पहुंचाना है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए ज्यादा से ज्यादा मेडल लाना है। केजरीवाल ने कहा कि आने वाले समय में यह समझौता न केवल दिल्ली खेल विश्वविद्यालय, बल्कि पूरे देश में खेलों के लिए एक एतिहासिक समझौता साबित होगा। दोनों विश्वविद्यालय आपस में ज्ञान का आदान-प्रदान, खेल विज्ञान, स्टाफ और छात्र विनिमय के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार के अवसरों का पता लगाने में सहयोग करेंगे। साथ ही खेल श्रमशक्ति के लिए नए पाठ्यक्रम और करियर का विकास करेंगे, जिससे दोनों देशों में खेल को लेकर सुधार होगा।

इस अवसर पर यूके यूनिवर्सिटी के अंतर्राष्ट्रीय निदेशक विविएन्ने स्टर्न और ब्रिटिश काउंसिल इंडिया के देश निदेशक बारबरा विकम, दिल्ली खेल विश्वविद्यालय की कुलपति कर्णम मल्लेश्वरी के अलावा भारत और यूके के खेल से जुड़े अन्य गणमान्य लोग एवं अधिकारी मौजूद रहे।



खेल विश्वविद्यालय और यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन के बीच खेलों बढ़ावा देने को लेकर समझौता करार हुआ। अमर उजाला

### युवा खिलाड़ी पसंदीदा खेल में ले सकेंगे डिग्री

दिल्ली सरकार ने अंतरराष्ट्रीय खेल टूर्नामेंट, विशेष रूप से ओलंपिक के लिए खिलाड़ी तैयार करने के लिए दिल्ली खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की है। विश्वविद्यालय उन सभी को समान और निष्पक्ष अवसर प्रदान करेगा, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं। विश्व स्तरीय प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचे के अलावा, उन्हें अपने प्रदर्शन को सुधारने में विज्ञान के माध्यम से भी मदद मिलेगी। इसके अलावा विश्वविद्यालय यह भी सुनिश्चित करेगा कि गुणवत्तापूर्ण खेल शिक्षा के माध्यम से प्रत्येक खिलाड़ी को खेल के क्षेत्र में एक वैकल्पिक करियर का मौका मिले। उल्लेखनीय है कि यूके के इंटरनेशनल एजुकेशन चैंपियन स्टीव स्मिथ और दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के बीच दुबई (दिसंबर 2021) व लंदन (मई 2022) में ब्रिटिश काउंसिल द्वारा हुई बातचीत के माध्यम से साझेदारी हुई है। सिसोदिया ने दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 25 मई 2022 को लंदन में यूईएल परिसर में सुविधाओं को देखने और मॉडल को समझने के लिए दौरा किया था।

### खेल विवि के साथ काम करने को उत्सुकः यूईएल

यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन (यूईएल) का कहना है कि विजन 2028 की रणनीति के तौर पर विश्वविद्यालय खेल को सीखने की आवश्यक शर्त के रूप में देखता है। विश्वविद्यालय के विशेष कार्यक्रमों से लेकर क्लबों तक यह सुनिश्चित किया जाता है, क्योंकि फिटनेस सभी के लिए है। खेल को बढ़ावा देने के लिए अब विश्वविद्यालय दिल्ली खेल विश्वविद्यालय के साथ जुड़ा है, जो भारत के साथ देश के गहरे और महत्वपूर्ण संबंधों के चलते विश्वविद्यालय लिए एक विशेष समझौता है। यह समझौता भारत से संबंधों को ओर मजबूत करेगा।

# कबाड़ बेचकर स्कूलों को पर्यावरण के अनुकूल बनाएगी एमसीडी



नगर निगम में लगी मेगा वेस्ट टू आर्ट वर्कशॉप व प्रदर्शनी के दौरान कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम अपने स्कूलों का कबाड़ बेचकर न केवल फंड जुटाएगा, बल्कि स्कूल को साफ सुथरा और पर्यावरण के अनुकूल बनाएगा। एमसीडी के शिक्षा निदेशक ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को स्कूलों का कबाड़ बेचने के लिए निर्देश जारी किया है। शिक्षा निदेशक ने जानकारी दी है कि एमसीडी के अधिकतर स्कूलों में बहुत सारी अनुपयोगी वस्तुएं जैसे कि टूटी हुई बेंच, टेबल, कुर्सियां, इलेक्ट्रॉनिक सामान (आईटी से संबंधित सामान) पड़े हैं। यह छात्रों के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी खतरनाक हैं।

इसके अलावा यह अनावश्यक रूप से स्कूल परिसर में एक बड़ी जगह को घेरे हुए हैं। इन अनुपयोगी वस्तुओं को बेचकर एमसीडी को न केवल राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि विद्यालय परिसर को साफ-सुथरा और पर्यावरण के अनुकूल रखने में भी मदद मिलेगी। एमसीडी के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य या स्कूल प्रमुख को निर्देश दिया गया है कि वे अपने रिकॉर्ड से अनुपयोगी वस्तुओं का पता लगाएं।

# एमसीडी में अफसरों की तैनाती प्रक्रिया पूरी

**नई दिल्ली।** एकीकृत दिल्ली नगर निगम ने अपनी कार्य व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए सभी अतिरिक्त आयुक्तों, 12 जोन के उपायुक्तों, विभागाध्यक्षों की नियुक्ति का कार्य पूर्ण कर लिया है। एमसीडी के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने अपना कार्यभार संभाल लिया है।

एमसीडी ने केन्द्रीय संस्थापना विभाग को नियुक्ति से संबंधित कार्यों के लिए नोडल विभाग बनाया है। विभाग ने निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नौ अतिरिक्त आयुक्तों को विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी दी है। 12 जोन के लिए उपायुक्तों की भी नियुक्ति कर दी है, जो कि क्षेत्र में नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य करेंगे।

साथ ही मॉनिटरिंग कमेटी के लिए नोडल अधिकारी को अधिसूचित किया है।अभियंत्रिकी, उद्यान, शिक्षा नगर नियोजन, डैम्स, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, संपत्तिकर, वास्तुकला वित्तीय, कानून, आयुष, जन स्वास्थ्य, सतर्कता विभाग के विभागाध्यक्षों ने भी अपना कार्यभार संभाल लिया है। सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारियों को विभाग के विभिन्न कार्य आवंटित कर रहे हैं। ब्यूरो

# कागजों में ही विवि और समझौता

**नई दिल्ली।** भाजपा ने खेल विश्वविद्यालय को लेकर आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सिर्फ वादे करते हैं।

3 अक्तूबर 2019 को दिल्ली के मुंडका में खेल विवि बनाने का वादा किया था, लेकिन आज किसी को पता नहीं है कि यह विश्वविद्यालय कहां है। उसी विवि का पूर्वी लंदन विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर तक कर लिया गया। कागजों में चल रहे विवि का कागजों में ही समझौता हो गया। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि अस्तित्वहीन खेल विवि के साथ अनुबंध कर जनता को गुमराह किया जा रहा है। ब्यूरो

# 2030 तक देश बनेगा विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

## मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक महाशक्ति के रुप में उभरा : डॉ. हर्षवर्धन

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विश्व में 'थर्ड वर्ल्ड' के देश के नाम से अब भारत जाना जाने लगा है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उनके नेतृत्व में भारत वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभरा है। भारत आज तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। यूपीए सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल की तुलना में हमारी मुद्रास्फीति दर बहुत कम है। ये बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री व चांदनी चौक से भाजपा सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने कहीं।

डॉ. हर्षवर्धन ने दावा किया कि 2030 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने विकास को ही अपना मूल मंत्र मानकर उसके अनुरूप अपने को विकसित कर रहा है। कोरोना काल के दौरान दो वर्षों में केंद्र सरकार ने 80 करोड़ देशवासियों को निःशुल्क राशन की व्यवस्था की। 3 करोड़ लोगों को आवास प्रदान किए। 9 करोड़ से अधिक गरीब महिलाओं को गैस सिलिंडर उपलब्ध कराए गए। 9 करोड़ घरों में पानी के नये कनेक्शन की व्यवस्था की गई। विश्व के सबसे बड़े हेल्थ केयर प्रोग्राम के तहत 50 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाया गया।



प्रेस वार्ता को संबोधित करते डॉ. हर्षवर्धन। अमर उजाला

डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि वर्तमान भारत वैश्विक स्तर पर एक जिम्मेदार और जवाबदेह देश के रूप में स्थापित हुआ है। कहा कि केशवपुरम जिला अध्यक्ष राज कुमार भाटिया, चांदनी चौक जिला अध्यक्ष विकेश सेठी के सहयोग से पिछले आठ वर्षों की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र के लोगों को मिला।

## सरकार ने मांगी कोरोना से माता-पिता खोने वाले बच्चों की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने कोरोना से अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) मांगी है।

इस संबंध में अधिकारियों को आगामी नौ जून तक रिपोर्ट को जमा करना होगा। शिक्षा निदेशालय ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जिला-वार नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की स्थिति रिपोर्ट, जिला स्तर के स्कूलों में बच्चों की निरंतर शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा दिए गए सुझावों की रिपोर्ट जमा करने के लिए कहा है।

बीते नौ मई को सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश के जिला शिक्षा अधिकारियों को उन छात्रों का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था, जो लगातार 30 कार्य दिवसों पर अपने संबंधित स्कूलों से अनुपस्थित रहे हैं। कोर्ट ने ऐसे छात्रों को ड्रॉप आउट मानने के लिए कहा था। ब्यूरो

## लंबित मामलों को निपटाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने लंबित पड़े मामलों को तत्काल निपटाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मंगलवार को समाज कल्याण विभाग के पूर्वी दिल्ली जिला के गीता कालोनी स्थित कार्यालय का निरीक्षण किया। समाज कल्याण कार्यालय में मिल रही सुविधाओं पर चर्चा करने के साथ ही नागरिकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया। ब्यूरो


अमर उजाला क्लासीफाइड
आवश्यकताएं • नौकरियां • बिक्री • प्रोपर्टी • किराया • शिक्षा • सर्विसेज • लोन • फाईनेन्स
विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें:- 1800-121-1166
बुकिंग टाइमः सुबह 8:00 बजे से सायं 6 बजे तक

Objectionable ads? Complain to ASCI 7710012345 www.ascionline.in

**आवश्यकता है**

**अकाउंटेंट**

आवश्यकता है एक एकाउंटेंट की द्वारिकापति सपीनिग प्राइवेट लिमिटेड पलोट नं0. G-359, phase-2, Industrial area M.G. Road. Ghaziabad (U.P) Mobile No. 9810493194, 8126008787 वेतन योग्यतानुसार

**ऑफिस जॉब्स**

Indo Global Group of Colleges, Abhipur (New Chandigarh). Urgently Requires Lady Hostel Warden, Library Restorer & Admission Counselor. Min. 1 - 2 years of experience in relevant field. Apply within 5 days at WhatsApp No. 77196 85150 or E-mail: career.igef@gmail.com

**पार्ट टाइम**

Reliance Jeo कम्पनी (SMS Job) करके लडके/ लडकियाँ, गृहणियां, घरबैठे कमाये 18500-46600 महीना लैपटॉप+ मोबाइल फ्री नाम पता कॉल Whatsapp/ SMS करे #7992289559, 6205808359

✓Relience Jeo Company SMS Job करके लडके, लडकियाँ, गृहणियां रिटायर्ड कर्मचारी 18500- 45000/- महीना कमायें लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त Name, Address Whatsapp/ Call करें 7857900315, 9905687519

**टीचर्स/शिक्षक**

Teachers Required For Nursery to 10th all Subject in Lotus Belly School Danta Sikar Rajasthan (English Medium).Salary 10000-15000+ food ac-Commodation. Contact 9166334578, 8824050443 email :- info3307@gmail.com

NSP English medium school Rawatsar HANUMANGARH RAJASTHAN (300 kms from Delhi) NTTs, PRTs & sports (15 k to 20k) all subjects TGTs-Science , Maths, English , Sst, Computer,Hindi and accountant cum computer operator (salary 20k-25k) PGTs- Physics,Chemistry , Bio, Maths, English, Agriculture and co-ordinator (25k-35k) FREE accommodation for all. 8107825608, 9413378524 nsprawatsar@gmail.com

**वर्कर**

एयरपोर्ट हेतु डायरेक्ट भर्ती 1850 लडके/ लडकियाँ, अनपढ़, दसवी, बारहवीं, ग्रेजुएट, हेल्पर, लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, इलेक्ट्रीशियन, डाईवर (19,500-55,500) रहना+ खाना फ्री #8368254661, 8178542651

भूतपूर्व सैनिक सभी जिलेनुसार भर्ती कर्नल 52500, मेजर 48500, कैप्टन 42500, सूबेदार (JCO) 38500, हवलदार 32500, नायक 30500, सिपाही 28500 #8800105421, 8448870677, 8448779006, 8448783004

**व्यापार**

**लोन/फाइनेंस**

खर्चा लोन से कटेगा
धनालक्ष्मी फाइनेंस
मान्यता प्राप्त धोखेबाजों से सावधान
सभी प्रकार के बैंको द्वारा घर बैठे मात्र 12 घंटों में नही तो लोन फ्री
1% ब्याज 40% छूट
लोन धमाका
•ऐजुकेशन लोन •प्रोपर्टी लोन •बिजनेस लोन •पशुपालन लोन एवं समस्त लोन पायें
धोखाखाये, जरूरतमंद व्यक्ति एकबार जरूर संपर्क करें
महिलाओं, किसानों, विद्यार्थियों को विशेष छूट
9417547742, 9465759709

**मोबाइल टॉवर**

रजिस्ट्रेशन फ्री
बालाजी टावर एजेंसी
भारत की नं. 1 कम्पनी द्वारा अपनी खाली जमीन, छत, प्लाट पर 5G मल्टीमीडिया रेडियेशन फ्री टावर लगवाएं
90 लाख एडवांस+ 95 हजार किराया +नौकरी+1 गाडी
24 घंटे में सर्वे करवाकर 50% एडवांस तुरन्त पायें
8817374515 6232358797

**सर्विसेज**

**ज्योतिष/वास्तु**

पंडित बृजेश शास्त्री घरबैठे सभी समस्याओं का AtoZ समाधान। मनचाहा प्यार, प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति- पत्नी में अनबन (वशीकरण, मुठकरनी) #6398409079, 7467883508

सभी समस्याओं का समाधान बाबा रज़िया बंगाली लवमैरिज, प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन दुश्मन छुटकारा, मनचाही शादी, प्रेमी पत्नी, संतान अनबन समस्या कैसी भी- 9321050667.

**टूर/ट्रैवल**

''कैनेडा- इटली- सिंगापुर- मलेशीया'' 2 साल का Employment वीजा अर्जन्ट डिमान्ड फार्मर, कारपेंटर, मैसन, हैल्पर, पलम्बर, इलैक्ट्रीशियन, सुपरवाईज़र, कुक, स्टोरकीपर, ड्राईवर, ऑपरेटर इत्यादि। कमाएँ 2 से 3 लाख महीना। नयें नियमों के साथ अप्लाई करें:86999-78830

**मेडिकल**

**सैक्स संबंधी**

सेक्स समस्याएँ
छोटी इंद्री निराश क्यों?
12 घंटों में असर शुरू
मात्र 500/- 700/-
18 से 80 वर्ष तक के लिए लाभदायक
इंद्री के छोटेपन, पतलेपन, टेढ़ेपन को दूर कर इंद्री को 7 से 8 इंच लम्बा, 2 से 3 इंच मोटा, कठोर बनायें। सेक्स टाइम मनचाहा बढ़ायें। नामर्दी, स्वप्नदोष, शुक्राणु हीनता का सफल ईलाज। 30 दिनों की दवा के साथ 64GB मेमोरी कार्ड फ्री।
लाभ नहीं तो पैसा वापिस
9031042834 9031042837

**सूचना**

**व्यक्तिगत**

मैं जीत सिंह पुत्र मामराज निवासी- एच.एन.-175, मसूरी डासना रेलवे स्टेशन गाजियाबाद। अपने पुत्र राजेश पुत्रवधू प्रीति को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगें।

मैं तथा मेरी पत्नी शकीला अपने पुत्र रियाजुद्दीन पुत्रवधू तबस्सुम को दुर्व्यवहार के चलते समस्त सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करते है। बाबूद्दीन उर्फ बाबू खान पुत्र अली बक्श, ब्रज विहार, मुरादनगर गाजियाबाद

I, Zsara May Conahap Rawat, W/o Vishal Rawat, R/o Kashirampur Malla, Kaudiya Camp, Kotdwar, Pauri Garhwal, Uttrakhand, India 246149. Have changed my name from Zsara May Pacaldo Conahap to Zsara May Conahap Rawat to all legal purposes that it may serve.

मैं अपने पुत्र दिलशाद व पुत्रवधू मुस्कान को गलत आचरण के चलते अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में वह अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मोहम्मद यूनुस पुत्र मोहम्मद याकूब निवासी मोहल्ला चौहट्टा खुर्जा बुलंदशहर।

मैं अपने पुत्र जितेंद्र व उसकी पत्नी ज्योति को गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद करता हूं। मेरा /मेरे परिवार का भविष्य अब संबंध नहीं रहा है। ज्ञानी पुत्र रतिराम मंडावरा, सिकंदराबाद, बुलंदशहर

मैं मौ. मुस्लिम पुत्र बाबूदीन मौहल्ला मौहम्मदखानी, बिलासपुर, दनकौर (गौतमबुद्धनगर) अपने पुत्र शौकीन, उसकी पत्नी सुल्ताना को गलत आचरण, व्यवहार, परिवार के सदस्यों से झगड़ा करने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। दोनो अपने किसी कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होगे।

मैं अपने पुत्र रफी पुत्रवधू रूकसार को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हू किसी भी कृत्यों का मैं जिम्मेदार नहीं हू सफी पुत्र अल्लादिया सदीक नगर सिकंदराबाद।

मैं Nima W/o ललित अग्रवाल मौ0 स्याना सिकन्दरा औरंगाबाद बुलन्दशहर मेरी LIC पोलिसी नं0 20749151 मे Neema व Nima यह दोनो नाम मेरे है इन दोनो नामो से मुझे जाना जाये।

मैं कृष्णकांत चौधरी पुत्र कलिकात चौधरी, सीमा चौधरी निवासी म.न. 172A, नई ग्वाल पहाड़ी गुरूग्राम ब्यान करता हू, मेरा पुत्र प्रकाश चौधरी, पुत्रवधु पूजा मेरे कहेनुसार नहीं है, मैं उन्हे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में उनके किये कानूनी/ गैरकानूनी कार्य के स्वयं जिम्मेवार होगें।

मै अपने पुत्र चाँद पुत्रवधु मुमताज पौता साद को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हुँ। निजाम पुत्र मल्लु ग्राम सरावा हापुड

मैं अपने पुत्र रवि पुत्रवधु निशा को गलत आचरण के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद करता हूं। सुमरपाल पुत्र पीरू, ग्राम खेड़ा, पिलखुवा, हापुड।

I Hari Narain Yadav S/o Ram Jas R/o U1/285, G.No-11, Dharam Enclave, Goerment Dispensery Prem Nagar-2 Kirari Suleman Nagar, North West Delhi-110086, Have changed my name as, Hari Narayan Yadav

मैं नासीर पुत्र नूरदीन निवासी ग्राम खिण्दौडा थाना निवाड़ी जिला गाजियाबाद ने अपने पुत्र इकलाख व पुत्रवधू रूबीना को उनके गलत आचरण के कारण पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर चल - अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके कृत्यों हेतु मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा ।

मै ललित कुमार S/o रौहताश कुमार मौ0 स्याना सिकन्दरा औरंगाबाद बुलन्दशहर मेरी पोलिसी LIC की जिसका नम्बर 20745406 है मेरी पोलिसी मे मेरा नाम ललित अग्रवाल व ललित कुमार अग्रवाल अंकित है मुझे दोनो नामो से जाना जाये।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जाँच पडताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापन दाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन **जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य** किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठको को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़ें। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।


118 शहरों की ख़बरें लगातार
amarujala.com

Medical Helpline
शराब छुड़वायें बिना बताए
हर नशे का आयुर्वेदिक सफल इलाज
शराब, स्मैक, अफीम, भांग, गांजा, फ्लूड आदि का नशा छुड़वायें
आयुर्वेदिक क्लीनिक
9311723901, 9311689373

कैंसर अभिशाप नहीं, रोग है, निराश न हों
इलेक्ट्रो होम्योपैथी दवाओं से चिकित्सा सम्भव
डॉ. आर.के. गुप्ता
कैंसर रोग विशेषज्ञ
विकास इलेक्ट्रो होम्योपैथी क्लीनिक – कैंसर का निदान एवं चिकित्सा केन्द्र
पता-168, आवास विकास कॉलोनी, सासनी गेट, अलीगढ़, उ.प्र., भारत
मो.: 07060363535, 09319047859 फोन : 0571-2411439

आप्रेशन से बचें (खूनी या बादी)
बवासीर
इंजेक्शन द्वारा सफल ईलाज करायें
भगन्दर फिशर, काँच के रोगियों का क्षारसूत्र द्वारा ईलाज
जनता क्लीनिक
नोएडा – शिव मन्दिर के साथ, भंगल
भजनपुरा– पेट्रोल पम्प के साथ, दिल्ली
(मिले रोजाना 10 से 5 बजे तक)
DR. M. I. SHAH M.B.B.S., M.D., M.R.C.P. (LONDON), M.I.M.A. (DMC No.51550)
सम्पर्क करें– 9210014150

खूनी व बादी
बवासीर
आयुर्वेदिक औषधियों के देसी फॉर्मूले के ईलाज द्वारा केवल एक कोर्स में पुरानी से पुरानी बवासीर उम्र भर के लिए जड़ से खत्म
गारंटी के साथ ठीक ना होने पर पूरे पैसे वापिस।
दवा घर बैठे मंगवाए।
नेपच्यून आयुर्वेदा (रजि.)
J-66 किशनगंज दिल्ली–110007 9899415721



कठिन समस्याएं अब न होंगी
क्योंकि सच्ची सहेली में हैं 67 खास आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां जो मुश्किल तकलीफों को अंदर से ठीक करने में मदद करें।
24x7 Helpline : 77106 44444 • www.sachisaheli.in
Available at all medical & general stores
Helps in:
✓ थकान ✓ कमजोरी ✓ कठिन दर्द ✓ कमर कटना ✓ इम्यूनिटी ✓ चिड़चिड़ापन
FREE HOME DELIVERY
USE CODE DIVISA
सच्ची सहेली®
आयुर्वेदिक औषधीय टॉनिक


## न्यूज डायरी

### भाई से मिलने आई सेवानिवृत्त शिक्षिका से झपटमारी



नई दिल्ली। भारत नगर में भाई से मिलने आई एक सेवानिवृत शिक्षिका से बदमाश ने सोने की चेन झपट ली। 38 साल पहले परिजनों से उपहार में मिली सोने की चेन से शिक्षिका का भावनात्मक लगाव था। पुलिस ने उनकी शिकायत पर तुरंत मामला दर्ज किया। इसके बाद सीसीटीवी और हुलिया के आधार पर बदमाश को 24 घंटे के भीतर दबोचकर सोने की चेन बरामद कर ली। आरोपी की पहचान वजीरपुर गांव निवासी मोनू के रूप में हुई है।

### मेगा वेस्ट टू आर्ट वर्कशॉप और प्रदर्शनी लगाई

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की ओर से मंगलवार को मेगा वेस्ट टू आर्ट वर्कशॉप व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। निगम विद्यालयों, डॉन बॉस्को टेक्निकल संस्थान के छात्रों और ललित कला अकादमी के कलाकारों ने कबाड़ से बनाई गई कलाकृतियों को प्रस्तुत किया। बेहतर कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एमसीडी के मध्य क्षेत्र के उपायुक्त दानिश अशरफ ने कबाड़ से कलाकृतियों का निर्माण करने वाले प्रतिभागियों की प्रशंसा की। ब्यूरो

### जीटीबी अस्पताल परिसर में लगाए गए सौ से अधिक पौधे

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली स्थित गुरु तेग बहादुर अस्पताल में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉक्टर सुभाष गिरी ने किया। इस अवसर पर करीब 100 से ज्यादा पेड़ लगाए गए। उन्होंने कहा कि आगामी जुलाई माह में मानसून आते ही अस्पताल परिसर में करीब पांच हजार से ज्यादा पेड़ लगाए जाएंगे। इस अवसर पर अस्पताल के हड्डी रोग विभाग के विभागाध्यक्ष तथा यूसीएमएस के डीन डॉ. आदित्य नाथ अग्रवाल ने सभी छात्रों को कैंपस हरा भरा रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अस्पताल प्रशासन के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर बनारसी, डॉक्टर धनंजय कुमार ,डॉ. परमेश्वर राम ,डॉक्टर प्रतिमा, डॉक्टर लक्ष्य ,नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अंजना ढल ,डॉ.आदित्य अग्रवाल रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के सचिव डॉ. प्रशांत समेत अन्य मौजूद थे। ब्यूरो

# कॉल विवरण उपलब्ध कराने से अधिकारियों की सुरक्षा को खतरा

## हाईकोर्ट ने छापा मारने वाले अफसरों का नंबर उपलब्ध कराने संबंधी याचिका खारिज की

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने छापा मारने वाले पुलिस अधिकारियों का नंबर उपलब्ध कराने का निर्देश देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि छापा मारने वाले वाले दल के सदस्य एक विशेष जांच एजेंसी से संबंधित होते हैं, जो राष्ट्रीय हित, आतंकवाद व मादक पदार्थ तस्करी के मामलों में जांच करती है। उनके कॉल डिटेल उपलब्ध कराने से उनकी सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

अदालत ने उक्त टिप्पणी करते हुए छापा मारने वालेअधिकारियों का नंबर उपलब्ध कराने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि पुलिस अधिकारियों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) उपलब्ध कराने से उनके गुप्त मुखबिरों की पहचान भी उजागर हो सकती है। उनकी सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

साथ ही उनके मुखबिरों की पहचान भी उजागर हो सकती है।अदालत ने यह टिप्पणी मादक पदार्थ मामले में छापा मारने वाली टीम




का नंबर उपलब्ध कराने की मांग वाली याचिका में की है। छापा मारने वाले दल ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया था।

याचिका में बाबा हरिदास नगर पुलिस थाने में दर्ज मादक पदार्थ मामले में छापा मारने गए दल के सदस्यों के नंबर व उनके मोबाइल की लोकेशन बताने की मांग की गई थी।अभियोजन पक्ष के अनुसार 8 अक्टूबर, 2021 को एक पुलिस अधिकारी को गोपनीय सूचना मिली थी कि तीन व्यक्ति एक ट्रक में ओडिशा से प्रतिबंधित गांजा लेकर नजफगढ के पास एक व्यक्ति तक पहुंचाने आ रहे हैं। इसके बाद कई पुलिस अधिकारियों एक दल ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था।

### रात तीन बजे तक शराब परोसने की व्यवस्था पर अदालत ने जताई चिंता

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने बार में सुबह तीन बजे तक शराब परोसने के मुद्दे पर कहा कि उस समय लोगों की सुरक्षा व कानूनी व्यवस्था बनाए रखने की जरूरत होती है। इस दशा में आबकारी विभाग व पुलिस एक सलाहकार समूह गठित करे और सभी पहलुओं पर विचार करे। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने कहा कि अदालत का इरादा आबकारी विभाग की नीति बनाने में व्यवधान डालने का नहीं है, लेकिन सार्वजनिक मनोरंजन के स्थानों के संचालन के समय को विनियमित करने में पुलिस के साथ पूर्ण सामंजस्य होना चाहिए। पुलिस व आबकारी विभाग इसको लेकर सलाहकार समिति गठित करे। पीठ ने नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन आफ इंडिया की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि बार या ऐसे प्रतिष्ठान जहां शराब परोसी जाती है, वहां निस्संदेह जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर असर पड़ता है। ब्यूरो

### संभल से गांधी नगर आकर करते थे चोरी दो भाई गिरफ्तार



नई दिल्ली। यूपी के संभल से भाइयों के एक गैंग के दिल्ली के गांधी नगर से कपड़ा चोरी कर संभल में फेरी लगाकर बेचने का मामला प्रकाश में आया है। यह लोग संभल में कपड़ा व्यापारी के रूप में मस्जिद के पास लाउडस्पीकर लगाकर कपड़े बेचते थे। कई बार साप्ताहिक बाजारों में कपड़ों की सेल भी लगाते थे। गांधी नगर थाना पुलिस ने मामले का परदाफाश करते हुए गैंग में शामिल दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान गांव मिलाक ककरोआ, संभल निवासी रफीक (60) और मोहम्मद हबीब (30) के रूप में हुई है। इनकी निशानदेही पर बड़ी मात्रा में कपड़ा बरामद किया है। इसकी कीमत 7.50 लाख रुपये से अधिक की बताई जा रही है। पुलिस आरोपियों के बाकी भाइयों की तलाश कर रही है। ब्यूरो

# महज 10 रुपये के लिए किशोर की ली थी जान

## आनंद पर्वत में नाबालिग की हत्या का मामला

अमर उजाला ब्यूरो

**सीसीटीवी फुटेज से पहचान कर पुलिस ने 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार**

नई दिल्ली। मध्य दिल्ली के आनंद पर्वत इलाके में 17 वर्षीय किशोर विजय की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। महज 10 रुपये न देने पर आरोपियों ने चाकू घोंपकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान प्रवीन उर्फ रवि उर्फ हुंडला (20), अजय बचकंडा (23), सोनू कुमार उर्फ सोनू (20) और जतिन उर्फ ढांचा (24) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से विजय की कैप और लूटे गए पर्स के अलावा वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है।

मध्य जिला पुलिस उपायुक्त श्वेता चौहान ने बताया कि सोमवार सुबह आनंद पर्वत थाना पुलिस को खून से लथपथ किशोर का शव बरामद हुआ था। मृतक की पहचान विजय के रूप में हुई। विजय परिवार के साथ बलजीत नगर, आनंद पर्वत इलाके में रहता था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की पड़ताल की गई तो पता चला कि चार लड़कों ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने लोकल मुखबिरों की मदद से आरोपियों की पहचान की। इसके बाद मंगलवार को आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ के दौरान आरोपी सोनू ने बताया कि रविवार रात को विजय एचआर रोड पर सीढ़ियों पर बैठा हुआ था। इस बीच चारों आरोपी आनंद पर्वत ऊपर की ओर से वहां पहुंचे। सोनू ने विजय से 10 रुपये की डिमांड की। मना करने पर वह उससे झगड़ा करने लगा। बात बढ़ी तो चारों आरोपियों ने विजय पर हमला कर उसके पेट में चाकू घोंप दिया।

**सोसाइटी में कुत्ता घुमाने पर दो पक्षों में झगड़ा :** ग्रेटर नोएडा। बीटा-2 थाना क्षेत्र की निंबस सोसाइटी में सोमवार रात बुजुर्ग के कुत्ता घुमाने पर कुछ छात्र-छात्राओं ने विरोध किया। इस बात पर दोनों पक्षों में विवाद और झगड़ा हो गया। इस दौरान मौके पर काफी हंगामा हुआ। ब्यूरो

# 3 साल की मासूम से दुष्कर्म कर हत्या के तीनों दोषियों को ताउम्र कैद की सजा बरकरार

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने 3 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म कर हत्या के तीन दोषियों को ताउम्र जेल में रहने की सजा को बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता व न्यायमूर्ति मिनी पुष्कर्णा की पीठ ने तीनों को निचली अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने को सही करार देते हुए कहा कि निचली अदालत ने तीनों को फांसी की सजा नहीं दी है।

अदालत ने कहा तीनों ने बच्ची के साथ दुष्कर्म कर मानवीय तरीके से उसके निजी अंग को क्षतिग्रस्त कर हत्या कर दी थी। ऐसी स्थिति में सिर्फ आजीवन कारावास की सजा उपयुक्त नहीं होगी। तीनों को ताउम्र जेल में रहने की सजा उपयुक्त होगी। यह मामला रमेश नगर इलाके का है। इस मामले में 6 जनवरी, 2012 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बच्ची की लाश नाले की सफाई के दौरान मिली थी। इसके बाद पुलिस ने जांच कर अपराधियों को गिरफ्तार किया था। सुनवाई के बाद विशेष पास्को अदालत ने 16 अक्टूबर, 2020 को तीनों अपराधियों को के तहत दोषी ठहराया था और उन्हें मृत्यु तक जेल में रहने की सजा सुनाई थी। ।ब्यूरो

## अब 1.21 करोड़ हर्जाना देगी कंपनी

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने अपनी अंक गणितीय त्रुटि में सुधार करते हुए टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने से प्रतिबंधित करने की बात छुपाकर याचिका दाखिल करने वाली एक कंपनी पर हर्जाने की राशि 12.50 करोड़ रुपये से कम कर 1 करोड़ 21 लाख 49 हजार 821 रुपये कर दी। न्यायालय ने अपने पहले के आदेश में उक्त राशि से स्मॉग टावर लगाने के निर्देश दिए थे। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की पीठ ने कहा कि उक्त राशि स्मॉग टावर लगाने के लिए बहुत कम है। इसलिए इस राशि को छह हफ्ते के भीतर कंपनी हाईकोर्ट में जमा करा दे। पीठ ने निर्देश दिया कि उक्त राशि में से 25 लाख रुपये दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, 25 लाख रुपये दिल्ली उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, 25 लाख रुपये प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष व 25 लाख आर्म्ड फोर्सेस बैटल कैजुअल्टी वेलफेयर फंड में दी जाए। ब्यूरो

# मेट्रो स्टेशन पर 2.7 करोड़ की विदेशी मुद्रा के साथ यात्री गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के पंजाबी बाग वेस्ट मेट्रो स्टेशन की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) कर्मियों ने एक यात्री को 2.7 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा के साथ पकड़ लिया। मंगलवार दोपहर एक्सरे मशीन में बैग डालने के बाद उसमें विदेशी मुद्रा का बंडल देखा गया। तलाशी लेने के बाद हवलदार ने आला अधिकारियों को इसकी जानकारी दी।

सीआईएसएफ अधिकारी ने बताया कि मंगलवार दोपहर पंजाबी बाग वेस्ट मेट्रो स्टेशन पर हवलदार राजीव रंजन मौजूद था। एक्सरे मशीन पर यात्री के बैग रखने के बाद उसमें विदेशी मुद्रा का बंडल दिखा। उसने तुरंत यात्री को हिरासत में लेकर अपने आला अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। जांच में यात्री की पहचान किरारी सुलेमान नगर निवासी गोविंद लांबा के रूप में हुई। उसने बताया कि वह ग्रेटर कैलाश पार्ट-2 में स्थित थामस कूक कंपनी में सहायक प्रबंधक के तौर पर काम करता है। उसने बताया कि वह विदेशी मुद्रा को बदलने के लिए लेकर जा रहा था। इसके बाद सीआईएसएफ ने दिल्ली मेट्रो रेल प्रशासन और ईडी को इस बारे में जानकारी दे दी। सूचना मिलने पर अधिकारियों ने यात्री से पूछताछ की। पूछताछ में यात्री विदेशी मुद्रा को लेकर ना तो कोई दस्तावेज पेश कर पाया और ना ही वह बता पाया कि इतनी मात्रा में विदेशी मुद्रा कहां लेकर जा रहा था। ईडी की टीम ने यात्री को अपने हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है।


Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹46800* Per 10g
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 01127042254


## सुप्रीम कोर्ट परिसर स्थित यूको बैंक में लगी आग

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट परिसर में स्थित यूको बैंक में मंगलवार सुबह आग लग गई। हादसे की खबर मिलते ही अफरा-तफरी मच गई। तुरंत मौके पर दमकल की पांच गाड़ियों को भेजा गया। आग से ऑफिस में रखी फाइल, फॉल सीलिंग, फर्नीचर, एसी और रिकॉर्ड जलकर राख हो गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस आशंका जता रही है कि शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी।

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 9.10 बजे सूचना मिली कि सुप्रीम कोर्ट परिसर में मौजूद यूको बैंक की शाखा में आग लग गई है। बैंक की तिजोरी में आग लगने की खबर मिली थी। तुरंत पुलिस के अलावा दमकल की पांच गाड़ियों को वहां भेजा गया। सुबह करीब 10.05 आग पर काबू पा लिया गया। ब्यूरो

## दिल्ली के गैंगस्टर को हथियार सप्लाई करने वाला बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर के गैंगस्टरों को हथियार सप्लाई करने वाले एक बदमाश को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव भिरोड़ा, किठौर, मेरठ निवासी मांगेराम (43) के रूप में हुई है। वह मेरठ से हथियार लेकर दिल्ली आया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह पिछले दो सालों में 200 से अधिक हथियारों की सप्लाई कर चुका है। स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि बदमाशों को हथियार सप्लाई करने वाला मेरठ का हथियार तस्कर दिल्ली आने ढवाला है। ब्यूरो



## परिवहन मंत्री ने बस क्यू सेल्टर, लेन का किया निरीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने परिवहन विभाग, दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी), दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मोडल ट्रांजिट के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में बस लेन और बस क्यू शेल्टर (बीक्यूएस) का निरीक्षण किया। प्रवर्तन अधिकारियों और दिल्ली वासियों के सहयोग से पिछले 67 दिनों में गलत पार्किंग करने पर 27079 निजी वाहनों और 1007 बसों का चालान किया गया। उनमें डीटीसी, क्लस्टर समेत अन्य बसें भी शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान परिवहन मंत्री ने अधिकारियों को बस मार्शलों के सहयोग से जागरूकता और निरंतर निगरानी करते हुए महिपालपुर क्रॉसिंग के पास से निजी वाहनों की अनाधिकृत पार्किंग से हटाने का निर्देश दिया। ब्यूरो


NIET Greater Noida
GET FUTURE-READY
Estd 2001
AN AUTONOMOUS INSTITUTE
College Code: 133
www.niet.co.in
NOIDA INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
Approved by AICTE, MHRD, Govt. of India, New Delhi & Affiliated to AKTU, Lucknow
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2022
1ST AUTONOMOUS
PRIVATE INSTITUTE U.P. TO GET STATUS BY UGC
Recognized by
NBA NATIONAL BOARD OF ACCREDITATION
CSE | ECE | ME | BT IT | B.PHARM | MBA | MCA
NAAC 'A' Grade
ACCREDITED AS "GRADE A" 3.23
QS I-GAUGE DIAMOND
AWARDED WITH "DIAMOND" BY QS I GAUGE (ENGINEERING)
43RD RANK IN INDIA
nirf NIRF-2021
Programs Offered:
▸ B.Tech
CSE, CSE (Regional), CSE (IOT, AI, AI&ML, CSBS(with TCS), DS, CS, IT,) ME, ECE, BT
▸ Integrated Course
B.Tech+M.Tech Integrated (CSE)
▸ M.Tech
(ME, CSE, BT, AI, VLSI)
▸ Pharmacy Institute
D.Pharm | B.Pharm | M.Pharm
▸ Management
MBA | PGDM
▸ Computer Application
MCA
2100+ RECORD BREAKING PLACEMENTS
HIGHEST PACKAGE ₹44 LAKHS
AVERAGE PACKAGE ₹4.72 LAKHS
PLACED 212 STUDENTS ABOVE 6.85 LPA
+91-8010500700
19, Knowledge Park-II, Institutional Area, Greater Noida (UP)
admission@niet.co.in



IIHMR DELHI
INTERNATIONAL INSTITUTE OF HEALTH MANAGEMENT RESEARCH
PGDM IN HOSPITAL & HEALTH MANAGEMENT
SPECIALISATION OFFERED
▪ Health Management
▪ Hospital Management
▪ Health Information Technology
GLOBAL COLLABORATIONS
MAHIDOL UNIVERSITY | IMPERIAL COLLEGE
RAK HOSPITAL | EMIRATES HOSPITAL | PSI
ADMISSIONS OPEN
SESSION 2022-24
HURRY UP
Limited seats left!!
AMONG TOP B-SCHOOL IN DELHI NCR REGION
www.iihmrdelhi.edu.in
Excellent Placement Record
Attractive Scholarship opportunities
IIHMR Delhi - Plot No 3, Sector 18A Dwarka Phase II, New Delhi - 110075
Contact: +91-7428895912 | +91-8448839790


## कुत्ते को पीटने के विरोध पर पड़ोसी ने फोड़ा सिर

**न्यू अशोक नगर की वारदात, गंभीर हालत में युवक को कराया अस्पताल में भर्ती**

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर इलाके में एक कुत्ते को पीटने का विरोध करना युवक को महंगा पड़ गया। पड़ोसियों ने युवक का सिर फोड़ दिया। घायल युवक को गंभीर हालत में एलबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित हेमंत कुमार परिवार के साथ न्यू अशोक नगर इलाके में रहता है। पड़ोस में कौशल मिश्रा नामक एक व्यक्ति परिवार के साथ रहता है। कौशल ने एक कुत्ता पाला हुआ है। सोमवार रात को उसका कुत्ता बाहर घूम रहा था। इस दौरान गली का एक लावारिस कुत्ता कौशल के कुत्ते को देखकर भौंकने लगा। इससे नाराज होकर कौशल डंडे से कुत्ते को पीटने लगा।

कुछ देर बाद घर से एक और सदस्य बाहर आया और उसने भी कुत्ते पर डंडे बरसा दिए। हेमंत ने इसका विरोध किया तो आरोपी उसकी लात-घूंसों से पिटाई कर दी। ब्यूरो


DHIRSONS JEWELLERS PVT LTD
— DHIRAJ DHIR GROUP —
Today's Hallmark 92% Gold Rate
₹46900/- per 10gms.
.916 certified by B.I.S.
MAKING CHARGES ONLY 8% ON ALL ITEMS
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market New Delhi - 110024. Ph: 47284728



सैनिक स्कूल, कालीबंगा
18 SPD, Rawatsar Road, Suratgarh (Rajasthan)
प्रवेश सूचना (2022-23)
कक्षा V, VI, VII, VIII, IX और XI में प्रवेश हेतु विशेष कोटा के अंतर्गत 18 रिक्तियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
फॉर्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 जून 2022 है।
• आवेदन पत्र स्कूल वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा 590/- रुपये के आवेदन शुल्क के साथ www.sainikschoolkalibangan.com पर ऑनलाईन ही भरे जायेंगे।
• साक्षात्कार, मेडिकल तथा चयन की समस्त जानकारी के लिये स्कूल की वेबसाईट समय-समय पर देखते रहें।
• सैनिक स्कूल, कालीबंगा छात्रों को NDA प्रवेश परीक्षा हेतु शैक्षणिक, मानसिक व शारीरिक रूप से प्रशिक्षित करता है।
संपर्क सूत्र :- 9210827301



TIMES NOW नवभारत
देश का बेहतरीन हिंदी न्यूज़ चैनल
देखेगा नवभारत जीतेगा भारत
देखो • खेलो • जीतो
TIMES NOW नवभारत देखिये, आसान सवालों के जवाब दीजिये और करोड़ों के आकर्षक इनाम पाइये
आज के इनाम
1 साल तक का मुफ्त राशन ₹1,20,000/-
1 साल तक का मुफ्त पेट्रोल ₹60,000/-
लैपटॉप ₹35,000/-
मोबाइल ₹23,999/-
*Terms & Conditions as mentioned on www.timesnownavbharat.com shall apply

# अमर उजाला Job Alert

## UPRVUNL में मौके ■ 48 पद




**सहायक समीक्षा अधिकारी व अन्य पद रिक्त**

- **आयु-सीमा :** न्यूनतम आयु 21 वर्ष व अधिकतम आयु 40 वर्ष। आयु की गणना 01 जनवरी, 2022 के अनुसार की जाएगी।
- **पात्रताएं :** उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन/पोस्ट-ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए। इसके अलावा अभ्यर्थी को कंप्यूटर पर हिंदी व अंग्रेजी में टाइपिंग का ज्ञान हो।
- **चयन का तरीका :** चयन कंप्यूटर आधारित टेस्ट (CBT), साक्षात्कार, टाइपिंग टेस्ट और डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन प्रक्रिया पर आधारित होगा। सीबीटी परीक्षा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को 28% व अन्य श्रेणी को 33% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। सीबीटी परीक्षा लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ और ग्रेटर नोएडा शहर में आयोजित की जाएगी।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** 25 जून, 2022 (ऑनलाइन)

**आवेदन शुल्क : रुपये 1180/-** www.uprvunl.org

## ECIL में भर्ती ■ 40 पद

**ट्रेड्समैन-'बी' के विभिन्न पद रिक्त**

- **आयु-सीमा :** अधिकतम आयु 28 वर्ष निर्धारित। आयु-सीमा में छूट नियमानुसार दी जाएगी।
- **पात्रताएं :** उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से मैट्रिक/एसएससी या इसके समकक्ष और आईटीआई सर्टिफिकेट के साथ एक साल कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।
- **चयन-प्रक्रिया :** चयन के लिए लिखित परीक्षा एवं ट्रेड टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। लिखित परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काटे जाएंगे। लिखित परीक्षा एवं ट्रेड टेस्ट में 50:50 के अनुपात (ओवरऑल 60%) में वेटेज होंगे। डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन में सफल अभ्यर्थियों को ही ट्रेड टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** 25 जून, 2022 (ऑनलाइन)

**आवेदन शुल्क : रुपये 500/-** www.ecil.co.in

## असम राइफल्स में करें आवेदन ■ 1380 पद



**टेक्निकल और ट्रेड्समैन के पदों पर रिक्तियां**

- **आयु-सीमा :** न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 23 वर्ष निर्धारित। आयु की गणना 01 अगस्त, 2022 के अनुसार होगी।

Job of the day

- **पात्रताएं :** उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समकक्ष डिग्री एवं अन्य निर्धारित पात्रताएं होनी चाहिए। इसके अलावा अभ्यर्थी को कंप्यूटर पर हिंदी व अंग्रेजी टाइपिंग का ज्ञान हो।
- **चयन का तरीका :** चयन के लिए फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट, ट्रेड टेस्ट (स्किल टेस्ट), रिटेन टेस्ट और मेडिकल टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थियों को टेस्ट में शामिल होने से पहले अपने सभी डॉक्यूमेंट्स का वेरिफिकेशन कराना अनिवार्य होगा। रिटेन टेस्ट 100 अंकों का होगा। अंतिम चयन के लिए टेस्ट में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी।
- **आवेदन की अंतिम तारीख :** 20 जुलाई, 2022 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन शुल्क : रुपये 200/-** www.assamrifles.gov.in

## यहां भी कर सकते हैं अप्लाई...

- **नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय :** मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद रिक्त।
  **तिथि :** 24 जून, 2022 ■www.nehrumemorial.nic.in
- **केंद्रीय सरकार कर्मचारी कल्याण आवास संगठन :** उप-निदेशक (प्रशासन), उप-निदेशक (तकनीकी) के पद।
  **अंतिम तिथि :** 30 जून, 2022 ■www.cgewho.in
- **साहित्य कला परिषद :** सहायक सचिव (संगीत, नृत्य एवं नाटक) के पदों पर आवेदन कर सकते हैं।
  **अंतिम तिथि :** 04 जुलाई, 2022 ■http://skpdelhi.in


उड़ान-अमर उजाला

**UPPCS-2022**

**उत्तर प्रदेश स्पेशल**




राज्य से जुड़े विभिन्न परीक्षोपयोगी तथ्य और ताजा आंकड़े

प्रतियोगी परीक्षाओं की उत्कृष्ट व प्रामाणिक पुस्तकें अब www.udaan.amarujala.com पर भी उपलब्ध।

ऑनलाइन खरीदने के लिए QRकोड को तुरंत स्कैन करें।

नोट : 9811413743, टोल फ्री नंबर 18001211166 पर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संपर्क करें


अपने सुझाव और सवाल हमें ई-मेल करें: jobalert@amarujala.com

# उच्च शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता में और सुधार आवश्यक : राष्ट्रपति

## तेजपुर विवि के प्रो. प्रीतम देव, हैदराबाद विवि के प्रो. अनुनय को विजिटर अवार्ड

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को कहा कि भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता में सुधार हो रहा है। क्यूएस रैंकिंग में जहां पिछले वर्ष 29 संस्थानों को जगह मिली थी, अब 35 उच्च शिक्षण संस्थानों को टॉप 300 में जगह मिली है। हालांकि बड़े लक्ष्य को पाने के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता में और अधिक सुधार की जरूरत है।

भारतीय शिक्षण संस्थान विश्व में सर्वश्रेष्ठ मानक स्थापित करें। उन्होंने कहा कि भारतीय विज्ञान संस्थान(आईआईएससी बंगलूरू) ने शोध पैरामीटर पर 100 फीसदी स्कोर प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए मैं आईआईएससी के निदेशक डॉ गोविंदन रंगराजन और उनकी टीम को बधाई देता हूं। वे



प्रो.मोहम्मद जाहिद अशरफ को पुरस्कार देते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद। अमर उजाला

राष्ट्रपति भवन में मंगलवार से शुरू दो दिवसीय विजिटर कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रपति ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी शिक्षा में बदलाव ला रही हैं। महामारी से जब शिक्षा में बाधा आई तो प्रौद्योगिकी ने निरंतरता सुनिश्चित की। पढ़ाई सिर्फ किताब तक सीमित न रहे, बल्कि रोचक हो, ताकि छात्र उस विषय को अच्छे से समझ कर याद रखें। दो दिवसीय सम्मेलन में केंद्र सरकार के सभी विश्वविद्यालय, आईआईटी, एनआईटी, आईआईआईटी समेत रिसर्च संस्थानों के प्रमुख शामिल रहे।

**शोध क्षेत्र में बेहतरीन काम के लिए सम्मान :** जामिया मिल्लिया इस्लामिया के प्रोफेसर मो. जाहिद अशरफ को प्रतिष्ठित विजिटर अवार्ड मिला है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने प्रो. अशरफ को ब्लड क्लोटिंग ऑन एक्सपोजर टू हाइपोक्सिया एट हाइ एल्टिट्यूड के रहस्य को सुलझाने पर उनके अग्रणी शोध के लिए पुरस्कार दिया है। उन्हें पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र और 2,50,000 रुपये की राशि मिली है। कुलपति प्रो. नजमा अख्तर ने प्रो. अशरफ को इस पुरस्कार के लिए बधाई दी है। प्रो. अशरफ राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, इलाहाबाद और भारतीय विज्ञान अकादमी, बैंगलोर के निर्वाचित फेलो हैं। वे प्रतिष्ठित गुहा अनुसंधान परिषद के सदस्य भी हैं। यह दूसरी बार है जब जामिया के किसी प्रोफेसर को विजिटर अवार्ड से नवाजा गया है। कार्यक्रम में इसके अलावा तेजपुर विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के प्रो प्रीतम देव और हैदराबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अनुनय सामंत को विजिटर अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

# इग्नू : एमबीए, एमसीए में दाखिले के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

अमर उजाला ब्यूरो

**एआईसीटीई से अनुमति के बाद विश्वविद्यालय ने आवेदन विंडो खोली**

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) शैक्षणिक सत्र 2022-23 में एमबीए और एमसीए प्रोग्राम में ऑनलाइन और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड (ओडीएल) से पढ़ाई करवाएगा। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने एमबीए और एमसीए प्रोग्राम ऑनलाइन और ओपन एंड डिस्टेंस मोड से करवाने को मंजूरी दे दी है। इसके आधार पर इग्नू ने जुलाई सत्र 2022-23 के लिए एमबीए और एमसीए प्रोग्राम में ऑनलाइन और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड से दाखिले की घोषणा की है।

इग्नू प्रशासन के मुताबिक, जुलाई सत्र में ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बैंकिंग एंड फाइनेंस), मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन प्रोग्राम में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन विंडो ओपन की गई है। इसके अलावा ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम के तहत मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन और मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन प्रोग्राम शामिल है।

इच्छुक उम्मीदवार ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड के तहत इन प्रोग्राम में जुलाई सत्र में दाखिला लेना चाहते हैं तो वे 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन पत्र भर सकते हैं। इग्नू एडमिशन पोर्टल पर छात्रों को ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड के तहत ऑनलाइन आवेदन भरना होगा।

ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिए छात्रों को ignouadmission.samarth.edu.in पर लॉगइन करके रजिस्ट्रेशन करना होगा। जबकि ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम के लिए ignouiop.samarth.edu.in पर लॉगइन करने के बाद रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा। दाखिला और प्रोग्राम संबंधी जानकारी भी इसी पोर्टल पर मिलेगी।

# गणित का संतुलित पेपर देख विद्यार्थियों का डर हुआ दूर

अमर उजाला ब्यूरो

**त्रिआयामी ज्यामिति से पूछे गए सवाल थोड़े कठिन लगे**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 26 अप्रैल से शुरू हुई बारहवीं की परीक्षाएं अब अंतिम पड़ाव पर हैं। 15 जून को परीक्षाएं समाप्त हो जाएंगी। मंगलवार को बारहवीं के गणित विषय का पेपर हुआ। गणित विषय को लेकर जो डर बच्चों में रहता है वह संतुलित प्रश्न पत्र को देखकर काफी हद तक दूर हो गया। हालांकि, कुछ छात्रों ने कुछ प्रश्नों के लंबा होने की शिकायत की। जबकि कुछ बच्चों को त्रिआयामी ज्यामिति पर पूछे गए सवाल थोड़े कठिन लगे।

विद्या बाल भवन स्कूल के पीजीटी गणित के शिक्षक हेमंत कुमार ने कहा कि टर्म-2 की गणित की परीक्षा आसान और अपेक्षा के अनुरूप थी। पेपर लंबा नहीं था लेकिन कुछ सवाल घुमा फिरा कर पूछे गए थे। पूरे प्रश्न पत्र को देखा जाए तो वह ठीक था। सभी प्रश्न पाठ्यक्रम में से पूछे गए थे।

एक अन्य पीजीटी शिक्षक ने कहा कि त्रिआयामी ज्यामिति से पूछे गए एक प्रश्न कुछ बच्चों को थोड़े मुश्किल लगे। लेकिन जिन भी बच्चों ने गणित की अच्छे से तैयारी की होगी उन्होंने उन प्रश्नों को आसानी से हल कर दिया होगा। गणित के पेपर में कुछ ऐसे प्रश्न थे जो कठिनाई स्तर में आसान से मध्यम स्तर के थे।

## सेंट स्टीफंस मामला छात्रों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

**नई दिल्ली।** सेंट स्टीफंस कॉलेज में दाखिले के लिए 15 फीसदी साक्षात्कार के अंक तय करने का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। कॉलेज के इस फैसले के विरोध में छात्रों ने अनिश्चितकालीन धरने की शुरुआत कर दी है। क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) के बैनर तले मंगलवार को आर्ट फैकल्टी के बाहर धरने की शुरुआत की गई। केवाईएस ने धरने में सरकारी स्कूल के छात्रों को डेप्रीवेशन पॉइंट्स दिए जाने और डीयू के सभी कॉलेजों में इवनिंग शिफ्ट शुरू करने की भी मांग की। डीयू में इस साल से कॉमन यूनिवर्सिटीज एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) लागू होने वाला है। यह ऐसा कदम है जो औपचारिक स्कूल शिक्षा में प्रवेश पाने से बहुसंख्यक छात्रों को बाहर कर देगा। वहीं, सेंट स्टीफंस कॉलेज ने सीयूईटी स्कोर के अलावा एक साक्षात्कार मानदंड या इंटरव्यू वेटेज की घोषणा की है। ब्यूरो

# एनएसयूटी : विज्ञान के माध्यम से घटेगा इंजीनियरिंग छात्रों का तनाव

## विवि ने एक संस्था के साथ किया समझौता, जुलाई से शुरू होगा पाठ्यक्रम

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (एनएसयूटी) में इंजीनियरिंग के छात्रों का तनाव विज्ञान के माध्यम से कम किया जा सकेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय ने योजना तैयार कर एक संस्था के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। जल्द ही विश्वविद्यालय में रेखी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में साइंस ऑफ हैप्पीनेस शुरू किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर के मुताबिक, इंजीनियरिंग के छात्रों के तनाव को कम करने के लिए विश्वविद्यालय ने रेखी फाउंडेशन के साथ समझौता किया है। अक्सर यह देखने में आता है कि पढ़ाई के कारण कई छात्र अधिक तनावग्रस्त होने के साथ अपने व्यवहार में संतुलन खो देते हैं। इससे उनके व्यवहार में भी व्यापक अंतर देखने को मिलता है। इसको देखते हुए विश्वविद्यालय में हैप्पी एंड वैलनेस पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। खास बात यह है कि इसमें शामिल होने वाले छात्रों का मूल्यांकन भी किया जाएगा, जिससे छात्रों में उनके प्रदर्शन के हिसाब से सुधार भी किया जा सके।

### पहले व दूसरे सेमेस्टर के छात्र हो सकेंगे शामिल

विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के मुताबिक, इस कोर्स को फिलहाल विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए डिजाइन किया गया है। ऐसे में शुरुआती तौर पर केवल पहले और दूसरे सेमेस्टर के छात्र ही इसमें शामिल हो सकेंगे। हालांकि, भविष्य में बाहरी छात्रों को शामिल करने को लेकर विचार किया जा सकता है। इसके लिए विश्वविद्यालय के छात्रों की रिपोर्ट का सहारा लिया जा सकता है।

### सामाजिक व आर्थिक संसाधनों की बढ़ेगी समझ

विश्वविद्यालय के मुताबिक, केंद्र का उद्देश्यों बेहतर प्रक्रिया को विकसित करना है, जिससे अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिल सके। इससे बौद्धिक, सामाजिक और आर्थिक संसाधनों के बारे में शिक्षार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में मदद मिलेगी। यह युवाओं को उनके बड़े उद्देश्यों और जीवन के अर्थ को खोजने के लिए प्रोत्साहित करेगा। साथ ही वंचितों और समाज के कमजोर वर्ग को उनकी आत्मनिर्भरता की दिशा में मार्गदर्शन करेगा।

**जुलाई से शुरू होगा कोर्स :** विश्वविद्यालय में हैप्पीनेस कोर्स शुरू होने के लिए अगले माह का समय निर्धारित किया गया है। जुलाई से कोर्स शुरू हो जाएगा और इसके लिए छह माह का समय रखा गया है। ऐसे में छह माह के भीतर छात्रों को मानसिक तनाव कम करने के लिए गुर सिखाए जाएंगे।

**देश-विदेश में पहले से चल रहा है कोर्स :** विज्ञान के माध्यम से छात्रों को तनाव कम करने के लिए देश-विदेश के कई संस्थानों में इस तरह के कोर्स चल रहे हैं। इसमें आईआईटी खड़गपुर, कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, सेक्रेमेंटो व येल यूनिवर्सिटी के नाम शामिल हैं।

# डीयू के कई विभाग को ई-समर्थ पोर्टल से जोड़ा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय अब अपने अधिकतर काम पेपरलेस कर रहा है। प्रशासन ने अपने प्रशासनिक और लेखा विभाग को डिजिटल कर दिया है। इसके लिए इन्हें ई-समर्थ पोर्टल से जोड़ा गया है। अब अन्य विभागों को इस पोर्टल से जोड़ने की तैयारी की जा रही है।

साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी और डिजिटल डेटा बैंक तैयार कर इसे पोर्टल से जोड़ दिया जाएगा। डीयू में डिजिटलीकरण होने से कागज पर




निर्भरता कम होगी। डीयू के एक अधिकारी ने कहा कि विवि दाखिले और परीक्षा जैसी प्रक्रियाओं को ऑनलाइन करने में सफल रहा है। वहीं कुछ महीनों में प्रशासनिक और लेखा कार्यों को समर्थ पोर्टल से जोड़ा गया है। डीयू ने अपने सभी कार्यों के संचालन को ऑनलाइन स्थानांतरित करने की प्रक्रिया की शुरूआत छः साल पहले की थी, लेकिन छः महीनों में इस कार्य ने गति पकड़ी है, क्योंकि अधिकांश कार्य ई-समर्थ से जुड़े हैं। प्रशासन का मानना है कि डिजिटलीकरण से विवि के कामकाज को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी और कागज पर निर्भरता कम होगी। डीयू एक डिजिटल लाइब्रेरी और डिजिटल डेटा बैंक बनाने पर भी काम कर रहा है। इन्हे भी समर्थ पोर्टल से जोड़ा जाएगा। वर्षों के डेटा को डिजिटल करने में समय लगता है, इसके लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

## शिक्षक पुरस्कार के लिए 20 तक करें आवेदन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) शिक्षक पुरस्कारों के लिए देशभर से 32 शिक्षकों का चयन करेगा। इसके लिए बोर्ड ने शिक्षक व प्रिंसिपल से 20 जून तक ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। चयनित शिक्षकों को 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर 50 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। बोर्ड ने ऑनलाइन आवेदन करने के लिए एक लिंक भी जारी किया है। इस पर शिक्षक आवेदन कर सकते हैं। शिक्षकों का चयन सौ अंकों के आधार पर किया जाएगा। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षक ही सम्मानित किए जाएंगे। यह पुरस्कार प्राप्त करने के लिए प्राथमिक शिक्षक से लेकर बारहवीं तक पढ़ाने वाले शिक्षक आवेदन कर सकते हैं। ब्यूरो


**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 30/2022

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है:-

क्रम सं.-1, कार्य का विवरण: व.मं.इं./सम/इज्जतनगर के अनुभाग में समपार सं. 229, 232, 233, 234, 236 एवं 243 पर एल.एच.एस. के निर्माण के स्वीकृत कार्य के अंतर्गत समपार सं. 232 एवं 233 पर गैल्वनाइज्ड आयरन प्रोफाइल शीट लगाने का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 15,73,488/-, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 31,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: 45 माह।

(1) ई-निविदा दिनांक 29-06-2022 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

(2) ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू-63

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो0 नं0 : 09794845955 पर एसएमएस करें।

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली **दो-पैकेट पद्धति** ई-निविदा के आधार पर नीचे लिखे हुए कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थल | उत्तर रेलवे के दिल्ली-रेवाड़ी खंड पर पालम और बिजवासन स्टेशनों के बीच प्रस्तावित बिजवासन यार्ड में 65 गेज मशीन क्रश्ड हार्ड स्टोन गिट्टी और अन्य विविध संबंध कार्यों की आपूर्ति और स्टैकिंग। |
| 2. | कार्य पूरा होने की अवधि | 09 माह |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1235.91 लाख |
| 4. | धरोहर राशि | रु. 7,68,000 (सात लाख अड़सठ हजार रुपये) |
| 5. | ई-निविदा जमा करने व खोलने की तारीख एवं समय | निविदाएं 29.06.2022 को 11:30 बजे तक IREPS वेबसाईट जो कि www.ireps.gov.in है, पर अपलोड की जा सकती है। निविदाकर्ता ई-निविदा जो कि 29.06.2022 को 11:30 बजे खोले जाएंगे, में भाग ले सकते हैं। |
| 6. | विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज | विस्तृत ई-निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज दिनांक 08.06.2022 से 29.06.2022 तक रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे। उपरोक्त निविदा के दस्तोवज IREPS वेबसाईट जो कि www.ireps.gov.in है, पर 15.06.2022 से 29.06.2022 तक अपलोड के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्य नियम व शर्ते उपरोक्त निविदा के संबंध में निविदा दस्तावेज में दी गई है। विस्तृत निविदा सूचना कार्यालय के सूचना-पट्ट पर भी देखी जा सकती है। |

संख्या- 496-Acs-Ballast-Bijwasan-CSB दिनांक : 07.06.2022. 1380/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**JKPTCL OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, TLMD-VI (6), BEMINA, SRINAGAR**

Tele No: 0194-2492429 Fax: 0194-2492429. Email: tlcdistpdd@gmail.com

EXTENSION-I

e-NIT No: TLMD-VI/03 of 2022-23 Dated: 30/04/2022

**Name of the work:** Supply, laying of 15 No. Tower/ Gantry Foundations including Stub Setting and steel reinforcement, erection of superstructures and accessories of 22 No. towers / Gantries, laying / stringing of conductor and 06 (six) no. protection walls for 132kV D/C Transmission line from Budgam Grid Station to IRCON (Railway Station) Budgam.

**Corrigendum title:** Extension of bid submission dates for NIT due to poor response. Bids not accompanied with CDR/FDR/DD shall not be entertained for techno-commercial evaluation.

**CRITICAL DATES AFTER CORRIGENDUM:-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | e-Bid submission (end) date & time(Submission supporting documents in PDF formats). | 16-06-2022 ( 4pm) |
| 2. | Online Techno-Commercial e-Bid opening date and time. | 18-06-2022 (3pm) |
| 3. | Venue of opening of Techno-Commercial-Bids. | Office of the Executive Engineer, TLMD-VI, Bemina, Srinagar |
| 4. | Cost of e-Bid document (to be submitted in the form of DD /Online Payment Pledged to Executive Engineer, TLMD-VI, JKPTCL Bemina Srinagar. | Rs. 5000/- |
| 5. | Cost of EMD ( in the form of CDR/FDR) | Rs.940580/= pledged to Executive Engineer TLMD- VI, Bemina Srinagar. |

All other terms and conditions shall remain same as per attached SBD, BOQ and other documents uploaded on site.

Sd/- Executive Engineer TLMD-VI, Bemina Sgr.

DIPK/NB/1487-22 Dtd: 07/06/2022

**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**

विकास पथ, गाजियाबाद

(ISO 9001 :2015 एवं ISO 14001 :2015 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक/195/क0 अनु0/2022 दिनांक : 06/06/2022

**सार्वजनिक सूचना**

प्रधानमंत्री आवासीय योजना के अन्तर्गत निजी विकासकर्ताओं द्वारा निर्माणधीन ई0डब्ल्यू0एस0 भवनों हेतु मै0 ए0टी0एस0 ग्रेड रियलटर्स प्रा0लि0 खसरा सं0 – 339,340,349 व 350 ग्राम रसूलपुर सिकरोड गाजियाबाद, योजना कोड – 909 41डी में 488 अवशेष भवनों हेतु एंव मै0 जय अम्बे प्रा0लि0 खसरा सं0 1207 ग्राम नूरनगर गाजियाबाद, योजना कोड–910 41डी में 71 अवशेष भवनों हेतु ऑनलाइन योजना दिनांक 01.06.2021 से 30.06.2021 तक प्रकाशित की गयी थी, योजनाओं के अन्तर्गत शेष भवनों हेतु प्राप्त आवेदनों के परिक्षण उपरान्त परियोजना अधिकारी डूडा द्वारा पात्रता सूची में पात्र पाये गये आवेदकों के मध्य आरक्षण/ आवंटन लॉटरी ड्रॉ दिनांक 14.06.2022 को हिन्दी भवन, लोहिया नगर गाजियाबाद में दोपहर 12:00 बजे से किया जाना प्रस्तावित है।

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत ब्रोशर की धारा 5.2 के अनुसार लॉटरी ड्रॉ से पूर्व प्राधिकरण की वेबसाइट www.gdaghaziabad.in एंव प्राधिकरण के जन सम्पर्क कार्यालय में उपलब्ध पात्र आवेदकों की सूची की प्रविष्टियों में दिनांक 08.06.2022 से 10.06.2022 तक आपत्ति एंव आवश्यक संशोधन हेतु आवेदक निर्धारित अवधि में आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। गलत तथ्य एंव प्रपत्र के आधार पर यदि कोई आवेदक लॉटरी ड्रॉ में सफल होता है तो उक्त का संज्ञान लेते हुए आवंटित भवन स्वतः निरस्त माना जायेगा। समस्त पात्र आवेदक लॉटरी ड्रॉ में निर्धारित तिथि, स्थल व समय पर अपनी पंजीकरण धनराशि की मूल चालान प्रति लेकर स्वंय उपस्तिथ रह सकते हैं। सहायक अभियन्ता (पी0एम0ए0वाई0)

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, : @ Gda Ghaziabad : @ gdagzb

हेल्पलाईन 0120-6110 433, व्हाट्सएप: 9990988004 वेबसाईट: www.gdaghaziabad.in

एक सुन्दर शहर ........... हमारा संकल्प

**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

टेंडर नोटिस सं. 19/2022-2023 दिनांक : 07.06.2022

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 08221219 | इन्सूलेशन रेल (नाईलोन-66 टाईप) 52 के जी | 4995 सेट | 29.06.22 |
| 02 | 07221501 | एयर ब्रेक हाउस कपलिंग | 24740 नग | 30.06.22 |
| 03 | 09222050 | साईड फ्रेम की फॉर नैरो एण्ड वाइड जॉ | 137288 नग | 04.07.22 |
| 04 | 19220685 | ब्रेक कैलिपर असेम्बली | 07 सेट | 01.09.22 |
| 05 | 19222158 | ऑक्सिलियर्य रिले टाइप पी सी – 8 | 200 नग | 17.10.22 |

निविदा शर्तें-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

1382/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**सूचना**

रेलवे सेवकों (अनुशासन अपील) नियम-1968 के तहत आरोपित सरकारी अधिकारी का विशेष ध्यान आकर्षित करने के लिए।

जबकि अधोहस्ताक्षरी अनुशासनात्मक प्राधिकारी अधिकारी विभागीय अनुशासनात्मक मामला **नं.230-चुनाव/टीआरडी/पीएसआई/4/54 दिनांक-02.05.2022 श्री ईश्वर लाल पासवान** के खिलाफ शुरू किया गया। **श्री ईश्वर लाल पासवान पुत्र श्री अवधेश पासवान**, विधुत खलासी, एसएसई/पीएसआई/पटेलनगर के तहत इलेक्ट्रिक टीआरडी विभाग में कार्यरत है जोकि दिनांक **31.07.2021** से आज तक, दिनांक- **02.05.02022** को जारी चार्जशीट के अनुसार अपनी ड्यूटी से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे है। उनका उपलब्ध आवासीय पता ग्राम उचित बीघा/हसपुरा, औरंगाबाद बिहार, पिन - 824101 है। अब, इसलिए उन्हें अंतिम रूप से सूचित किया जाता है और सलाह दी जाती है कि इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से **15 दिनों के भीतर** इस कार्यालय में ड्यूटी के लिए रिपोर्ट करें अन्यथा उक्त जांच की कार्यवाही एकपक्षीय आधार पर पूरी की जाएगी जो अधिक कड़ी और बड़ी सजा को आमंत्रित कर सकती है। 1379/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0**

अल्पकालीन ई-निविदा सूचनाः-निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु ई-टेण्डरिंग माध्यम से निविदा दिनांक 23.06.2022 को 13.00 बजे से पूर्व/तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन समय 16:00 बजे ई-पोर्टल पर खोली जायेंगी। निविदा की अर्हता सम्बन्धी विस्तृत जानकारी/संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-टेण्डर पोर्टल http://www.etender.up.nic.inएवं www.pvvnl.org पर उपलब्ध करायी जायेगी। ई-निविदा संख्या-32/वि०वि०म०प्र०बु0/22-2023, वि०वि०ख०-खुर्जा के अर्न्तगत वि0वि0उ0 ख0-प्रथम, खुर्जा के विभिन्न उपकेन्द्रो के वार्षिक प्राक्कलनानुसार आपातकालीन स्थिति में ब्रेकडाउन होने के उपरान्त शीघ्रता के साथ विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारू कराने के संबंध में। ई-निविदा संख्या-33/वि०वि०म०प्र०बु0/22-2023, वि०वि०ख०-खुर्जा के अर्न्तगत वि0वि0उ0ख0-द्वितीय/तृतीय, खुर्जा के विभिन्न उपकेन्द्रो के वार्षिक प्राक्कलनानुसार आपातकालीन स्थिति में ब्रेकडाउन होने के उपरान्त शीघ्रता के साथ विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारू कराने के संबंध में। उपरोक्त दोनों निविदाओं की पृथक-पृथक धरोहर राशि रु0 2000.00 एवं निविदा शुल्क रु0 1000+GST 18% =1180 है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल प्रथम, बुलन्दशहर बिजली चोरी की सूचना हेल्पलाईन नम्बर पर दें:- 1800-180-3002 (मेरठ), 1800-180-8752 (लखनऊ)। 'राष्ट्रहित में बिजली बचायें। पत्रांक : 752, दिनांकः- 7.6.2022

# अब 21 अगस्त को धराशायी होंगे सुपरटेक के ट्विन टावर

## नोएडा प्राधिकरण और विभिन्न विभागों की बैठक में फैसला

अमर उजाला ब्यूरो

**नोएडा।** आखिरकार सेक्टर-93ए स्थित सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट के ट्विन टावर को गिराने की तिथि तय हो गई। अब 21 अगस्त को ट्विन टावर धराशायी हो जाएंगे। ब्लास्ट से पहले आसपास रहने वाले लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई फैसले लिए गए हैं। इन पर मंगलवार को सेक्टर-6 स्थित प्राधिकरण के बोर्ड रूम में चर्चा हुई। इस दौरान सभी स्टेक होल्डर भी मौजूद रहे।

ट्विन टावर के सुरक्षित ध्वस्तीकरण की कार्ययोजना निर्धारित करने के लिए अनापत्तियों में दी गईं शर्तों के पालन की स्थिति और एमराल्ड कोर्ट ओनर्स रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया के दौरान हो रही समस्याओं पर विचार-विमर्श करने के सीईओ की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें प्राधिकरण के अधिकारियों के अलावा पुलिस, अग्निशमन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सीबीआरआई व गेल के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सुपरटेक, एडिफिस इंजीनियरिंग, एमराल्ड कोर्ट ओनर्स रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन व एटीएस विलेज अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन के अधिकारियों ने भाग लिया।

इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के 28 अगस्त तक ध्वस्तीकरण के आदेश के क्रम में ट्विन टावर ढहाने की तारीख 21 अगस्त तय की गई। सात दिन का समय बैकअप में रखा गया है, ताकि किसी तरह की व्यवस्था बहाली में दिक्कत होने पर फैसला लिया जा सके। 28 अगस्त तक हर हाल में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पूरी की जानी है।



3500 किलो विस्फोटक का इस्तेमाल होगा

### मलबे के लिए लगेंगी लोहे की शीट

सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट के ट्विन टावर का मलबा करीब पांच-छह मंजिला इमारत की ऊंचाई तक मौजूद रहेगा। ऐसे में ध्वस्तीकरण के बाद वहां लोहे की शीट लगेंगी, जो मलबे को ढकने का काम करेंगी। इसके अलावा टेस्ट ब्लास्ट के बाद वाइब्रेशन की रिपोर्ट एडिफिस इंजीनियरिंग की ओर से अभी तक गेल और सीबीआरई को उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसे 20 जून तक उपलब्ध कराने को कहा गया है।

### एक अगस्त से लगना शुरू होगा विस्फोटक

एडिफिस इंजीनियरिंग के पदाधिकारियों का कहना है कि अंतिम ब्लास्ट को लेकर जिओ फाइबर टेक्सटाइल और तार की जाली आदि लगाने का काम किया जा रहा है। करीब 88 प्रतिशत तक काम हो चुका है। कुछ काम 68 प्रतिशत तक हुए हैं। इसके अलावा 1 अगस्त से विस्फोटक लगाने का काम शुरू होगा। हालांकि, पुलिस से इसकी अनुमति लेनी होगी। कुल 3500 किलो विस्फोटक का इस्तेमाल किया जाएगा।

# पुलिस की तीन टीमों ने तलाशा गुम हुआ खरगोश

**साहिबाबाद।** सात साल पूर्व रामपुर में भैंस चोरी की खबर ने पुलिस महकमे की नींद उड़ा दी थी। तब भैंसों की तलाश में पुलिस अधिकारियों को भी जुटना पड़ा था। 24 घंटे की जद्दोजहद के बाद टीम को भैंस ढूंढने में सफलता मिली थी, कुछ ऐसा ही एक मामला साहिबाबाद थाना क्षेत्र में सामने आया है लेकिन यहां भैंस नहीं, बल्कि एक महिला के खरगोश चोरी का है।

महिला के हंगामे और शिकायत के बाद साहिबाबाद थाने से तीन टीमों का गठन किया गया। एक हफ्ते तक टीम ने सिटी फॉरेस्ट में कड़ी निगरानी रखी और सोमवार रात डेढ़ बजे पुलिस को खरगोश ढूंढने में सफलता मिल गई। कविनगर थाना क्षेत्र के लालकुआं पर रहने वाली देवांती उर्फ विजेता कई वर्षों से खरगोश पालती हैं।



### सात दिन बाद सिटी फॉरेस्ट में झाड़ियों में मिला खरगोश

27 मार्च को उन्होंने एक खरगोश (फीमेल) सिटी फॉरेस्ट में केयर टेकर संजय को रखने के लिए दिया था। कागजी कार्रवाई के बारे में संजय ने मना कर दिया। 17 अप्रैल को उन्होंने खरगोश देखा और चली गईं। मई माह में वह वापस आईं और सिटी फॉरेस्ट में संजय से खरगोश मांगा तो उसने गायब होने की जानकारी दी। इस पर उनकी तबीयत बिगड़ गई। उनका कहना था कि वह खरगोश को बच्चे की तरह पालती हैं। उन्होंने संजय समेत तीन स्टाफ पर खरगोश चोरी होने का शक जाहिर किया। 25 मई को साहिबाबाद पुलिस को संजय, रसूली और छोटे के खिलाफ खरगोश चोरी की शिकायत दी। पुलिस ने खरगोश तलाशने का आश्वासन देकर तीन दिन तक सिटी फॉरेस्ट के कोने-कोने में निगरानी की लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

# पुलिस में 26 हजार से अधिक नौकरियां सिपाही बनने का सपना होगा साकार

## दिल्ली और यूपी पुलिस में हो रही बंपर भर्ती, आज ही शुरू करें परीक्षा की पक्की तैयारी

**नई दिल्ली।** अगर आप भी बारहवीं पास करने के बाद पुलिस विभाग में भर्ती होना चाहते हैं तो इन दिनों आपके पास सुनहरा मौका है। जहां एक ओर दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल (मिनिस्ट्रियल) के सैकड़ों पदों पर भर्तियां हो रही हैं तो वहीं उत्तर प्रदेश में भी 26,000 से अधिक आरक्षी पदों को जल्द भरे जाने की तैयारियां जारी हैं, इसके लिए यूपी पुलिस बोर्ड ने 7 जनवरी 2022 को टेंडर विज्ञप्ति जारी की है।

दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इसकी अंतिम तारीख 16 जून है। पदों पर भर्ती होने के लिए अभ्यर्थियों को पहले लिखित परीक्षा देनी होगी। इसके बाद ही आगे की चयन प्रक्रिया में शामिल होने का मौका होगा।

इसके लिए जाने-माने लर्निंग प्लेटफार्म Safalta.com ने पुलिस विभाग की परीक्षाओं को क्रैक करने के लिए स्पेशल कोर्स डिजाइन किए हैं जिनमें एडमिशन लेकर अभ्यर्थी पुलिस की नौकरी पाने का सपना पूरा कर सकते हैं।







### दिल्ली पुलिस का कोर्स

- 180+ घंटे लाइव क्लासेज
- 3000+ प्रश्नों का अभ्यास
- 30+ मॉक टेस्ट
- 150+ पीडीएफ नोट्स

### यूपी पुलिस का कोर्स

- 120+ घंटे लाइव क्लासेज
- 100+ पीडीएफ नोट्स
- 3000+ प्रश्नों का अभ्यास
- 30+ मॉक टेस्ट
- सभी क्लासेज का रिकार्डेड बैकअप

### महत्वपूर्ण तिथि

**दिल्ली पुलिस**

| | |
|---|---|
| आवेदन प्रारंभ | 17 मई |
| अंतिम तिथि | 16 जून |
| कंप्यूटर एग्जाम | सितंबर 2022 |

**पदों का विवरण**

दिल्ली पुलिस हेड कांस्टेबल — 835 (नोटिफिकेशन के अनुसार)

**यूपी पुलिस**

नोटिफिकेशन जल्द होगा जारी

**पदों का विवरण**

यूपी पुलिस कांस्टेबल — 26210 (उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार)

### वेतन

दिल्ली पुलिस में हेड-कांस्टेबल (मिनिस्ट्रियल) भर्ती में सफल होने वाले अभ्यर्थी को न्यूनतम 25,500 रुपये से अधिकतम 81,100 रुपये तक वेतन दिया जाता है। इसके अलावा नियमानुसार केंद्र सरकार की अन्य सुविधाओं का भी लाभ मिलता है। वहीं यूपी पुलिस में सिपाही बनने वाले उम्मीदवार को ग्रेड-पे 2000 और पे बैंड 5,200 से 20,200 के अंतरगत सैलरी मिलती है। साथ ही इस भर्ती में चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को महंगाई भत्ता, चिकित्सा भत्ता, मकान किराया भत्ता, यात्रा भत्ता तथा अन्य कई तरह के भत्तों का भी लाभ मिलता है।

### कौन कर सकता है आवेदन

दिल्ली पुलिस की हेड-कांस्टेबल भर्ती में कोई भी बारहवीं पास महिला एवं पुरुष उम्मीदवार आवेदन कर सकता है। इसके अलावा कैंडिडेट्स इंग्लिश में 30 व हिन्दी में 25 शब्द प्रति मिनट की गति से टाइपिंग करने में दक्ष होना चाहिए। साथ ही यूपी में कांस्टेबल बनने के लिए भी न्यूनतम 12वीं पास होना अनिवार्य है। इसकी ज्यादा जानकारी शीघ्र जारी होने वाली अधिसूचना में साझा की जाएगी।

### Safalta.com के साथ करें तैयारी

15 लाख से अधिक रजिस्टर्ड यूजर का भरोसा जीत चुके Safalta.com ने दिल्ली पुलिस हेड-कांस्टेबल व यूपी पुलिस सिपाही के लिए एक्सपर्ट विशेषज्ञों की देख-रेख में स्पेशल कोर्स की शुरुआत की है। कोर्स में एडमिशन लेकर अभ्यर्थी पुलिस विभाग में नौकरी करने का सपना पूरा कर सकते हैं।

### अमर उजाला के पाठकों के लिए खास ऑफर

अगर आप दिल्ली पुलिस में हेड-कांस्टेबल या यूपी पुलिस में कांस्टेबल पद की लिखित परीक्षा को क्रैक करना चाहते हैं तो दिल्ली की अनुभवी फैकल्टी के द्वारा घर बैठे तैयारी करने का मौका न गवाएं। सफलता द्वारा इन दोनों भर्तियों के लिए खास बैच लांच किए जा रहे हैं। स्पेशल बैच की शुरुआत 9 जून से होने जा रही है। आज यानी 8 जून को दिल्ली पुलिस हेड कांस्टेबल का कोर्स केवल 2199 रुपये व यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा का कोर्स महज 1399 रुपये में उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके बाद इन कोर्स की फीस में भारी बढ़ोतरी कर दी जाएगी।

*दिल्ली पुलिस हेड कांस्टेबल बैच में एडमिशन व जानकारी के लिए अभी विजिट करें*

www.safalta.com/delhi-police-online या दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

*यूपी पुलिस कांस्टेबल बैच में एडमिशन व जानकारी के लिए अभी विजिट करें*

www.safalta.com/up-police-constable या दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

A Media Solutions Initiative

# शस्त्र लाइसेंस घोटाले के मास्टर माइंड को साथी ने गोलियों से भूना

**गुरुग्राम।** पांच साल पहले कमिश्नरेट में शस्त्र लाइसेंस बनाने के नाम पर धोखाधड़ी के मास्टर माइंड मनीष भरद्वाज उर्फ काला की उसके दोस्त व सह अभियुक्त सनी कांत ने मंगलवार को दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी। मनीष को सिर व सीने पर तीन गोलियां मारी गईं। घटना को मदनपुरी रोड पर एक निजी स्कूल के पास अंजाम दिया गया। वारदात के बाद से आरोपी फरार हो गया।



मनीष (फाइल फोटो)

**गुरुग्राम की घटना, कार में घूम रहे थे दोनों**

न्यू कॉलोनी थाना पुलिस ने मनीष के ड्राइवर प्रमोद के बयान पर आरोपी के खिलाफ हत्या व शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में वारदात के पीछे पैसों के लेनदेन का विवाद बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार दोपहर करीब तीन बजे कंट्रोल रूम को गोली चलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मनीष भारद्वाज को गंभीर हालत में आर्यन अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। सनी अपनी स्कूटी छोड़कर मनीष के साथ उसकी कार में घूमने निकला था। कार को मनीष का चालक प्रमोद चला रहा था। करीब दो घंटे घूमने के बाद मनीष, सनी को उसकी स्कूटी के पास छोड़ने आया, इसी दौरान सनी ने उसे गोलियां मार दी और फरार हो गया। पुलिस टीम आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। ब्यूरो

# 5 मिनट में तय होगा यमुना एक्सप्रेसवे के राया कट से वृंदावन का सफर

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे से वृंदावन स्थित श्रीकृष्ण बांके बिहारी मंदिर का सफर सात किमी का सफर जो पांच मिनट में तय कर लिया जाएगा। यमुना प्राधिकरण ने राया कट से पहले ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे बनाने का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। ये सात किमी लंबा, छह लेन और सौ मीटर चौड़ा होगा। कॉरिडोर के दोनों ओर हेरिटेज सिटी बसेगी। यमुना एक्सप्रेसवे से श्रद्धालु ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे से उतरकर पांच सौ मीटर की दूरी पैदल तय कर श्री बांके बिहारी मंदिर तक पहुंच जाएंगे।



500 मीटर पैदल चलकर होंगे श्री बांके बिहारी के दर्शन

मंगलवार को ब्रज तीर्थ परिषद की बोर्ड बैठक में यमुना प्राधिकरण की एसीईओ मोनिका रानी व ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने परियोजना की प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत की। यमुना प्राधिकरण ने कोल्डवैल बैंकर्स रिचर्ड एलिस (सीबीआरई) साउथ एशिया प्रा. लि. से राया के पास हेरिटेज सिटी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कराई थी। इसमें 16 किमी लंबे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे को तैयार करने की योजना थी। एक्सप्रेसवे के दोनों ओर हेरिटेज सिटी विकसित की जानी थी, लेकिन बाद में ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने इसे पुराने वृंदावन के नजदीक बसाने का सुझाव दिया था। ब्यूरो

# सड़क दुर्घटना में दिल्ली के एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

**हरिद्वार-दिल्ली हाईवे पर डिवाइडर से टकराई कार, ट्रक को बचाने में हुआ हादसा**

**रुड़की।** मंगलवार दोपहर को हरिद्वार-दिल्ली हाईवे पर ट्रक से बचने के चक्कर में एक कार डिवाइडर से टकरा गई। जिससे कार सवार पिता, पुत्र और दादी की मौत हो गई। जबकि दादा और पोता गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। दोनों की हालत चिंताजनक बनाई जा रही है।

दिल्ली के 37- मुकुंदपुर निवासी योगेश कुमार, अपने पिता बलवंत कुमार, माता मुगली देवी, पत्नी गीता देवी, बेटे दक्ष (8) व याग्निक (4) और छोटे भाई किशन के साथ अपनी कार से गंगा स्नान के लिए हरिद्वार आए थे। मंगलवार को ये लोग वापस दिल्ली जा रहे थे। जब इनकी कार सिविल लाइंस रुड़की कोतवाली क्षेत्र के नगला इमरती गांव के समीप पहुंची तो एक ट्रक ने अचानक गलत तरह ओवरटेक करने का प्रयास किया।

कार चला रहे योगेश के भाई किशन ने बताया कि उसने कार को ट्रक से बचाने का प्रयास किया तो कार डिवाइडर से टकरा गई। कार डिवाइडर से इतनी जोर से टकराई कि योगेश, उनके बेटे दक्ष और मां मुगली देवी की मौके पर ही मौत हो गई।

# बेकाबू कार पांच सौ मीटर गहरी खाई में गिरी, दो भाइयों की मौत

**द्वाराहाट (अल्मोड़ा)।** जालली में चनोली गांव के पास एक कार अनियंत्रित होकर पांच सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में दो सगे भाइयों की मौत हो गई जबकि 11 वर्षीय बच्चे को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। कार में चार लोग सवार थे। परिवार दिल्ली से शादी समारोह में भाग लेने द्वाराहाट तहसील के डहल गांव आ रहा था। पुलिस के मुताबिक देवेंद्र सिंह बोरा पुत्र बचे सिंह बोरा, कविता बोरा पत्नी देवेंद्र सिंह बोरा, भूपेंद्र सिंह बोरा और पारस पुत्र देवेंद्र सिंह चाचा की बेटी के विवाह समारोह में भाग लेने दिल्ली से जालली के डहल गांव आ रहे थे। दिल्ली से रानीखेत पहुंचने के बाद वे जालली के लिए रवाना हुए। चनोली गांव के पार उनकी बलेनो कार अनियंत्रित होकर 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। प्रशासन को सूचना मिलने के बाद रानीखेत से एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची। देवेंद्र बोरा (40), भूपेंद्र सिंह बोरा (31), पारस और कविता को बमुश्किल खाई से निकालकर 40 किमी दूर रानीखेत राजकीय अस्पताल ले जाया गया। संवाद

**शादी समारोह में भाग लेने दिल्ली से द्वाराहाट जा रहा था परिवार**

बड़ी खबर के कई पहलू, एक साथ amarujala.com पर

## राज्य औषधीय पादप बोर्ड, हरियाणा

**कार्यालय: महानिदेशक आयुष, सैक्टर- 3, पंचकूला**

**शुद्धिपत्र**

दिनांक 31.05.2022 को इस समाचार पत्र में प्रकाशित आयुष विभाग के विज्ञापन का शेष भाग जो छूट गया था वह निम्नानुसार है :-

3- स्कूल हर्बल गार्डन (School Herbal Garden) योजना :-

उद्देश्य:- स्कूली छात्रों को औषधीय पौधों का ज्ञान, रख-रखाव रोग प्रतिरोधिकता क्षमता की उपयोगिता।

अनुदान राशि:- हर्बल गार्डन की स्थापना हेतु 500 वर्ग मीटर क्षेत्र के लिए प्रति स्कूल 25000 रूपये प्रथम वर्ष एवं चार वर्ष तक रख-रखाव हेतु 7000 रूपये प्रति वर्ष की दर से वित्तीय सहायता।

पात्रता: सरकारी संगठन, विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थान, सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज गैर-सरकारी संगठन, पब्लिक सैक्टर अंडरटेकिंग, फेडरेशन, सहकारी समितियां गैर-सरकारी स्वैछिक संगठन का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव एवं दपर्ण पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य।

4- इंस्टीटयूट हर्बल गार्डन (Institutional Herbal Garden) योजना:-

उद्देश्य :- कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों में स्वदेशी ज्ञान के आधार पर औषधीय पौधों के उपयोगिता हेतु जागरूक करना।

अनुदान राशि :- सम्बन्धित गतिविधियों हेतु भूमि विकास, संरक्षण, सिंचाई सुविधाओं की स्थापना हेतु 3 लाख रूपये प्रति हेक्टेयर एवं रख- रखाव हेतु 60,000 रूपये प्रति हेक्टेयर की दर से 4 वर्ष तक वित्तीय सहायता।

पात्रता :- सरकारी संगठन, विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थान, सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज गैर-सरकारी संगठन, पब्लिक सैक्टर अंडरटेकिंग, फेडरेशन, सहकारी समितियां गैर-सरकारी स्वैछिक संगठन का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव एवं दपर्ण पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य।

इच्छुक सरकारी एवं गैर सरकारी संगठन संबंधित योजना का आवेदन प्रॉफार्मा एवं पूर्ण विवरण nmpb@nic.in तथा ayushhry.gov.in (State Medicinal Plants Board Link) वेबसाईट पर उपलब्ध है।

महानिदेशक, आयुष विभाग -कम-
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
राज्य औषधीय पादप बोर्ड,
हरियाणा, पंचकूला।

PRDH:- 1270/11/3/2023/10008/1/7 Dt. 30/05/2022

## राज भवन, लखनऊ

**डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0.) के कुल. पति के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करने के संबंध में सूचना**

विज्ञापन संख्या:ई–3237 / जी0एस0 — दिनांक : जून 06, 2022

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0), जो कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (क्र. 10 सन् 1973) के अन्तर्गत स्थापित है, के कुलपति की नियुक्ति उक्त अधिनियम की धारा 12 के अधीन गठित समिति द्वारा अनुसंशित पैनल में से कुलाधिपति के द्वारा की जानी प्रस्तावित है।

कुलपति का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने के दिनांक से 03 वर्ष की अवधि के लिए अथवा अपनी आयु 68 वर्ष पूर्ण करने तक, जो भी पहले हो, के लिए रहेगा। कुलपति के पद हेतु केवल वही व्यक्ति पात्र होगा जिसने 65 वर्ष की आयु प्राप्त न की हो।

चूंकि कुलपति विश्वविद्यालय का प्रधान कार्यपालक और शैक्षणिक अधिकारी होता है, इसलिये अभ्यर्थी में उच्च कोटि की क्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता एवं संस्थागत वचनबद्धता होनी चाहिए। अभ्यर्थी को विख्यात शिक्षाविद होने के साथ–साथ ठोस प्रशासनिक अनुभव भी होना चाहिए।

कुलपति पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी राज भवन की वेबसाइट "www.upgovernor.gov.in" पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन दिनांक 08.07.2022 तक केवल ऑनलाइन (Online) प्रेषित कर सकते है।

निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव,
श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश।

www.upgov.nic.in
Upid- 176967 Dt. 07.06.2022

# फर्जी दस्तावेज से 5.50 करोड़ रुपये कर्ज लेने वाला गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आर्थिक अपराध शाखा ने फर्जी दस्तावेज बनाकर बैंकों से कर्ज लेने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ वर्ष 2012 में एक बैंक ने शिकायत की थी। इसमें आरोपी पर 4.50 करोड़ रुपये का क्रेडिट सीमा और एक करोड़ रुपये का कर्ज लेने का आरोप लगाया गया था। इस मामले का एक अन्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

शाखा की संयुक्त आयुक्त छाया शर्मा ने बताया कि मामले की जांच करने के बाद शाखा ने 4 जून को नंद नगरी निवासी सुरेश कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सुरेश कुमार पर ठगी के 17 मामले दर्ज हैं। इसकी सीबीआई, आर्थिक अपराध शाखा और स्पेशल सेल जांच कर रही है। आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ मिलीभगत कर बैंकों से कर्ज लेने के लिए संपत्ति को गिरवी रखता था और उनके फर्जी कागजात तैयार करता था। उसके बाद संपत्ति को बेच देता था और बेची गई संपत्ति के फर्जी कागजात बनाकर उन्हें बैंक में गिरवी रखकर कर्ज ले लेता था। महिला की शिकायत पर पुलिस ने 2012 के मामला दर्ज किया था।

## गलगोटियाज के 3 छात्रों का जीएसओसी में चयन

**ग्रेटर नोएडा।** गलगोटियाज यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग साइंस एंड इंजीनियरिंग के बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के तीन छात्र-छात्राओं का गूगल की फ्लैगशिप कोडिंग प्रतियोगिता जीएसओसी (गूगल समर ऑफ कोड) में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में नोमान खान, अनुशिका गुप्ता और रोहन कुमार शामिल हैं। वैश्विक ऑनलाइन कार्यक्रम जीएसओसी ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर विकास में नए योगदानकर्ताओं को मौका देने पर केंद्रित है। चयनित विद्यार्थी मेंटर्स के मार्गदर्शन में 12 प्लस सप्ताह के प्रोग्रामिंग प्रोजेक्ट पर ओपन सोर्स संगठनों के साथ काम करते हैं।



## दिल्ली जल बोर्ड : एन.सी.टी दिल्ली सरकार

कार्यालय, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (पी)-3
सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, ओखला
मथुरा रोड़, नई दिल्ली 110025

**"कोरोना रोकें : मास्क पहनें, शारीरिक दूरी का पालन करें व हाथों को साफ रखें"**

प्रैस एनआईटी न.-06 (2022-23)

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू.) | ई-प्रोक्योरमेंट सोल्यूशन के जरिये निविदा रिलीज करने की अंतिम तिथि/समय | ई-प्रोक्योरमेंट सोल्यूशन के जरिये निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ओखला एस.टी.पी में जोहरी फारम के समीप प्रीकास्ट आर.सी.सी दीवार का निर्माण। (पुन:-आमंत्रण) 2022_डीजेबी_223787_1 | 49,12,426/- | 06/06/2022 | 20/06/2022 को अप. 3:00 बजे तक |

* इस संबंध में अग्रिम जानकारी https://govtprocurement.delhi.gov.in./nicgep/app पर देखी जा सकती है।

ज.स.कार्या. (जल) द्वारा जारी
विज्ञा. सं. जे.एस.वी. 172(2022-23)

नरेन्दर सिंह
अधि. अभियंता (सिविल) प्लांट एसडीडब्ल्यू. एस/ई

## दिल्ली जल बोर्ड : एन.सी.टी दिल्ली सरकार

कार्यालय, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (सी)-4
अधिशासी अभियंता (सी)डीआर- VI के जरिये
लाजपत नगर, नई दिल्ली-110024

**"कोरोना रोकें : मास्क पहनें, शारीरिक दूरी का पालन करें व हाथों को साफ रखें"**

सं. - डीजेबी/ईई (सी)डीआर VI/2022/3307 — दिनांक : 04.06.2022

| एन आई टी न. | कार्य का नाम | निविदा में भरी जाने वाली राशि (रू.में) | ईएमडी (रू.में) | अप्रतिदेय निविदा फीस | समापन अवधि | ई-प्रोक्योरमेंट सोल्यूशन के जरिये निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | छतरपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र, साऊथ दिल्ली के तहत चंदन होला व सतबारी में 300 एमएम से 500 एमएम नोमिनल डाया की आंतरिक व पेरीफेरल सीवरेज लाईन का प्रावधान व बिछाई। (पुनः आमंत्रित) निविदा आईडी: 2022_DJB_223576_1 | 59,07,20,924/- | 1,18,14,500/- | 1500/- | 12+3 माह मानसून अवधि = 15 माह | 28.06.2022 को अप. 03:00 बजे तक |
| 2. | छतरपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र, साऊथ दिल्ली के तहत फतेहपुर बेरी, असोला व भाती गांव में 300 एमएम से 600 एमएम नोमिनल डाया की आंतरिक व पेरीफेरल सीवरेज लाईन का प्रावधान व बिछाई। (पुनः आमंत्रित) निविदा आईडी: 2022_DJB_223579_1 | 48,28,78,750/- | 96,58,000/- | 1500/- | 12+3 माह मानसून अवधि = 15 माह | 28.06.2022 को अप. 03:00 बजे तक |
| 3. | छतरपुर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र, साऊथ दिल्ली के तहत राजपुर खुर्द (मैदानगढ़ी) में 300 एमएम से 600 एमएम नोमिनल डाया की आंतरिक व पेरीफेरल सीवरेज लाईन का प्रावधान व बिछाई। (पुनः आमंत्रित) निविदा आईडी: 2022_DJB_223583_1 | 37,22,08,364/- | 74,44,200/- | 1500/- | 12+3 माह मानसून अवधि = 15 माह | 28.06.2022 को अप. 03:00 बजे तक |

इस संबंध में अग्रिम जानकारी https://govt.procurement.delhi.gov.in पर देखी जा सकती है।

ज.सं. कार्या. (जल) द्वारा जारी, विज्ञा. सं. जे.एस.वी. 174(2022-23)

(तौसीफ सैफुद्दीन)
अधिशासी अभियंता (सी)डीआर-VI

## कार्यालय कमांडेंट, 95 बीएन बीएसएफ, भोंडसी, गुरुग्राम (हरियाणा)

सं.Prov/Auction/95 BN/2022/9507-29 — दिनांक : 20 मई, 2022

**//नीलामी सूचना//**

इस इकाई के निम्नलिखित प्रकार के सभी अप्रयोजनीय/कंडम वस्तुओं की सार्वजनिक नीलामी **20 जून, 2022 (1100बजे)** को बीएन एचक्यू, 95 बीएन बीएसएफ, भोंडसी कैम्प, गुड़गांव (हरियाणा) में आयोजित की जाएगी। :

| | | |
|---|---|---|
| (i) एमटी स्टोर | (v) मैगज़ीन स्टोर | (ix) रक्षा सामग्री |
| (ii) कॉम्यूनिकेशन स्टोर | (vi) बैरक सम्पत्ति | (x) फायर फाईटिंग स्टोर |
| (iii) वेलफेयर स्टोर | (vii) मिलीजुली वस्तुएं | (xi) टेंटेज स्टोर |
| (iv) राशन स्टोर | (viii) निर्माण सामग्री | (xii) टीआरजी स्टोर |

2. सभी इच्छुक बोलीदारों/पार्टियों से अनुरोध है कि वे ऊपर दिये गए अनुसूचित तिथि व समय पर नीलामी में उपस्थित हों।
3. नीलामी शुरू होने से पूर्व प्रत्येक बोलीदार को नकदी में बतौर धरोहर राशि 18,000/- रू. (अठारह हजार रूपये) मात्र जमा करवाने होंगे, जिसे नीलामी के समाप्त होने के बाद वापिस लौटा दिया/समायोजित कर लिया जाएगा। उचित पता प्रमाण हेतु आवास प्रमाण पत्र तथा पेनकार्ड भी लाएंगे। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को बोली पेश करने की अनुमति नहीं होगी।
4. सफल बोलीदारों को नीलामी समाप्त होने के तुरंत बाद उक्त स्थल पर ही तुरंत में नियमों के तहत लागू अनुसार स्वीकार्य जीएसटी के साथ 100 प्रतिशत बोली राशि (पहले से जमा कराई गई धरोहर राशि सहित) की अदायगी करनी होगी और यह सामान अपनी स्वयं की व्यवस्था कर नीलामी बिक्री के बाद 24 घंटों में उठाना होगा।
5. कमांडेंट 95 बटा. बीएसएफ बिना कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकृत/निरस्त करने के सभी अधिकार रखता है।
6. कमांडेंट 95 बटा. बीएसएफ का निर्णय सभी मामलों में अंतिम होगा।
7. सामान को उठाने/शिफ्ट करने के लिए बीएसएफ द्वारा कोई भी ट्रांसपोर्ट की सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जाएगी।
8. यदि खरीददार निर्धारित समय में नीलामी स्थल से सामान उठाने में असफल रहता है तो खरीददार अधिकतम 10 दिन की अवधि तक प्रचलित दरों पर ग्राउंड रेंट अदायगी हेतु जिम्मेदार होगा, उसके बाद, उसके द्वारा जमा करवाई गई राशि जब्त कर ली जाएगी और स्टोर के सामान को दोबारा नीलामी के लिए रखा जाएगा।
9. नीलामी सूचना हमारी वेबसाईट http:://www.bsf.nic.in पर भी उपलब्ध है।

(एके द्विवेदी) एसी/क्यूएम
कृते कमांडेंट
95 बटा. बीएसएफ

डीएवीपी : 19110/11/0038/2223

# पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 58 साल, **लिंगः** पुरुष, **रंगः** गेहूँआ, **कदः** 5 फुट 6 इंच, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, **चोट का निशानः** सिर पर चोट, **पहनावाः** सफेद बनियान और ग्रे रंग का पजामा पहने हुए, जो दिनांक 01.06.2022 समयः दोपहर 12:37 को के.एम. पोल नं. 20/06, डीएन लाइन, प्लेटफार्म नं. 2, घेवरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन दुर्घटना में मृत पाया गया। मृतक शरीर को पहचान हेतु 72 घंटों के लिए सब्जी मण्डी के मुर्दाघर में संरक्षित रखा गया है।

इस संदर्भ में **DD No. 17-A U/s 174 Cr.PC,** दिनांक **01.06.2022** थाना–सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अबतक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना–सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, दिल्ली
**DP/168/RLY/2022 (UIDB)** फोनः 011-28711697, 8750871308

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, जांजगीर मुख्या. चांपा जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(चतुर्थ–आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 100922/निविदा सूचना क्र. 06/व.ले.लि./2022–23 दिनांक 31.05.2022

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 20.06.2022 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है

**कार्य का नाम** – गुंजी व्यपवर्तन योजना के नहर लाईनिंग एवं नहर संरचना का मरम्मत और पुर्ननिर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत** – रू. 139.73 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 07.06.2022 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट** : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, जांजगीर
मुख्या. चांपा जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
कृते अधीक्षण अभियंता
जल संसाधन मण्डल, रायगढ़ (छ.ग.)

G-91886/9

## राज्य औषधीय पादप बोर्ड, हरियाणा

कार्यालय- महानिदेशक आयुष, सैक्टर- 3, पंचकूला
ईमेल: smpbharyana@gmail.com

### नोटिस

**औषधीय पौधों के उत्पादन तथा संरक्षण के लिए दिनांक 20.06.2022 तक परियोजनाएं आमंत्रित करने बारे**

राज्य औषधीय पादप बोर्ड, हरियाणा, कार्यालय- आयुष भवन, सैक्टर- 3, पंचकूला औषधीय पौधों की लुप्त हो रही प्रजातियों के संरक्षण, की अधिक उपज, लोगों के घरों में निशुल्क औषधीय पौधें वितरित करना, सरकारी व गैर- सरकारी स्कूल- कॉलेजों में औषधीय पौधों का हर्बल गार्डन बनवानें व औषधीय पौधों के बारे जनसाधारण एवं छात्रों को जागरूक करने हेतु **राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी (Central Sector Scheme on Conservation, Development and Sustainable Management of Medicinal Plants)** दिशा निर्देशानुसार कार्य करता है।

**1. औषधीय पौधों के संरक्षण और विकास क्षेत्रों की स्थापना (Medicinal Plants Conservation & Development Area) की योजना :-**

**उद्देश्य:-** लुप्त हो रहे औषधीय पौधों के संरक्षण एवं मौजूदा औषधीय व सुगंधित पौधों को विकसित करना।
**ऐरिया कवरेज-** औसतन 200 हेक्टेयर के क्षेत्र में महत्वपूर्ण औषधीय पौधों जैव-विविधता सहित भूखण्ड।
**अनुदान राशि:-** 20,000/- रूपये प्रति हेक्टेयर की दर से 100 प्रतिशत केन्द्रीय अनुदान।
**पात्रता:-** राज्य वन/वन्यजीव विभाग/वन विकास निगम/संघ/राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय अनुसंधान संगठन/ विश्वविद्यालय क्षेत्र में विशेषज्ञता वाले गैर-सरकारी स्वैछिक संगठन का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव एवं दर्पण पोर्टल पर पंजीकृत अनिवार्य।

**2- होम हर्बल गार्डन (Home Herbal Garden) योजना:-**

**उद्देश्य:-** औषधीय पौधों द्वारा घरेलू स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य रक्षण हेतू लाभान्वित करना।
**अनुदान राशि:-** प्रति घर के लिए 2500/-रुपये वित्तीय सहायता (आवगमन शुल्क प्रचार प्रसार विशेष जागरूकता अभियान विज्ञापन एवं लोकमंच सहित राशि)।
**पात्रता:-** सरकारी संगठन, विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थान, सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज, गैर- सरकारी संगठन, पब्लिक सैक्टर अंडरटेकिंग, फेडरेशन, सहकारी समितियां, गैर-सरकारी स्वैछिक संगठन का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव एवं दर्पण पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य।

**3- स्कूल हर्बल गार्डन (School Herbal Garden) योजना :-**

**उद्देश्य :-** स्कूली छात्रों को औषधीय पौधों का ज्ञान, रख-रखाव रोग प्रतिरोधिकता क्षमता की उपयोगिता।
**अनुदान राशि :-** हर्बल गार्डन की स्थापना हेतू 500 वर्ग मीटर क्षेत्र के लिए प्रति स्कूल 25000 रूपये प्रथम वर्ष एवं चार वर्ष तक रख-रखाव हेतु 7000 रूपये प्रति वर्ष की दर से वित्तीय सहायता।
**पात्रता :-** सरकारी संगठन, विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थान, सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज गैर-सरकारी संगठन, पब्लिक सैक्टर अंडरटेकिंग, फेडरेशन, सहकारी समितियां गैर-सरकारी स्वैछिक संगठन का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव एवं दर्पण पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य।

**4- इंस्टीटयूट हर्बल गार्डन (Institutional Herbal Garden) योजना:-**

**उद्देश्य :-** कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों में स्वदेशी ज्ञान के आधार पर औषधीय पौधों के उपयोगिता हेतू जागरूक करना।
**अनुदान राशि :-** सम्बन्धित गतिविधियों हेतू भूमि विकास, संरक्षण, सिंचाई सुविधाओं की स्थापना हेतू 3 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर एवं रख-रखाव हेतू 60,000 रूपये प्रति हेक्टेयर की दर से 4 वर्ष तक वित्तीय सहायता।
**पात्रता :-** सरकारी संगठन, विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थान, सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज गैर- सरकारी संगठन, पब्लिक सैक्टर अंडरटेकिंग, फेडरेशन, सहकारी समितियां गैर-सरकारी स्वैछिक संगठन का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव एवं दर्पण पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य।

इच्छुक सरकारी एवं गैर सरकारी संगठन संबंधित योजना का आवेदन प्रॉफार्मा एवं पूर्ण विवरण **nmpb@nic.in** तथा **ayushhry.gov.in (State Medicinal Plants Board Link)** वेबसाईट पर उपलब्ध है।

महानिदेशक, आयुष विभाग -कम-
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
राज्य औषधीय पादप बोर्ड,
हरियाणा, पंचकूला।

PRDH:-1270/11/4/2023/10169/1/7 Dt. 07/06/2022

## कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा
## किसान भाईयों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

राष्ट्रीय मिशन खाद्य तेल-तिलहन स्कीम के अन्तर्गत हरियाणा के विभिन्न जिलों (11 जिलों) हिसार, सिरसा, भिवानी, फतेहाबाद, झज्जर, चरखी दादरी, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, पंचकूला, सोनीपत तथा यमुनानगर में मूंगफली व अरण्ड की फसल के प्रदर्शन प्लाट पर अनुदान किसानों को दिया जाना है। अनुदान लेने के इच्छुक किसान भाई कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा की वैबसाईट www.agriharyana.gov.in under the link E-Agri Scheme Governance link पर जाकर पंजीकृत करें। किसान भाई अपना आवेदन दिनांक 20-07-2022 तक कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने जिले के सम्बन्धित कृषि विकास अधिकारी / ब्लाक कृषि अधिकारी /उपमण्डल कृषि अधिकारी / उप कृषि निदेशक के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा
कृषि भवन, सैक्टर-21, पंचकुला
टोल फ्री नं0-1800-180-2117

PRDH:- 1004/11/51/2023/10175/1/7 Dt. 07/06/2022

## ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल
## मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग
## भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची।

### ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

टेन्डर रेफरेन्स नं0–BCD/CE/06/Jamtara/2022-23 दिनांक– 07-06-2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | **Construction of 1000 MT Food Grain Godown at Nala Block ,Jamtara.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0) | रू0 1,18,12,000.00(रुपये एक करोड़ अठारह लाख बारह हजार ) मात्र । |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 9 महीने |
| 4 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 22-06-2022 |
| 5 | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 05-07-2022 के 11.00 AM तक |
| 6 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय , कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। |
| 7 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9631476651 |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9631476651 |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

*Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders*

नोडल पदाधिकारी
ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल,
मुख्य अभियंता का कार्यालय, कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग,
भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।

PR 271050 (Building) 22-23 (D)

## उत्तर रेलवे

शुद्धि पत्र

**संदर्भः टेंडर नोटिस संख्या 10/2022–2023 दिनांक 06.05.2022**

**1. टेंडर संख्या 08215274 नियत तिथि 07.06.2022 (क्र.सं. 3)**

उपरोक्त संदर्भित टेंडर के खुलने की नियत तिथि 07.06.2022 से बदलकर **14.06.2022** कर दी गई है। अन्य विवरण के लिए **www.ireps.gov.in** देखें।

यह शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर मुद्रित किया गया है। 1381/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के संबंध में नीचे उल्लिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-831-2020-21-आर1, दिनांक 03.06.2022, कार्य का विवरण:** 02 (दो) वर्षों के लिए विभिन्न टीएल कोचों, पैंट्री कार तथा सैलून इत्यादि में सिगनोट्रॉन निर्मित 110वी डीसी/230वी एसी, 2.5 केवीए तथा 110वी डीसी/110वी एसी, 2.5 केवीए इनवर्टर का परिपूर्ण रखरखाव एवं वार्षिक सुरक्षात्मक ब्रेक डाउन रखरखाव अनुबंध। **निविदा मूल्य:** रु. 3,34,176; **बयाना राशि:** रु. 6,700; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.00; **समापन अवधि:** 24 महीने। **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-906-2022-23, दिनांक 03.06.2022, कार्य का विवरण:** विद्युत आपूर्ति प्रणाली की बेहतर विश्वसनीयता के लिए भूमिगत केवल बिछा कर डब्ल्यूटीपी/सीपी सब-स्टेशन तथा सीपी सब-स्टेशन के बीच आरएम प्रणाली का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 19,08,290.72; **बयाना राशि:** रु. 38,200; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.00; **समापन अवधि:** 12 महीने। **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-913-2022-23, दिनांक 03.06.2022, कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल की विभिन्न रेलवे कॉलोनियों में सिंगल फेज इनर्जी मीटर के लिए स्मार्ट रीडिंग फैसिलेटेड का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 23,24,348.32; **बयाना राशि:** रु. 46,500; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** रु. 0.00; **समापन अवधि:** 06 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 13.06.2022; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख:** 27.06.2022 को अपराह्न 2.00 बजे। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 27.06.2022 को अपराह्न 2.00 बजे के उपरांत। निविदा सूचना का विस्तृत विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

SDAH-41/2022-23

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway
Eastern Railway Headquarter

## चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

शुद्धि पत्र

(क) संख्या 75223828 दिनांकः 03.06.2022। दिनांक 13.06.2022 को खोली जाने वाली निविदा संख्या 75223828 के संबंध में निम्नलिखित संशोधन किया गया है। क्रमांकः (01)। विवरणः डीकेईई मात्रा एवं विवरण। निविदा संख्याः 75223828. एसएमएम/डीकेईई के लिए शामिल किये गए मद : पीएल–29250924, ईएलएएयू/डीकेईई के लिए 10 मद सम्मिलित **गैस्केट (नॉन मेटैलिक)** (मद संलग्न किये गए सेट के विवरण के अनुसार)। मात्राः175 सेट।

(ख) संख्या 75223856 दिनांकः 03.06.2022. दिनांक 23.06.2022 को खोली जाने वाली निविदा संख्या 75223856 के संबंध में निम्नलिखित संशोधन किया गया है। क्रमांकः (01)। विवरणः डीकेईई मात्रा एवं विवरण। निविदा संख्याः 75223856. एसएमएम/डीकेईई के लिए शामिल किये गए मदः पीएल–29330130, ईएलएएयू/डीकेईई के लिए **स्क्रू हेक्स. हेड का सेट** (प्रत्येक सेट एक लोको सेट है जिसमें संलग्न सेट के विवरण के अनुसार 07 (सात) मद शामिल हैं)। मात्राः 225 सेट।

PR4-100 एएमएम/एम, सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन

www.facebook.com/clwrailways पर हमें फॉलो करें

# पहचान की अपील



एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव जिसकी **उम्र** : करीब 50 साल, **कदः** 5'6", **रंग** : गेहुंआ, **शरीर** : पतला, **पहचानः** बायीं आंख के नीचे चोट का निशान, जिसने नीले रंग की जीन्स, गहरे नीले रंग की जैकेट और पांव में सफेद व नीले रंग की स्लीपर पहने हुए था, दिनांक 05.06.2022 को थाना आनन्द विहार, दिल्ली के क्षेत्र में मृत पाया गया। इस संदर्भ में डीडी सं. 48–ए दिनांक 05.06.2022 धारा 174 Cr.P.C. थाना आनन्द विहार, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते या फोन नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष : थाना आनन्द विहार, दिल्ली
DP/868/SHD/22 दूरभाष सं. 011-21210296, 08595888677

## Uttarakhand Public Financial Management Strengthening Project

Pandit Deendayal Upadhyaya Centre for Training and Research in Financial Administration
Sudhdhowala, Chakrata Road, Dehradun 248007
Mob: +91-9358119541, E-mail: ukpfmswb@gmail.com

**The Office of the Project Director, PMU, UkPFMSP** invites bids for the following assignments through e-procurement process :

| Sr. No. | Assignment Name | Download Start, End Date and Time | Last date and time of submission | Time and date of online opening of Technical Bids |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Open National Competitive Procurement of IT hardware (Computers, Laptops, Printers etc.) for Garhwal Mandal Vikas Nigam Ltd. (GMVN) (including three years Comprehensive onsite warranty), Bid Ref: IN-CTRFA-298709-GO-RFB | 08/06/2022 at 1300 hours to 11/07/2022 up to 1300 hrs | 11/07/2022 at 1400 hrs | 11/07/2022 at 1500 Hrs |
| 2 | Open National Competitive Procurement of IT hardware (Computers, Laptops, Printers etc.) for Urban Development Directorate (UDD) & Urban Local Bodies (ULB's) (including three years Comprehensive onsite warranty). Bid Ref: IN-CTRFA-298711-GO-RFB | 08/06/2022 at 1400 hours to 11/07/2022 up to 1400 hrs | 11/07/2022 at 1500 hrs | 11/07/2022 at 1600 Hrs |

Bids must be submitted online on the website https://uktenders.gov.in. A complete set of bidding document including information regarding the bid security etc. may be downloaded by interested eligible bidders from the website. The bidders are required to obtain Digital Signature Certificate (DSC) for uploading the bid document on the portal https://uktenders.gov.in. **Any amendment/corrigendum in future against the above tenders/assignments shall be uploaded in https://uktenders.gov.in only.**

Project Director, UkPFMSP

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम,चाईबासा

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

**ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/CHAIBASA/02/2022-23 (2nd Call)**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र०सं० | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनोहरपुर प्रखण्ड अन्तर्गत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी आवास, पर्यवेक्षीय आवास, तृतीय एवं चर्तुथ वर्ग कर्मचारी आवास तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध निर्माण कार्य। | रू० 5,44,99,823.00 | 10,90,000.00 | 10,000.00 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 13.06.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक 06.07.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 07.07.2022 अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –08.07.2022 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8521505841 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पश्चिमी सिंहभूम,चाईबासा के पदनाम से देय हो देना होगा।
10. निविदा की राशि घट–बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा

PR 271002 West Singhbhum(22-23).D

## कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, बुलन्दशहर।

पत्रांक–सी463/प्रो0का0/प्रे0वि0/अज्ञात/2022–23 दिनांक–7.6.2022

### प्रेस–विज्ञप्ति



दिनांक 04.06.2021 को चाइल्ड लाइन, बुलन्दशहर के समन्वयक श्री केशव शर्मा द्वारा एक बालक दक्ष उर्फ दक्षू, आयु 04–05 वर्ष, बाल कल्याण समिति, बुलन्दशहर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। बालक सनौटा गांव के पास थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर क्षेत्र में घुमता मिला था, जो कि अपना नाम दक्ष उर्फ दक्षू, पिता का नाम मोहित व माता का नाम ममता तथा डिप्पल दीदी, राकेश आदि नाम भी बता रहा था एवं पिता द्वारा चाय का काम करना बताया। बालक अपना निवास स्थान नहीं बता पा रहा था। वह अपने गांव का नाम कभी फतेहपुर, कभी बल्लभगढ़ बता रहा था। यह बालक वर्तमान में शिशु गृह, मथुरा में आवासित है। बालक के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी होने पर कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बुलन्दशहर, कलैक्ट्रेट परिसर, कमरा नं0–07, बाल कल्याण समिति, कमरा नं0–115, विकास भवन, बुलन्दशहर, संपर्क सूत्र–9897544749 एवं जिला बाल संरक्षण इकाई, नयी तहसील के सामने ट्रांजिट हॉस्टल, कमरा नं0–01, बुलन्दशहर, संपर्क सूत्र–9897662730 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला प्रोबेशन अधिकारी,
बुलन्दशहर।

## प्रेस नोट

महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा पंचकूला के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 के लिए जिला पलवल में कार्यरत महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों, पलवल-1, होडल, हथीन-1 व हथीन-2 के कार्यालयों के विभागीय कार्यो को सुचारु रुप से चलाने के लिए वाहन मासिक अनुबंध राशि अधिकतम (20800 /-प्रतिमाह) पर लेने के लिए इच्छुक वाहन धारको से निम्न प्रोफार्मा जिसमे सभी नियम व शर्ते लिखी गई है, में आवेदन आमंत्रित किये जाते है। अतः वाहन धारको से अनुरोध है कि वे परियोजना अनुसार कुटेशन मासिक आधार पर पूर्ण विवरण सहित निम्न प्रोफार्मा अनुसार शील्ड लिफाफे मे दिनांक 16.06.2022 को सांय 3:00 बजे तक टैण्डर राशि 10,000/- रुपये के डिमाण्ड ड्राफ्ट सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पलवल लघु सचिवालय, प्रथम तल, कमरा नं 110-11, कैंटीन के सामने, पलवल के पास जमा करवाये तथा ये कुटेशन दिनांक 17.06.2022 को दोपहर 12:00 बजे अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय मे खोली जाएगी। डिमाण्ड ड्राफ्ट जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, पलवल के नाम बना होना चाहिए व नकद राशि व चैक स्वीकार्य नहीं होगे।

| क्रम संख्या | परियोजना का नाम जिसमें गाड़ी लगाई जानी है | वाहन मालिक का नाम | चालक का नाम | वाहन का नाम | गाड़ी नम्बर | माडल | मासिक रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

**अनुबंध की शर्त निम्न प्रकार से है:-**

1. इस कार्य के लिए गठित उपरोक्त अधिकारियो की कमेटी द्वारा कुटेशन प्राप्त / टैण्डर करके अधिकतम रेट 20800/- पर वाहन किराए पर लने के लिए कार्यवाही की जाएगी।
2. प्रतिवर्ष इन वाहनो का टैक्स अदा किया जा रहा हो।
3. किराए पर लिए जाने वाले वाहन का आ.सी. बीमा व प्रदूषण प्रमाण पत्र आदि कागजात पूर्ण हो।
4. जिस कार्यालय मे बाल विकास परियोजना अधिकारी का पद रिक्त हो उस परियोजना हेतु वाहन किराए पर न लिया जाए तथा परियोजना में जब भी अधिकारी का पद रिक्त होता है तुरंत किराए का वाहन सरेन्डर करके सूचना निदेशालय को दी जाए।
5. अनुबंध बिना कोई कारण बताए रदद किया जा सकता है।

**नोट:-** उपरोक्त के अतिरिक्त निविदा प्रोफार्मा में सभी नियम व शर्ते लिखी गई है । निविदा प्रोफार्मा जिला कार्यक्रम अधिकारी, पलवल से या महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालयों से प्राप्त करके आवेदन करे तथा अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए इस कार्यालय के दूरभाष नं 9813671248 पर किसी भी कार्य दिवस को संपर्क कर सकते है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
महिला एवं बाल विकास विभाग,
लघु सचिवालय, प्रथम तल,पलवल
फोन न0- 9813671248, 9560115080
ई.मेल- popwl.wcd@gmail.com

PRDH:- 1128/11/149/2023/10170/1/7 Dt. 07/06/2022

## कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, बुलन्दशहर।

पत्रांक–सी465/प्रो0का0/प्रे0वि0/अज्ञात/2022–23 दिनांक–7.6.2022

### प्रेस–विज्ञप्ति




दिनांक 10.09.2021 को एक नवजात शिशु मौहल्ला अवन्तीनगर भूड़ बुलन्दशहर में कुडे के ढेर पर बोरे में बंद मिला, रोने की आवाज सुनकर मौहल्ले के लोगों ने उसे डॉ राकेश मित्तल के मित्तल नर्सिंग होम गुलमोहर एन्क्लेव निकट सम्राट लॉज भूड़ बुलन्दशहर में भर्ती कराया। बाल कल्याण समिति द्वारा उक्त बालक को अस्थायी रूप से पालन–पोषण एवं देखभाल हेतु स्थानीय परिवार में रखा गया है। बालक का काल्पनिक नाम वर्तमान में गर्वित रखा गया है। बालक के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी होने पर कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बुलन्दशहर, कलैक्ट्रेट परिसर, कमरा नं0–07, बुलन्दशहर, बाल कल्याण समिति, कमरा नं0–115, विकास भवन, बुलन्दशहर, संपर्क सूत्र– 9897544749 एवं जिला बाल संरक्षण इकाई, नयी तहसील के सामने ट्रांजिट हॉस्टल, कमरा नं0–01, बुलन्दशहर, संपर्क सूत्र–9897662730 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला प्रोबेशन अधिकारी,
बुलन्दशहर।

## कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, बुलन्दशहर।

पत्रांक–सी461/प्रो0का0/प्रे0वि0/अज्ञात/2022–23 दिनांक–7.6.2022

### प्रेस–विज्ञप्ति



दिनांक 01.04.2021 को थाना कोतवाली देहात पुलिस को सूचना मिली कि ब्रहमानंद टी पोइन्ट के पास पेडों में एक माह की बच्ची मिली, जिसे पहले सी0एच0सी0 बुलन्द हर में दाखिल कराया गया तथा उसके बाद उसे जिला अस्पताल बुलन्दशहर के आई0सी0यू0 में भर्ती कराया गया। बाल कल्याण समिति, बुलन्दशहर द्वारा बालिका को शिशु गृह, मथुरा में आवासित कराया गया। उक्त बालिका काल्पनिक नाम गौरी वर्तमान में शिशु गृह, मथुरा में आवासित है। बालक के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी होने पर कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बुलन्दशहर, कलैक्ट्रेट परिसर, कमरा नं0–07, बुलन्दशहर, बाल कल्याण समिति, कमरा नं0–115, विकास भवन, बुलन्दशहर, संपर्क सूत्र– 9897544749 एवं जिला बाल संरक्षण इकाई, नयी तहसील के सामने ट्रांजिट हॉस्टल, कमरा नं0–01, बुलन्दशहर, संपर्क सूत्र–9897662730 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला प्रोबेशन अधिकारी,
बुलन्दशहर।

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि | राशि/ईएमडी (अनुमानित) रु. में | विभाग की वेबसाईट | नोडल अधिकारी/ संपर्क जानकारी/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भवमा गुरुग्राम | वर्ष 2022-23 हेतु निर्माण सदन लोनिवि भवमा कार्यालय भवन गुरुग्राम हरियाणा में हाउसकीपिंग सेवाओं (श्रमशक्ति उपलब्ध कराना) के प्रावधान द्वारा अपकीपमेंट तथा सीवेज ट्रीटमेंट फिल्टरेशन सिस्टम वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 500 एलपीएच, 1000 पीएच री-प्लांट का व्यापक वार्षिक संचालन एवं रखरखाव तथा पेस्ट कंट्रोल सेवाएं। | बंद होने की तिथि 20.06.2022 | 85.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0124-2977767 pwd-eepd1-gurgaon1@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भवमा हिसार | फतेहाबाद जिले में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन, टोहाना में पावर वायरिंग की विशेष मरम्मत का प्रावधान। पुनः आमंत्रित। | 06.06.2022 13.06.2022 | 3.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466724918 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भवमा अम्बाला कैंट | अम्बाला जिला में अम्बाला सिटी में एवीएम/वीवीपीएटीएस के अनुमान की उचित स्टोरेज हेतु गोदाम का निर्माण (01 अदद 13 यात्री वाली लिफ्ट का प्रावधान) पुन : आमंत्रित +2 अन्य कार्य। | 09.06.2022 22.06.2022 | 56.1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सोनीपत | भदाना ड्रेन के आरडी 10900, 16000, 20600, 23500, 25150 में वीआर पुलों के पुनः निर्माण सहित आरडी 0 से 25650 तक भदाना ड्रेन के डिजाईन सैक्शन को लाना + 4 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 13.06.2022 | 725.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8059933744 xenwsdivnspt@rediffmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | हमीदपुर बंद की रीचार्जिंग हेतु किमी. 0.000 से 4.640 तक एक्सपेरीमेंटल चैनल पर लिंक के किमी. 2.540 पर पाईप एक्स-इंग के निर्माण सहित आन्तरिक सफाई + 7 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 15.06.2022 | 47.5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सिरसा | आरडी 100000 से 130750 टेल तक रोरी घग्गर ड्रेन एवं इसकी सहायक ड्रेनों की आन्तरिक सफाई। | बंद होने की तिथि 15.06.2022 | 9.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666235721 xenghaggar@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, कुरुक्षेत्र | गांव रायपुर रोरां, मानकमाजरा, पुजाम इत्यादि की कृषि भूमि की सुरक्षा हेतु सिरसा शाखा के आरडी 42950/आर में पम्प हाऊस का निर्माण (कुल कार्य-4) | 03.06.2022 27.06.2022 | 387.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996608432 xenwsdivnkkra@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज भिवानी | 01.07.2022 से 30.06.2023 तक पंचायती राज का क्षेत्रीय संस्थान एवं सामुदायिक विकास भिवानी के ट्रेनीज हेतु खाना उपलब्ध कराने हेतु। | 08.06.2022 22.06.2022 | | https://etenders.hry.nic.in | 7988976997 riprcd@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज अम्बाला | सरकारी पशु अस्पताल तिरवाड़ा जिला नूह में ई.आई कार्य का प्रावधान (पुनः आमंत्रित) + 1 अन्य कार्य। | 07.06.2022 13.06.2022 | 2.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7876821204 prexeengelec.amb@hry.nic.in |

अग्रिम जानकारी हेतु कृपया वेबसाईट www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in पर जाएं।

PRDH:- 11/2023/180/10176/I/1/7 Dt. 07/06/2022

# महाराष्ट्र : महा विकास आघाड़ी में फूट

## राज्यसभा चुनाव : निर्दलियों को साधने में उद्धव ठाकरे सरकार के छूट रहे पसीने

सुरेंद्र मिश्र

**मुंबई।** महाराष्ट्र में राज्यसभा की छह सीटों के लिए आगामी 10 जून को होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नवंबर 2019 में छोटे दलों व निर्दलीय विधायकों के समर्थन से शिवसेना के नेतृत्व में बनी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार में फूट पड़ गई है। जिन छोटे दलों और निर्दलियों ने उस समय उद्धव ठाकरे को समर्थन दिया था उन्होंने अब किनारा कर लिया है। उन्हें साधने में एमवीए सरकार के पसीने छूट रहे हैं। इसलिए अब एमवीए के तीनों प्रमुख दल शिवसेना-एनसीपी और कांग्रेस के नेता अपने विधायकों को एकजुट रखने में जुटे हैं।

राज्यसभा चुनाव को लेकर एमवीए के नेताओं ने मंगलवार को दक्षिण मुंबई स्थित होटल ट्राईडेंट में पार्टी के विधायकों की बैठक बुलाई जिसमें शिवसेना, कांग्रेस और एनसीपी के सभी विधायक शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से लेकर एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार और कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे व एच के पाटिल ने उन्हें न केवल राज्यसभा चुनाव का गणित समझाया बल्कि एकजुट रहने के लिए प्रेरित किया। उसके बाद सभी विधायकों को ट्राईडेंट होटल में ठहराने का इंतजाम किया गया है। लेकिन इस बैठक में एमवीए सरकार को समर्थन दे रही बहुजन विकास आघाड़ी (बीवीए), समाजवादी पार्टी समेत कई निर्दलियों ने हिस्सा नहीं लिया। बीवीए के नेता हितेंद्र ठाकुर ने कहा, उन्हें एमवीए की बैठक में उपस्थित होने के लिए निमंत्रण नहीं मिला है। इसलिए वे बैठक में शामिल नहीं हुए। बीवीए के तीन विधायक हैं।



होटल ट्राइडेंट में बैठक के लिए जाते कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण।

### उद्धव के जवाब का इंतजार : आजमी

सपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक अबू आसिम आजमी ने कहा, हमने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखा है। उनके जवाब का इंतजार है। जवाब नहीं आया तो पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के आदेश पर रणनीति तय करेंगे। हमने 2019 में एमवीए का साथ दिया। लेकिन ढाई साल में इस सरकार ने मुसलमानों के लिए कुछ नहीं किया।

**समर्थन के लिए एमवीए नेता संपर्क करें : ओवैसी**

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को दावा किया कि एमवीए के किसी भी नेता ने उनसे संपर्क नहीं किया है। ओवैसी ने कहा, यदि हमारा समर्थन चाहिए तो उन्हें हमसे संपर्क करना होगा।

### हरियाणा : क्रॉस वोटिंग को लेकर सत्ता पक्ष भी सतर्क

**चंडीगढ़।** हरियाणा में राज्यसभा की दो सीटों के लिए 10 जून को होने वाले मतदान के मद्देनजर सत्ता पक्ष भी सतर्क हो गया है। कांग्रेस के बाद अब गठबंधन सरकार भाजपा-जजपा और निर्दलीय विधायकों को बुधवार से बाड़ेबंदी करने जा रही है। भाजपा के 40, जजपा के 10 और छह निर्दलीय विधायक मोहाली जिले के न्यू चंडीगढ़ स्थित होटल ओबरॉय सुखविलास में रहेंगे। ब्यूरो

■ चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाए गए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, भाजपा प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओपी धनखड़, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और जजपा प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह विधायकों के साथ संवाद करेंगे। नए विधायकों को चुनाव प्रक्रिया के साथ ही एकजुटता का पाठ भी पढ़ाएंगे।

### राजस्थान : कांग्रेस के आठ विधायक कर सकते हैं क्रॉस वोटिंग : चंद्रा

**जयपुर।** राज्यसभा चुनाव में राजस्थान से भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सुभाष चंद्रा ने मंगलवार को दावा किया कि आठ कांग्रेस विधायक क्रॉस वोटिंग कर उनके लिए मतदान कर सकते हैं। चंद्रा ने कहा, पायलट के पास अच्छा मौका है। अगर वह चूके तो फिर 2028 तक सीएम नहीं बन पाएंगे। यहीं नहीं जो आठ विधायक क्रॉस वोट करेंगे, वे भी पार्टी रवैये से खुश नहीं हैं और अपमान के घूंट पी रहे हैं। संवाद

### देशमुख व मलिक की जमानत पर ईडी ने कहा, कैदियों को वोट का अधिकार नहीं

**मुंबई।** ईडी ने महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख और मंत्री नवाब मलिक की राज्यसभा चुनाव में वोट देने के लिए 10 जून को एक दिन की जमानत की अर्जी का विरोध किया है। ईडी का कहना है, लोक प्रतिनिधित्व (आरपी) अधिनियम के तहत कैदियों को वोट का अधिकार नहीं है। देशमुख और मलिक दोनों इन दिनों विभिन्न मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में जेल में हैं। राज्यसभा चुनाव में वोट देने के लिए उन्होंने पिछले सप्ताह विशेष अदालत से जमानत की अपील की थी। ब्यूरो

## न्यूज डायरी

### संरक्षित वनों पर सुप्रीम आदेश के खिलाफ कांग्रेस की हड़ताल

**पथनमथिट्टा (केरल)।** संरक्षित वनों को लेकर दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ मंगलवार को जिले की सात पंचायतों में कांग्रेस की एक दिवसीय हड़ताल के दौरान दुकानें बंद रखी गईं और वाहन भी नहीं चले। शीर्ष अदालत ने संरक्षित वन क्षेत्रों के आसपास एक किमी तक पारिस्थितिकी के प्रति संवेदनशील क्षेत्र (ईएसजेड) सुनिश्चित करने के साथ इन क्षेत्रों में खनन पर भी प्रतिबंध लगाया था। एजेंसी

### राणा उत्पीड़न मामला : महाराष्ट्र के डीजीपी, मुंबई पुलिस आयुक्त तलब

**नई दिल्ली।** लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने महाराष्ट्र के अमरावती से सांसद नवनीत राणा के उत्पीड़न के मामले में महाराष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों को तलब किया है। राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और मुंबई के पुलिस आयुक्त को 15 जून को समिति के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है। सांसद राणा ने गत दिनों गिरफ्तारी व जेल में रखे जाने के दौरान उत्पीड़न की शिकायत समिति से की थी। एजेंसी

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में हेमंत सोरेन ने मांगी पेशी से राहत

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने 2019 लोकसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन के मामले में व्यक्तिगत पेशी से राहत मांगी है। विशेष सांसद विधायक कोर्ट में सोरेन ने आवेदन किया है। सोरेन के खिलाफ वोट डालते वक्त पार्टी के सिंबल वाला गमछा गले में डालकर जाने पर यह मामला दर्ज हुआ था। एजेंसी

### राजस्थान : बूंदी के मंदिर में मिला पुजारी का शव, मूर्ति गायब

**कोटा।** बूंदी जिले की तालेड़ा पहाड़ी पर स्थित देवरा महादेव मंदिर में पुजारी बिवेकानंद शर्मा (40) का शव लहूलुहान हालत में मिला। मंदिर से देवता की मूर्ति भी गायब थी। पुलिस अधीक्षक ने कहा, पुजारी के शव को देखकर लगता है, हमलावर दो थे। वारदात के विरोध में लोगों ने प्रदर्शन किया। बाद में अधिकारियों ने मुआवजे और परिवार के एक सदस्य को अनुबंध पर नौकरी दिलाने का आश्वासन देकर उन्हें शांत किया। एजेंसी

### दो साल में अमेरिका जैसी होंगी बिहार की सड़कें : गडकरी

**पटना।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पिछले कुछ सालों में बिहार की सड़कों में काफी सुधार हुआ है और अब दिसंबर, 2024 तक यहां की सड़कें अमेरिका जैसी होंगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंगलवार को गडकरी ने हाजीपुर से 13,565 करोड़ रुपये की लागत की 15 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का रिमोट के माध्यम से लोकार्पण व शिलान्यास किया। ब्यूरो

# गर्मी से तपा उत्तराखंड, हरिद्वार में टूटा तीन साल का रिकॉर्ड, मसूरी भी लाल

**देहरादून।** पाकिस्तान से उत्तराखंड पहुंच रही गर्म हवाओं से उत्तराखंड तप रहा है। मंगलवार को हरिद्वार प्रदेश में सबसे गर्म रहा, जहां 42.5 डिग्री तापमान रिकार्ड किया गया। वहीं राजधानी देहरादून में पारा 40.2 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं, गर्मी से पहाड़ों की रानी मसूरी भी तपने लगी है। यहां अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री रहा। दिन के तापमान में बढ़ोतरी के चलते माल रोड और अन्य पर्यटक स्थलों में कम संख्या में पर्यटक घूमते नजर आ रहे।

**परेशानी : अगले 24 घंटे में मैदान से लेकर पहाड़ तक रहेगी जबरदस्त गर्मी**

मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे में मैदान से लेकर पहाड़ तक जबरदस्त गर्मी रहेगी। इसके लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। साथ ही कुछ दिनों तक राजधानी दून के साथ ही मैदान से लेकर पहाड़ तक गर्म हवाएं चलने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह का कहना है कि पंद्रह जून तक गर्मी से बहुत अधिक राहत की उम्मीद नहीं है। ब्यूरो

■ **हरिद्वार : जून के पहले हफ्ते में रिकॉर्ड गर्मी :** बीते तीन सालों में जून माह के पहले सप्ताह में मंगलवार को 42.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकार्ड किया गया। यह तापमान पिछले तीन सालों में जून के पहले सप्ताह में सर्वाधिक है। 2020 में 39 और 2021 में 37 डिग्री पारा रिकार्ड हुआ था।

■ **तीन साल बाद मंगलवार को सबसे गर्म रहा शिमला :** शिमला में तीन साल बाद मंगलवार सबसे गर्म दिन रिकॉर्ड हुआ। वर्ष 2019 सबसे अधिक तापमान 30.5 डिग्री दर्ज हुआ था। जबकि मंगलवार को 29.4 डिग्री दर्ज हुआ।

# तेलंगाना में भाजपा खत्म करेगी वंशवादी कुशासन : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के भाजपा पार्षदों से मुलाकात में विश्वास जताया कि पार्टी तेलंगाना में वंशवादी कुशासन को समाप्त करने और सुशासन के लिए काम करेगी। पार्टी 2019 के लोकसभा चुनावों, विधानसभा उपचुनावों और हैदराबाद नगरपालिका चुनावों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद दक्षिणी राज्य में बड़ी सफलता की उम्मीद कर रही है। इस बैठक में तेलंगाना भाजपा प्रमुख बंदी संजय कुमार और केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी भी शामिल थे। पीएम ने ट्वीट कर कहा, जीएचएमसी में भाजपा के पार्षदों और तेलंगाना के अन्य पार्टी नेताओं से मुलाकात की। हमने सामुदायिक सेवा प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने और जमीनी स्तर पर लोगों की मदद करने को लेकर व्यापक चर्चा की। ब्यूरो

# पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक में डेनमार्क शीर्ष पर, भारत आया निचले पायदान

**नई दिल्ली।** अमेरिकी संस्थानों के 2022 के लिए जारी पर्यावरण प्रदर्शन सूचकांक में भारत 180 देशों में सबसे निचले पायदान पर है। इसमें डेनमार्क पहले, ब्रिटेन दूसरे और फिनलैंड तीसरे स्थान पर है। येल सेंटर फॉर एन्वॉयर्नमेंटल लॉ एंड पॉलिसी और कोलंबिया विवि के इंटरनेशनल अर्थ साइंस इन्फॉर्मेशन नेटवर्क ने यह सूचकांक तैयार किया है।

**अमेरिका स्थित संस्थानों ने 2022 के लिए जारी किया 180 देशों का सूचकांक**

सूचकांक में 11 श्रेणियों में 40 प्रदर्शन संकेतकों का इस्तेमाल करते हुए 180 देशों को जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन, पर्यावरण स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी तंत्र जीवन शक्ति के आधार पर रैंक दी गई है। ये संकेतक राष्ट्रीय स्तर पर एक पैमाना बताते हैं कि देश पर्यावरण नीति के लक्ष्यों के कितने करीब हैं। इसमें भारत को सबसे कम 18.9 अंक मिले हैं। म्यांमार (19.4) नीचे से दूसरे, वियतनाम (20.1) तीसरे स्थान पर है। बांग्लादेश को 23.1 और पाकिस्तान को 24.6 अंक मिले हैं। ब्यूरो

### वायु प्रदूषण से बिगड़ी रैंकिंग

रिपोर्ट के मुताबिक तेजी से बिगड़ी और खतरनाक श्रेणी में पहुंची वायु गुणवत्ता और बढ़ते ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के कारण भारत पहली बार इस रैंकिंग में निचले पायदान पर पहुंचा है। चीन 28.4 अंक के साथ इस सूची में 161वें स्थान पर है। रिपोर्ट के मुताबिक 2050 तक ग्रीन गैस उत्सर्जन के मामले में भारत शीर्ष और चीन दूसरे स्थान पर होगा।

# केंद्र ने सड़क हादसे की जांच के लिए उत्तराखंड भेजी टीम

**देहरादून (विनोद मुसान)।** उत्तरकाशी के डामटा में यमुनोत्री नेशनल हाईवे-123 पर हुए सड़क हादसे का केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने संज्ञान लिया है। विभागीय मंत्री नितिन गडकरी ने हादसे के कारणों को जानने व सेफ्टी ऑडिट के लिए सेव लाइफ फाउंडेशन की तीन सदस्यीय टीम को भेजा है। शासन में प्रमुख सचिव लोनिवि आरके सुधांशु ने टीम के उत्तरकाशी पहुंचने की पुष्टि की है।

**सेफ्टी ऑडिट होगा : केंद्रीय मंत्री गडकरी ने लिया डामटा हादसे का संज्ञान**

बीते रविवार को यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर डामटा के पास हुए दर्दनाक हादसे में मध्यप्रदेश के यात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। हादसे में 26 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए थे। हादसा नेशनल हाईवे पर हुआ था, इसलिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इसकी जांच के लिए सेव लाइफ फाउंडेशन की तीन सदस्यीय टीम को मौके पर भेजा है। ब्यूरो

# अफ्रीका से जल्द मध्य प्रदेश के नेशनल पार्क में आएंगे चीते

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका से अगस्त तक 5-6 चीते मध्य प्रदेश लाए जाएंगे। औपचारिक कानूनी प्रक्रिया विदेश मंत्रालय के कानून विभाग के पास अंतिम दौर में है। नामीबिया से भी चीतों के लिए विमर्श जारी है, लेकिन कुछ मामलों पर यह अटक गया है।

पर्यावरण मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, चीतों के लिए मध्य प्रदेश के कुनो-पालपुर नेशनल पार्क में 10 वर्गकिमी का क्षेत्र निश्चित किया गया है। जल्द ही यह कम से कम छह चीतों का घर होगा। दक्षिण अफ्रीका से 15 जून को विशेषज्ञ दल नेशनल पार्क का दौरा करेगा। ब्यूरो

# कोरोनाकाल में अमेरिका ने भारतीय छात्रों को दिए सबसे ज्यादा वीजा : उप राजदूत

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी उप राजदूत पेट्रीसिया लैसिना ने मंगलवार को बताया कि पिछले साल महामारी की चुनौती के बावजूद अमेरिका ने भारतीयों को इतिहास में सबसे ज्यादा छात्र वीजा जारी किए और यह रिकॉर्ड 2022 में भी जारी रहने की उम्मीद है। उन्होंने बताया, 2021 में 62,000 भारतीय छात्रों को वीजा जारी किया गया था और इस साल अमेरिकी दूतावास ने इसके लिए एक लाख आवेदन मंगाए हैं।

**अमेरिकी दूतावास ने इस साल इसके लिए एक लाख आवेदन मंगाए**

अमेरिकी दूतावास में छात्र वीजा दिवस पर लैसिना ने कहा, अमेरिका अंतरराष्ट्रीय छात्रों और हमारे शैक्षणिक संस्थानों व समुदायों में उनके समृद्ध योगदान को बहुत महत्व देता है। भारत में यह खास तौर पर सच है। भारतीय छात्र अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय छात्रों का दूसरा सबसे बड़ा समूह हैं।

भारत में छठे वार्षिक छात्र वीजा दिवस के आयोजन पर दूतावास ने कहा, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई में अमेरिकी अधिकारियों ने 2,500 से अधिक छात्र वीजा आवेदकों का साक्षात्कार लिया है। दूतावास ने कहा, इस साल दो लाख से ज्यादा भारतीय छात्र अमेरिकी शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ रहे हैं, जो अमेरिका में करीब 20 फीसदी अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ब्यूरो

# कानपुर बवाल में पीएफआई का हाथ होने की पुष्टि तीन गिरफ्तार, बुलडोजर के डर से किशोर का सरेंडर

## अब तक 50 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी, पोस्टर से कई और पहचाने गए

अमर उजाला ब्यूरो

**कानपुर।** नई सड़क पर तीन जून को जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल में पुलिस ने मंगलवार को पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) के तीन सदस्यों समेत 12 और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं, बुलडोजर से डरकर कर्नलगंज निवासी 16 वर्षीय किशोर ने खुद ही थाने में आत्मसमर्पण कर दिया।

जेल भेजे गए आरोपियों में पीएफआई के तीन सदस्य मोहम्मद नसीम, मोहम्मद उमर और सैफुल्ला शामिल हैं। अब तक 50 आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। पुलिस ने संदिग्ध उपद्रवियों के पोस्टर जारी किए थे, जिसमें कर्नलगंज के एक किशोर की भी फोटो थी। पोस्टर चस्पा होते ही किशोर व उसके परिजनों तक जानकारी पहुंच गई। पुलिस ने उसकी तलाश में दबिश शुरू की थी। इसी बीच सोमवार आधी रात को परिवार के साथ किशोर कर्नलगंज थाने पहुंचा और आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने उसको जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया।

पुलिस कमिश्नर विजय सिंह मीना ने बताया कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी एसआईटी कर रही है। कोई भी हो, अगर उसने कानून का उल्लंघन किया तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।



कानपुर के बेकनगंज में रूट मार्च करते आरआरएफ जवान, पीएसी बल व अधिकारी।

*विदेश से फंडिंग की आशंका, जांच शुरू : बवाल के मुख्य साजिशकर्ता हयात जफर हाशमी और उसके एसोसिएशन को विदेश से फंडिंग की आशंका है। पुलिस को इस संबंध में कई पुख्ता साक्ष्य मिले हैं। उसी आधार पर तफ्तीश शुरू की गई है। बैंक खाते खंगाले जा रहे हैं। हाशमी समेत उसके करीबियों पर शिकंजा और कसा जाएगा। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शहर के कई लोग हाशमी व उसके एसोसिएशन को फंडिंग करते रहे हैं।*

### तैयारी : 100 से अधिक अवैध इमारतें चिह्नित, बुलडोजर चलेगा

तीन जून को हुए बवाल के बाद अब नई सड़क और आसपास के क्षेत्रों में अवैध रूप से बनीं इमारतों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी है। पुलिस कमिश्नर ने केडीए वीसी को 100 से ज्यादा भवनों की सूची भेजकर इनके नक्शों के साथ ही वैध या अवैध होने की जानकारी मांगी थी। इसके बाद जिला प्रशासन ने भी केडीए से जांच कर जल्द से जल्द रिपोर्ट देने को कहा है। सूची के सत्यापन के बाद अवैध भवनों पर कार्रवाई शुरू की जाएगी। डीएम नेहा शर्मा ने कहा कि पुलिस ने जो सूची भेजी है, पहले उनकी पड़ताल की जाएगी। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई होगी।



### चेतावनी : बुलडोजर चला तो कफन बांधकर सड़क पर उतरेंगे

हिंसा के बाद की जा रही कार्रवाई का शहर काजी हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी ने सख्त विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों ने जुलूस निकालकर गलती की है, लेकिन पत्थर ऊपर से किसी और ने चलाए। गलती दोनों पक्षों की है, लेकिन एक ही पक्ष के 50-60 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। अब मुस्लिम पक्ष के घरों पर बुलडोजर चलाने की बात कही जा रही है। ऐसा हुआ तो कफन बांधकर सड़क पर उतरेंगे। कानून नहीं तोड़ेंगे लेकिन मरने के लिए तैयार हैं। हालांकि, टीवी चैनलों पर यह बयान आने के बाद उन्होंने कहा कि उनके बयान को तोड़मरोड़ कर पेश किया गया है।



# ज्ञानवापी : नियमित पूजा-पाठ पर सुनवाई पूरी, फैसले का इंतजार

**वाराणसी।** ज्ञानवापी में मिले शिवलिंग के राग, भोग, पूजन-अर्चन की मांग पर मंगलवार को जिला जज की अदालत में सुनवाई पूरी कर ली गई। राग, भोग के लिए अनुमति देने की याचना के लिए वादी पक्ष के अधिवक्ताओं ने आधे घंटे तक दलीलें दीं। अदालत ने सुनवाई के बाद आदेश के लिए पत्रावली सुरक्षित कर ली।



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से यूपी सरकार, पुलिस आयुक्त व अन्य को पक्षकार बनाते हुए ज्ञानवापी स्थित श्री आदिविश्वेश्वर को राग, भोग, पूजन-अर्चन की अनुमति मांगी गई है। मंगलवार को वाद के पक्ष में दलीलें रखते हुए अधिवक्ता अरुण कुमार त्रिपाठी ने कहा कि ज्ञानवापी में जिस शिवलिंग के मिलने की बात कही गई है, वह श्री आदिविश्वेश्वर देवता स्वरूप विराजमान हैं। देवता को सुप्रीम कोर्ट ने भी नाबालिग माना है। सिविल जज ने वजू स्थल के पास मिले शिवलिंग को सील करने का आदेश दिया था, यह पूरी तरह से सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ है, क्योंकि देवता को नाबालिग की तरह ही राग, भोग की व्यवस्था मर्यादित तरीके से दी जानी चाहिए। अधिवक्ता रमेश उपाध्याय ने अदालत में भविष्य पुराण का जिक्र करते हुए कहा कि बाल स्वरूप देवता शिवलिंग को राग, भोग, पूजन-अर्चन की अनुमति न्यायसंगत है। अधिवक्ता चंद्रशेखर सेठ व धीरेंद्रनाथ शर्मा ने भी राग भोग के लिए अनुमति देने की याचना की। संवाद

### अविमुक्तेश्वरानंद का अनशन जारी रहेगा

अयोध्या के संत जीयर स्वामी ने मंगलवार को केदारघाट स्थित श्रीविद्यामठ में मंगलवार सुबह अनशन पर बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ज्ञानवापी नंदी का पूजन करने का हवाला देते हुए अनशन खत्म करने की अपील की, लेकिन स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद अपनी मांगों पर अड़े रहे। वह पिछले पांच दिन से अनशन पर हैं। उन्होंने कहा कि जब तक ज्ञानवापी में पूजन-अर्चन नहीं कर लेते, अनशन खत्म नहीं होगा।

# आरएसएस कार्यालय को उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

## एटीएस ने तमिलनाडु के पुदुकोट्टाई जिले से दबोचा

**लखनऊ।** राजधानी में अलीगंज व उन्नाव के नवाबगंज स्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले राज मोहम्मद को एटीएस ने तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया है। उसे एटीएस टीम ने पुदुकोट्टाई जिले से दबोचा। टीम आरोपी को लेकर लखनऊ आ रही है। आरोपी के खिलाफ रविवार को मड़ियांव थाने में संघ के स्वयं सेवक डॉ. नीलकंठ मणि पुजारी की तहरीर पर केस दर्ज किया गया था।

एडीजी एटीएस नवीन अरोरा के मुताबिक मुकदमा दर्ज होने की जानकारी होने पर टीम ने पड़ताल शुरू की। जिस मोबाइल नंबर से संदेश भेजा गया। उसकी लोकेशन लोकेशन तमिलनाडु के पुदुकोट्टाई जिले रामलिंगम स्ट्रीट में मिली। तत्काल एटीएस टीम तमिलनाडु के लिए रवाना हो गई। उसे सोमवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। एडीजी के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी तमिलनाडु के पुदुकोट्टाई जिले रामलिंगम स्ट्रीट निवासी राज मोहम्मद है। ब्यूरो

**व्हाट्सएप पर भेजे संदेश में यूपी और कर्नाटक के छह संघ कार्यालय का था जिक्र**



### यह था मामला

अलीगंज सेक्टर-एन निवासी डॉ. नीलकंठ के मुताबिक वह सुल्तानपुर स्थित एक महाविद्यालय में प्रोफेसर हैं। वे अलीगंज सेक्टर-क्यू स्थित संघ के कार्यालय से भी जुड़े हैं। रविवार दोपहर उन्हें व्हाट्सएप पर तीन भाषाओं हिंदी, कन्नड़ और अंग्रेजी में एक संदेश आया। इसमें दिए गए लिंक को खोलकर ग्रुप से जुड़ने के लिए कहा गया था, लेकिन नंबर विदेश का होने से उन्होंने लिंक नहीं खोला। इसके बाद तीन और मैसेज भेजे गए। इसमें संघ के अलीगंज के सेक्टर क्यू स्थित कार्यालय व उन्नाव केनवाबगंज कार्यालय समेत यूपी व कर्नाटक के छह स्थानों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

# पबजी की लत में नाबालिग बेटे ने मां को मारी गोली

**लखनऊ।** पबजी गेम की लत में नाबालिग बेटे (16) ने मां साधना सिंह (40) की गोली मारकर हत्या कर दी। उसके शव के साथ पंचमखेड़ा जमुनापुरम कॉलोनी स्थित घर में दो दिन व तीन रात रहा। छोटी बहन (9) को धमकी दी कि पुलिस या किसी को बताया तो उसे भी मार देगा। मंगलवार को बदबू फैलने लगी तो कहानी गढ़ी और पिता को सूचना दी।

**शव के साथ दो दिन, तीन रात रहा घर में**

सूचना पर पहुंची पुलिस ने उससे पूछताछ की तो सारी हकीकत सामने आ गई। लड़के के पिता नवीन सिंह सेना में जेसीओ के पद पर आसनसोल में तैनात हैं।

एडीसीपी कासिम आब्दी के मुताबिक शनिवार रात साधना दोनों बच्चों के साथ सो रही थी। रात करीब 3 बजे बेटे ने पिता की पिस्तौल से मां के सिर में गोली मार दी। ब्यूरो

# रालोद प्रमुख जयंत ने नाम में बिश्नोई जोड़ा

**लखनऊ।** रालोद प्रमुख जयंत सिंह ने ट्विटर हैंडल पर अब अपने नाम के साथ बिश्नोई भी जोड़ा है। उन्होंने इस बारे में ट्वीट किया, क्या आप जानते हैं कि मेरे नाम में चौधरी अजित सिंह जी की इच्छा अनुरूप कुमार भी है? माताजी की स्मृति में और शांतिप्रिय बिश्नोई समाज के सम्मान में जून माह के लिए ट्विटर पर नाम में बिश्नोई जोड़ा है। ऐसे वक्त जब धर्म और जाति पर आधारित बंटवारों पर चर्चा है, शायद कुछ लोगों की आंखों से पर्दे उठ जाएं। एक दिन पहले जयंत ने कहा था, एक आपराधिक समूह को बार-बार बिश्नोई गैंग बताकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहने वाले शांतिप्रिय बिश्नोई समाज की भावना आहत की जा रही है। ब्यूरो



# 11 जून तक हरिद्वार में भारी वाहनों की नो एंट्री

**हरिद्वार।** गंगा दशहरा स्नान पर्व को लेकर पुलिस ने कमर कस ली है। यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए रूट डायवर्जन को लेकर कसरत शुरू कर दी गई है। नौ जून से लेकर 11 जून तक जिले में भारी वाहनों के लिए नो एंट्री कर दी जाएगी।



इस साल नौ जून को गंगा दशहरा स्नान पर्व है। अगले दिन निर्जला एकादशी है। इन दोनों स्नान पर्वों के साथ ही वीकेंड पर शनिवार और रविवार की भारी भीड़ उमड़नी तय है। इसलिए पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने पहले से ही अधीनस्थों के साथ मीटिंग कर रणनीति बनाई और आवश्यक निर्देश दिए। एसएसपी ने बताया कि आठ जून को पुलिस मेला क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात कर दी जाएगी। संवाद

# हाथियों को ट्रेन हादसे से बचाएगा कवच

**नई दिल्ली।** आजादी के अमृत महोत्सव को यादगार बनाने के लिए पर्यावरण मंत्रालय ने रामसर साइट 75 करने के लिए 23 और साइट के लिए आवेदन किया है। मंत्रालय हाथी, डॉल्फिन और तेंदुए के संरक्षण पर लगातार काम कर रहा है।

मंत्रालय के आठ साल के कामकाज का ब्योरा देते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया, मंत्रालय इस समय पांच बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। बीएचयू में डॉल्फिन शोध संस्थान बनेगा। व्यास, चंबल, बिहार में नारायणी, गुजरात के जामनगर और तमिलनाडु में डॉल्फिन संरक्षण के लिए काम करने पर सहमति बनी है। हाथियों को रेल दुर्घटना से होने वाली मौत से बचाने के लिए अत्याधुनिक वार्निंग सिस्टम कवच लागू किया जाएगा। इसमें वन्यजीव संस्थान और रेलवे के विशेषज्ञ मिलकर काम कर रहे हैं। एजेंसी

# लद्दाख की पैंगोंग झील तक पहुंची 4जी सेवा

**लेह/जम्मू।** दिलकश और खूबसूरत नजारों से लबरेज पैंगोंग झील क्षेत्र में मोबाइल की 4जी कनेक्टिविटी शुरू हो गई है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से सटी झील में हर साल बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचते हैं, लेकिन हाई स्पीड मोबाइल इंटरनेट सेवा के अभाव में कई परेशानियां आती थीं।




पैंगोंग झील से बिल्कुल सटे स्पंगमिक गांव में लद्दाख के सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल ने जियो मोबाइल टावर का उद्घाटन किया। पर्यटक और स्थानीय ग्रामीण अब 4जी की वॉयस और डेटा सेवाएं इस्तेमाल कर सकेंगे। इससे पूर्व मई माह में खलसी ब्लॉक के कांजी, उरबिस और हनुपट्टा के अलावा डिस्किट ब्लॉक के चुंगलुंग्खा गांव में 4जी सेवा शुरू की थी। संवाद


नौएडा

नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, (उ.प्र.)

वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.com

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा संबंधी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाईट www.noidaauthorityonline.com एवं http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | धनराशि | प्रकाशित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 10/एस0पी0ई0/पी0ई0(पी0एच0)–II/ई–टेन्डर/2022–23 | जन स्वास्थ्य खण्ड–द्वितीय जोन–द्वितीय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न सैक्टरों/ग्रामों के मुख्य नालों एवं पुलिया की सफाई का कार्य। | रु0 74.90 लाख | द्वितीय बार |

उपरोक्त निविदाओं को दिनांक **08.06.2022** से **14.06.2022** को **5.00** बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक **15.06.2022** को **11.00** बजे खोली जायेगी।

वरिष्ठ परियोजना अभियन्ता (जन स्वास्थ्य) नौएडा

कार्यालय सैक्टर–39

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

समय बहते पानी जैसा है। आप उस क्षण को फिर से नहीं छू सकते, जो एक बार बीत गया सो बीत गया। -स्वामी विवेकानंद

**गर्मी का कहर तीन महीने से भी अधिक समय से जारी है और जल्द राहत मिलती नहीं दिख रही है। दरअसल यह ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का ही नतीजा है कि हमें मौसम की चरम स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है।**

## पारा आसमान पर




पिछले हफ्ते समय से तीन दिन पहले भले ही मानसून ने केरल में दस्तक दे दी, लेकिन राजधानी दिल्ली सहित, उत्तर भारत और देश के मध्य तथा पूर्वी हिस्से को गर्मी से जल्द राहत मिलती नहीं दिख रही है। इन क्षेत्रों के अधिकांश हिस्सों में तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया जा रहा है और मौसम विभाग ने दिल्ली तथा कुछ हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक ग्रीष्म लहर और लू के प्रकोप को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट तक जारी किया है। गर्मी के कहर का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि उत्तर प्रदेश के बांदा और फतेहगढ़ में सोमवार को पारा 46.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। राजस्थान के श्रीगंगानगर और मध्य प्रदेश के खजुराहो में भी तापमान 46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दरअसल यह ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का ही नतीजा है कि हमें मौसम की चरम स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी का कहर तीन महीने से भी अधिक समय से जारी है और याद किया जा सकता है कि इस साल मार्च का महीना पिछले 122 साल में सबसे गर्म दर्ज किया गया था! 2021 की स्टेट ऑफ द ग्लोबल क्लाइमेट रिपोर्ट, 2021 बताती है कि किस तरह से ग्रीन हाउस गैसों की सघनता, समुद्री जलस्तर में वृद्धि और समुद्री अम्लीकरण में बढ़ोतरी मौसम के कहर के रूप में सामने है। जलवायु परिवर्तन कैसा घातक रूप लेता जा रहा है, यह इसी से समझा जा सकता है कि पिछले 11 वर्षों में राजधानी दिल्ली ने इस साल सर्वाधिक ग्रीष्म लहर का सामना किया है। पुणे स्थित भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिकों ने तो दो साल पहले ही अपने अध्ययन में पाया था कि वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण भारत में 2020 से ग्रीष्म लहर की आवृत्ति और अवधि में तेजी से वृद्धि होगी। साफ है कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग का असर अब चेतावनियों से आगे निकल चुका है। ऐसी चरम स्थितियां स्पष्ट संकेत हैं कि हमें यथाशीघ्र जलवायु परिवर्तन से निपटने की दीर्घकालीन नीति पर काम करने की जरूरत है। अभी तो हम इसी से संतोष कर सकते हैं कि मानसून की रफ्तार भले ही अभी सुस्त पड़ गई है, लेकिन इसके इस साल सामान्य रहने का अनुमान जताया गया है।

कुछ चर्चे कुछ लोग | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**अगस्त, 1942 में बलिया में चित्तू पांडेय के नेतृत्व में समानांतर राष्ट्रीय सरकार गठित हुई थी, जिसने सात थानों पर कब्जा जमाने के अलावा कलेक्टर को सत्ता त्यागने तथा गिरफ्तार कांग्रेसियों को रिहा करने को मजबूर किया था।**

## बलिया के बागी चित्तू पांडेय

चित्तू पांडेय का जन्म उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के रत्तूचक गांव में वर्ष 1865 में हुआ था। वह बचपन से ही ब्रिटिशों से नफरत करते थे, पर उनकी राजनीतिक विचारधारा ने ठोस आकार तब लिया, जब 1925 में गांधी जी बलिया आए और एक सभा को संबोधित किया था। गांधी से प्रभावित चित्तू पांडेय कांग्रेसी हो गए और अपना पूरा जीवन आजादी के आंदोलन के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में बड़ी भूमिका निभाई। नौ अगस्त,1942 को कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी की खबर बलिया पहुंचते ही अगले दिन सभी स्कूल बंद कर दिए गए और लोग सड़कों पर उतर गए। चित्तू पांडेय समेत दूसरे नेता गिरफ्तार हो गए थे। जिले के हर प्रमुख स्थान पर प्रदर्शन और हड़ताल शुरू हो गई। पांडेयपुर गांव में क्रांतिकारियों की एक गुप्त मंत्रणा हुई, जिसमें प्रमुख स्थानों पर कब्जा कर 19 अगस्त को बलिया को अंग्रेजों से मुक्त कराने का फैसला लिया गया। तय योजना के अनुसार, लोगों ने अंग्रेजी सत्ता के सभी प्रतीकों, जैसे-बेल्थरा रोड रेलवे स्टेशन, डाकघर और विदेशी कपड़ों की दुकानों पर हमला बोला। क्रांतिकारियों ने मालगाड़ी लूट ली और बांसडीह स्थित तहसील मुख्यालय पर भी कब्जा कर लिया। वहां से भीड़ बैरिया थाने पर पहुंची। भीड़ देख थानेदार ने थाने पर तिरंगा फहराकर जान बचाई, पर रात में पुलिस की मौजूदगी में फिर ब्रिटिश ध्वज फहरा दिया। अगले दिन थाने पर तिरंगा फहराने की कोशिश में सत्रह क्रांतिकारियों को जान गंवानी पड़ी।



इससे क्रांतिकारियों में गुस्सा इतना बढ़ा कि जिला मुख्यालय पर क्रांति की ज्वाला धधक उठी। स्थिति को नियंत्रण से बाहर जाते देख प्रशासन ने जेल में बंद चित्तू पांडेय से बात की। 19 अगस्त को चित्तू पांडेय और उनके समर्थकों को अंग्रेजों को तब जेल से रिहा करना पड़ा, क्योंकि उन्हें पता चला कि अपने नेता को छुड़ाने के लिए हजारों हथियारबंद लोग जेल की ओर बढ़ रहे हैं। प्रशासन को यह आश्वासन भी देना पड़ा कि वह किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगा। लेकिन अगले ही दिन जब पुलिस ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू की, तो लोगों ने अंग्रेजी शासन से स्वतंत्रता की घोषणा की और चित्तू पांडेय को अपना प्रमुख घोषित किया। बलिया में एक समानांतर राष्ट्रीय सरकार गठित हुई, जिसने दस में से सात पुलिस थानों पर अधिकार जमा लिया और कलेक्टर को सत्ता त्यागने तथा सभी गिरफ्तार कांग्रेसियों को रिहा करने के लिए मजबूर किया। नागरिक प्रशासन चलाने के लिए अलग-अलग इलाकों के लिए अलग-अलग पंचायतों की स्थापना की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को शहर की रक्षा के लिए नियुक्त किया गया। लेकिन क्रांतिकारियों की वह राष्ट्रीय सरकार कुछ ही दिन तक बनी रह सकी। 22-23 अगस्त की मध्य रात्रि को सेना ने बलिया में प्रवेश किया और जनता की सरकार को उखाड़ फेंका। उसी के साथ अंग्रेजों का भीषण दमन चक्र शुरू हुआ। हालांकि चित्तू पांडेय के बारे में कहा जाता है कि वह भाग निकलने में सफल रहे। चित्तू पांडेय ने खुद को गांधीवादी ही कहा, लेकिन बलिया में भारत छोड़ो आंदोलन की सफलता को देखकर पंडित जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस ने चित्तू पांडेय को बलिया के शेर की उपाधि दी थी। अलबत्ता यह विडंबना ही है कि आजादी से पहले बलिया को ब्रिटिशों से आजाद कराने में बड़ी भूमिका निभाने वाले चित्तू पांडेय आजाद भारत का सूरज नहीं देख पाए। छह दिसंबर, 1946 को उन्होंने आखिरी सांस ली। बलिया शहर के चौराहे का नाम उनके नाम पर रखा गया है।

**जवाहरलाल नेहरू और सुभाषचंद्र बोस ने चित्तू पांडेय को 'बलिया का शेर' कहा। बलिया शहर का चौराहा उनके नाम पर है।**

## सिविल सेवा में छोटे शहरों की धमक

**अंग्रेजी माध्यम और निजी स्कूलों की पृष्ठभूमि न होना छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिए आईएएस अधिकारी बनने में बाधा नहीं बना है। अमीर और कुलीन वर्ग के उम्मीदवारों के कोचिंग करने का एक फायदा है, लेकिन समाज के अन्य समूहों के उम्मीदवारों की प्रतिभा और कड़ी मेहनत के कारण अंतर कम हो गया है।**

इससे कोई इनकार नहीं कर सकता कि सिविल सेवा के अधिकारी केंद्र एवं राज्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और यह सच्चाई तबसे प्रचलित है, जब 19वीं सदी में इसकी स्थापना की गई थी और इसे आईएएस के बजाय आईसीएस कहा जाता था। लॉर्ड कार्नवालिस को आधुनिक भारतीय सिविल सेवा का जनक कहा जाता है। अंग्रेज आईसीएस को भारतीय प्रशासन का स्टील फ्रेम कहते थे। वर्ष 1924 में यूपीएससी की स्थापना की गई और उसे इस प्रतिष्ठित सेवा के अधिकारियों के चयन का काम सौंपा गया।



के. एस. तोमर

यदि कोई यह मानता है कि केंद्र और राज्यों में नौकरशाही का शासन नहीं है, तो वह गलत है, इसे रोजमर्रा के जीवन में देखा जा सकता है। किसी भी शासन की सफलता सिविल सेवा के अधिकारियों के संचालन पर निर्भर करती है। यह ब्रिटिश राज से हमें विरासत में मिली है, जो आज भी बदली नहीं है। यह एक तथ्य है कि अधिकांश राजनेता, जो शासन में होते हैं, उनके पास अनुभव, निर्णय लेने की क्षमता, फाइल कार्य, तकनीकी, नियमों और विनियमों आदि का ज्ञान नहीं हो सकता है, इसलिए नौकरशाह उनके मार्गदर्शक बन जाते हैं, जो उन पर उनकी निर्भरता बढ़ाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि कोई भी शासन तभी सफल हो सकता है, जब उसके पास प्रतिबद्ध, समर्पित और ईमानदार आईएएस अधिकारी हों, यदि ऐसा नहीं है, तो विफलता निश्चित है।

अभी संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा, 2021 के अंतिम परिणामों में शीर्ष स्थान पर महिलाएं ही चुनी गई हैं, जिनके नाम क्रमशः श्रुति शर्मा, अंकिता अग्रवाल और गामिनी सिंगला हैं। वर्ष 2021 में परीक्षा उतीर्ण करने वाले कुल उम्मीदवारों में 508 पुरुष एवं 177 महिलाएं हैं। वर्ष 2011 से सिविल सेवा योग्यता परीक्षा की शुरुआत, प्रचुर प्रतिभा, कठिन मेहनत, महत्वाकांक्षा, प्रतिबद्धता एवं उत्साह के कारण बड़ी संख्या में छोटे शहरों एवं ग्रामीण इलाकों के गैर-अंग्रेजी भाषी उम्मीदवार अंतिम रूप से चयनित होते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि गैर-अंग्रेजी




भाषी विश्वविद्यालयों और छोटे शहरों के उम्मीदवारों की सफलता सिविल सेवा परीक्षाओं में एक स्थायी विशेषता बन गई है, हालांकि कई अंतर्निहित कमजोरियों और वंचना के कारण यह बहुत उत्साहजनक नहीं है। एक आकलन के अनुसार, गैर-अंग्रेजी पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों की संख्या 2008 में 48.4 प्रतिशत थी, जो घटकर 2017 में केवल 8.7 प्रतिशत रह गई, लेकिन यूपीएससी अधिकारियों ने इन संख्याओं की पुष्टि करने से इनकार कर दिया।


विशेषज्ञों और शिक्षाविदों का मानना है कि यूपीएससी को अपने चुने गए उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि का विश्लेषण करें, जिसमें क्षेत्रीय, भाषायी और शैक्षिक क्षमता शामिल है। उन्हें लगता है कि यह आवश्यक है, क्योंकि एक तरफ सरकार सिविल सेवाओं के भीतर क्षेत्रगत विशेषज्ञता पर जोर दे रही है, जबकि दूसरी तरफ यह समान पृष्ठभूमि से इंजीनियरों या डॉक्टरों को लेती रहती है। केंद्र सरकार राज्य सरकारों को राज्य स्तरीय लोक सेवा परीक्षा के लिए नए पाठ्यक्रम शुरू करने की सलाह देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, जो सिविल सेवाओं के अनुरूप है, जिससे आईएएस उम्मीदवारों की बुनियाद तैयार की जा सकती है, जो आत्मविश्वास के अलावा उन्हें बेहतर ढंग से तैयार करेंगे। अब तक राज्य सरकारों ने आईएस पैटर्न नहीं अपनाया है, जिससे करोड़ों वैसे छात्र नौकरी से वंचित रह जाते हैं, जिन्हें पुराने पैटर्न के आधार पर कई वर्षों की तैयारी को छोड़ना पड़ता है, क्योंकि यह अगले स्तर की सिविल सेवा परीक्षा के लिए पूरी तरह से अप्रासंगिक है।

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) के पूर्व अध्यक्ष और भारत में राज्य लोक सेवाओं के सभी अध्यक्षों की स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष के रूप में, इस लेखक को हिमाचल प्रशासनिक सेवा पाठ्यक्रम को आईएएस पैटर्न में तब्दील करने का अवसर मिला, जिसने छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के उम्मीदवारों की काफी मदद की। भारत के कई राज्य लोक सेवा आयोगों द्वारा उस पैटर्न को लागू किया जा रहा है, क्योंकि यह सिविल सेवाओं की नींव बनाने में बहुत योगदान दे रहा है, खासकर तब, जब विभिन्न राज्य आयोगों के पाठ्यक्रम सिविल सेवाओं की तैयारी के लिए अप्रासंगिक थे। दूसरी बात, इस लेखक ने अंग्रेजी या हिंदी में साक्षात्कार का विकल्प पेश किया, जिसने ग्रामीण उम्मीदवारों के सिविल सेवाओं में सफलता अनुपात में वृद्धि हुई। ऐसा ही उन राज्यों में भी देखा गया, जो एचपीएससी का अनुसरण करते थे। तीसरी बात, आंकड़ों से पता चला कि आईएएस परीक्षा में सफलता उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता या शैक्षणिक पृष्ठभूमि पर निर्भर नहीं करती है। यह काफी हद तक एकांगी निष्ठा, समर्पण और अनुशासन के साथ यूपीएससी की तैयारी पर निर्भर करती है। अधिकतम अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली आदि राज्यों से चुने जाते हैं और तीन साल के आंकड़े से पता चलता है कि चयनित उम्मीदवारों में से 40 प्रतिशत इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि वाले थे, क्योंकि उन्हें अच्छे अंक दिलाने वाले विषयों का चयन करने में फायदा होता है। यूपीएससी के विविधीकरण के प्रयासों के बावजूद, देश की नई सिविल सेवाओं में अभी इंजीनियरों का हिस्सा 60 प्रतिशत है।

यूपीएससी के पूर्व अध्यक्षों का कहना है कि अंग्रेजी माध्यम और निजी स्कूलों की पृष्ठभूमि न होना छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिए आईएएस अधिकारी बनने में बाधा नहीं बना है, अन्यथा इसे पहले बड़ा कलंक माना जाता रहा है। उन्हें लगता है कि अमीर और कुलीन वर्ग के उम्मीदवारों के कोचिंग करने का एक फायदा है, लेकिन समाज के अन्य समूहों के उम्मीदवारों की प्रतिभा और कड़ी मेहनत के कारण अंतर कम हो गया है।

हमारे लोकतंत्र के अन्य भ्रष्ट स्तंभों की तरह नौकरशाही भी स्वाभाविक रूप से भ्रष्ट हो गई है। हालांकि कई ईमानदार अधिकारी हैं, लेकिन कई घोटाले सामने आए हैं, जो राजनीतिक आकाओं के साथ आईएएस अधिकारियों की संलिप्तता साबित करते हैं। विशेषज्ञ इस बात पर एकमत हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा के लिए समर्पण और प्रतिबद्धता की भावना पैदा करने के लिए युवा आईएएस अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण की सख्त आवश्यकता है, जो समाज के जरूरतमंद वर्गों की शिकायतों के बेहतर निवारण में मदद करेगा।

*-लेखक भारत के राज्य लोक सेवा आयोग की स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं।*



अनुपम मिश्र (1948-2016)


मुखड़ा क्या देखे दर्पण में

हमें अपने विचार की कमियां नहीं दिखतीं। आंख में पट्टी बंधी रहती है। पर दूसरे विचारों की कमियां हमें बेहद साफ दिखने लगती हैं।

## हमें अपने विचार की कमियां नहीं दिखतीं

**हम** पढ़–लिख गए कुछ लोगों को ही जीवन का अर्थ जानने की इच्छा है। हम ही कुछ हैं, जो मानते हैं कि अर्थमय जीवन कैसे जीएं। लेकिन हम थोड़ा अपने भीतर झांकें, तो हममें से ज्यादातर का जीवन एक तरह से कोल्हू के बैल जैसा ही बना दिया गया है। इसमें कितना हमारा हाथ है, कितना हाथ परिस्थितियों का है, मालूम नहीं। पर हम गोल–गोल घूमते रहते हैं। कोल्हू कई तरह के हैं, महंगे हैं, कम घेरे के हैं, बड़े–बड़े घेरों के हैं। कई तरह के विचारों के हैं, तो कई तरह के धर्मों के हैं। इनमें से हरेक अपने को बाकी बचों से श्रेष्ठ मानता है। सर्वोत्तम। और उसी में अपना जीवन सफल-सार्थक हो सकता है– ऐसा दावा करता है।

समाज का तना कमजोर होता जाता है, पर शाखाओं की संख्या बढ़ती जाती है। पेड़ वाली शाखाएं नहीं। संगठन वाली, संघ वाली शाखाएं। हर विचार, हर धर्म अपना झंडा लहराता है और दूसरे झंडों से ऊपर उठना चाहता है। हम कुछ विचारों को अच्छा मानते हैं, कुछ को घटिया। तो हमें लगता है हमारा विचार कैसे फैले। जीवन की सारी सार्थकता हमें अपने ही विचार को फैलाने में दिखने लगती। हिंसा को परिवर्तन का साधन बनाने वाले भी अपनी शाखाएं बढ़ाते चलते हैं और यही प्रवृत्ति अहिंसा को मानने वालों में भी मिलती है। इसी में हमें जीवन सफल होता दिखने लगता है।



**हम गोल–गोल घूमते रहते हैं। कोल्हू कई तरह के हैं, महंगे हैं, कम घेरे के हैं, बड़े–बड़े घेरों के हैं। कई तरह के विचारों के हैं, तो कई तरह के धर्मों के हैं।**

हमें अपने विचार की कमियां नहीं दिखतीं। आंख में पट्टी बंधी रहती है। पर दूसरे विचारों की कमियां हमें एक्स-रे की तरह बेहद साफ दिखने लगती हैं। सारा जहान देखा हो या न देखा हो, हम कविता लिखते जाते हैं, गीत गाते जाते हैं कि *सारे जहां से अच्छा*। विनोबा इस गीत में थोड़ा कुछ और जोड़कर एक बड़ी बात की तरफ इशारा कर देते हैं– सारे जहां से अच्छा 'क्योंकि' हिंदोस्ता हमारा। इस क्योंकि को अपने जीवन से अलग करना बहुत ही कठिन काम है। क्योंकि मेरा विचार, मेरा धर्म, मेरी संस्था, मेरा संगठन, मेरा समाज, मेरा देश, मेरा बेटा–बेटी, कहीं दामाद भी। संक्षेप में कहें, तो क्योंकि मेरा कोल्हू गोल–गोल घूमते रहने से कुछ परिणाम तो आते ही हैं। कुछ तेल निकल आता है। थोड़ी–बहुत खली भी मिलती है। इसलिए जीवन का अर्थ जानने के लिए यदि हम किसी एक विचार, एक धर्म, एक समाज, एक परंपरा में रहस्य खोजते रहे, तो हम खुद तो कुछ संतोष शायद पा बैठें, पर इससे सबको अर्थमय जीवन जीने का रास्ता नहीं मिलने वाला।

### आंकड़े

## शीर्ष व्यापारिक साझेदार

वित्त वर्ष 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार, हमारे देश का सबसे शीर्ष व्यापारिक साझेदार अमेरिका रहा है। उसके बाद चीन और यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) का स्थान रहा।

| | |
|---|---|
| अमेरिका 11.5% | सऊदी अरब 4.1% |
| चीन 11.1% | इराक 3.3% |
| यूएई 7.0% | सिंगापुर 2.9% |

स्रोतः वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (वाणिज्य विभाग)

**प्रभु ईसा ने कहा, 'इस बीमार व्यक्ति को यदि मैं तड़पता छोड़कर प्रवचन करने पहुंच जाता, तो मेरी आत्मा ही मुझे कथनी-करनी के अंतर के लिए कचोटती रहती।**

## कथनी-करनी एक हो

अंतर्यात्रा
शिव कुमार गोयल

**ईसा** मसीह को अपने भक्तों के बीच प्रवचन करने जाना था। वह घर से प्रवचन स्थल की ओर रवाना हुए। रास्ते में उन्होंने एक व्यक्ति को सड़क के किनारे बैठे देखा। वह पेट में दर्द के कारण कराह रहा था। ईसा वहीं रुक गए। उसे उन्होंने अपनी गोदी में लिटाया और पीने के लिए ठंडा पानी मंगवाकर दिया।

फिर उसे पास के चिकित्सालय में ले गए। दवा दिलाई तथा उसकी सेवा में लगे रहे। इसके चलते वह प्रवचन स्थल पर नहीं जा पाए। जब वह प्रवचन समारोह में नहीं पहुंचे, तो आयोजक तथा अन्य शिष्य उन्हें खोजने चल पड़े। उन्होंने चिकित्सालय के लॉन में प्रभु ईसा को एक व्यक्ति की सेवा करते हुए देखा। उन्होंने पास जाकर विनम्रता से कहा, 'प्रभु, आपका प्रवचन सुनने के लिए हजारों व्यक्ति प्रतीक्षा कर रहे हैं। आप एक साधारण व्यक्ति की सेवा में जुटे हुए हैं। ऐसा आपने क्यों किया?' प्रभु ईसा ने जवाब दिया, 'इस बीमार व्यक्ति को मेरी ज्यादा जरूरत है। यदि मैं इसे तड़पता छोड़कर प्रवचन करने पहुंच जाता, तो मेरी आत्मा ही मुझे कथनी-करनी के अंतर के लिए कचोटती रहती। इसीलिए मैंने सेवा कार्य को प्राथमिकता दी।'

सभी शिष्यजन ईसा की कथनी-करनी को एक देखकर गद्गद हो उठे।

*(अमर उजाला आर्काइव से)*

### शिलालेख

*जो नहीं हो सके पूर्ण-काम*
*मैं उनको करता हूं प्रणाम।*
*जो उच्च शिखर की ओर बढ़े*
*रह-रह नव-नव उत्साह भरे;*
*पर कुछ ने ले ली हिम-समाधि*
*कुछ असफल ही नीचे उतरे !*
*उनको प्रणाम !*

-नागार्जुन

## रेत के धोरों में जल की खोज

**थार के रेगिस्तान में बेरियां, जिन्हें स्थानीय भाषा में कुंई भी कहते हैं, टिकाऊ पारंपरिक जल स्रोत रही हैं। इन्हें आज सुरक्षा, संरक्षण और पुनर्जीवन की जरूरत है।**



दिलीप बीदावत | जल

राजस्थान के अलग-अलग क्षेत्रों में विविध प्रकार के पानी के पारंपरिक जल स्रोतों का निर्माण समुदाय द्वारा किया गया है। क्षेत्र की सतही एवं भूगर्भीय संरचना बरसात की मात्रा के अनुसार किस प्रकार के जल स्त्रोत बनाए जा सकते हैं, यह ज्ञान उस जमाने में भी लोगों को था, जब शिक्षा और तकनीक आज की तरह विकसित नहीं हुई थी। बरसात की बूंदों को सतह पर संजोने के साथ-साथ भू-गर्भ में पीने योग्य जल कहां मिल सकता है और कैसे प्राप्त किया जा सकता है? इसका पता लगाने में कई पीढ़ियों का अनुभव रहा होगा। इसके अतिरिक्त सतही जल समाप्ति के बाद भू-गर्भ में प्रकृति द्वारा संजोए गए जल को ढूंढ़ना और उपयोग कर जीवन को सतत चलाए रखने का भी अद्भुत अनुभव रहा होगा। थार के रेगिस्तान में बेरियां, जिन्हें स्थानीय भाषा में कुंई भी कहते हैं, टिकाऊ पारंपरिक जल स्रोत रही हैं। जैसलमेर में बेरियों के पानी को रेजाणी, बाड़मेर में



सेजे का पानी, तो अरावली में झारे का पानी कहते हैं। नाम अनेक परंतु पानी एक। ना पाताली न सतही, बल्कि बीच का पानी। बरसात के बाद भूमि एवं पहाड़ी चट्टानों द्वारा अवशोषित पानी भू-गर्भीय बहाव मार्गों से रिसता हुआ अवसादी चट्टानों के भराव वाले क्षेत्र में एकत्रित हो जाता है। रेजा, सेजा और झार इस रिसाव के ही नाम हैं, जिससे पानी का नामकरण हुआ है। प्रकृति की रचना के आगे नतमस्तक होना चाहिए कि उसने थार के रेगिस्तान में जटिल, किंतु जीवन की अपार संभावनाओं से झोली भर रखी है। यह अलग बात है कि आधुनिक विकास और सुविधाओं की असीमित अपेक्षा इस झोली को तार-तार कर रही है। जमीन के नीचे कहीं जिप्सम, कहीं मुल्तानी मिट्टी, चूना पत्थर, तो कहीं अरावली की कठोर आग्नेय चट्टानों की परत बरसात के पानी को संजोने की कुदरती प्रक्रिया है। इन्हीं परतों के नीचे खारा पानी भी है। यह परत वर्षा जल को पाताल के खारे पानी में मिलने से रोकती है। जहां-जहां पर कठोर परत है, वहां पर बेरियां अथवा कम गहराई वाले बेरे (खुले कुएं) हैं। भू-गर्भ में कहां मीठा जल है और कहां बेरी बेरे बन सकते हैं, यह ज्ञान प्राप्त करने में कई पीढ़ियां खपी हैं।

जैसलमेर से लगभग 40 किमी दूर सम पंचायत समिति के गांव सियांबर में रेत के धोरों के बीच सौ से अधिक बेरियां मौजूद हैं। लेकिन पानी की वैकल्पिक व्यवस्था होने के बाद देखभाल के अभाव में अधिकांश बेरियां रेत में दब गईं, लेकिन इसके बावजूद पांच बेरियां आज भी लोगों की प्यास बुझाती हैं। सियांबर के रेवंत राम मेघवाल ने बताया कि बेरियों की खोज पूर्वजों ने की थी। रेत के धोरों के बीच एक लंबी पट्टी में हरी-भरी वनस्पति को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां पर रेजाणी पानी है। बेरियां खोदने का सिलसिला चला और सैकड़ों बेरियां बनीं। सूखे की स्थिति में भी इन बेरियों में दो-तीन साल तक पीने लायक पानी मिल जाता है। अब बेरियां बनाने वाले कारीगर भी कम हैं और इनकी देखभाल करने वाले लोग भी नहीं हैं। लेकिन जिस प्रकार से मौसम चक्र बदल रहा है और सूखे की स्थिति गंभीर होती जा रही है, इसे देखते हुए समय आ गया है कि भावी पीढ़ियों के जीवन को बचाने के लिए बेरियों को फिर से जीवित करना होगा।

सतही जल की समाप्ति के बाद रेगिस्तान में दूसरा विकल्प पाताली कुंए थे। कुंए भी मानव श्रम से बनते थे। कम से कम 100 फीट से अधिकतम 300 फीट तक की गहराई में पानी तक पहुंचने में कई दिनों से लेकर महीने लग जाते थे। कालांतर में यहीं से बेरियां निर्माण का सिलसिला शुरू हुआ और रेत के समंदर के बीच एक के बाद एक हजारों की संख्या में बेरियां बनीं, जो आज भी थार के लोगों की प्यास बुझाती हैं। जैसलमेर जिले की रामगढ़ तहसील का हेमा गांव बेरियों के कारण पेयजल के लिए आत्मनिर्भर है। बाड़मेर, जैसलमेर व बीकानेर के सीमांत क्षेत्र के गांवों में आज भी पेयजल का मुख्य साधन बेरियां हैं। इन बेरियों को आज सुरक्षा, संरक्षण और पुनर्जीवन दान की जरूरत है। पर्यटकों के लिए जहां यह आकर्षण का केंद्र बन सकती है, वहीं गांव के लोगों के लिए भीषण पेयजल संकट के समय संकटमोचक साबित होंगी। (चरखा फीचर)

edit@amarujala.com

## न्यूज डायरी

### कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी आज नहीं होंगी ईडी के समक्ष पेश



नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी के समन पर बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं होंगी। कोरोना संक्रमित सोनिया ने एजेंसी से और समय मांगा है। सोनिया गांधी को 8 व राहुल गांधी को 5 जून को पेश होना था। राहुल के विदेश में होने की वजह से उन्हें 9 जून का समय दिया है। ऐसे में सोनिया को भी अगली तारीख मिल सकती है या वर्चुअल पूछताछ भी की जा सकती है। ब्यूरो

### देश में कोरोना के 3,714 नए मरीज, सात लोगों की मौत



नई दिल्ली। देश में एक दिन में कोविड के 3,714 नए मामले दर्ज किए गए हैं। इसके साथ ही संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,31,85,049 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में संक्रमण से सात और लोगों की मौत हो गई। उधर, महाराष्ट्र में मंगलवार को कोरोना के 1,881 नए मामले सामने आने के साथ ही 81 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। ब्यूरो

### गोवा घूमने आई विदेशी महिला के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

पणजी। गोवा घूमने आई एक विदेशी महिला से दुष्कर्म के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, पर्यटक महिला के साथ इस वारदात को अरंबोल बीच पर अंजाम दिया गया। मामला संज्ञान में आते ही तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता अपने पति के साथ गोवा घूमने आई थी। वह 2 जून को गोवा के अरंबोल बीच के 'स्वीट लेक' पर आराम कर रही थी। तभी स्थानीय निवासी आरोपी जोएल विंसेंट डिसूजा ने उससे दुष्कर्म किया। एजेंसी

### केजरीवाल की रैली से पहले तिरंगे का अपमान, केस दर्ज

मेहसाणा। गुजरात के मेहसाणा में पुलिस ने तिरंगे के अपमान के आरोप में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप के मुताबिक व्यक्ति ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के रोड शो से पहले राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया। वीडियो में एक व्यक्ति कथित तौर पर तिरंगे पर पैर रखते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो पुराने बस स्टैंड इलाके के पास का है। अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मान के अपमान (संशोधन) अधिनियम, 2003 की धारा दो के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। एजेंसी

### इंजन फेल होने पर एयर अरबिया विमान की आपात लैंडिंग, सभी सुरक्षित

नई दिल्ली। बांग्लादेश के चटगांव से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी जा रहे एयर अरबिया के एक विमान की अहमदाबाद में आपात लैंडिंग करानी पड़ी। उड़ान के दौरान विमान का एक इंजन खराब हो गया था। नागरिक उड्डयन निदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को कहा कि इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है। विमान के एक इंजन ने उड़ान के दौरान काम करना बंद कर दिया था। इंजन फेल होने की चेतावनी आने के बाद विमान को सोमवार रात करीब 9:25 बजे अहमदाबाद हवाईअड्डे पर उतारा गया। एजेंसी

### कक्षा में हिजाब पहनने के लिए प्रदर्शन कर रहीं 23 छात्राएं निलंबित

मंगलूरू। दक्षिण कन्नड़ जिले के पुत्तूर तालुका में उप्पिनंगडी गवर्नमेंट फर्स्ट ग्रेड कॉलेज प्रबंधन ने कक्षा में हिजाब पहनकर बैठने की मांग पर पिछले सप्ताह प्रदर्शन करने वाली 23 छात्राओं को निलंबित कर दिया है। पुत्तूर के भाजपा विधायक और कॉलेज विकास समिति के अध्यक्ष संजीव मतंदूर ने मंगलवार को बताया कि प्रदर्शन करने वाली इन छात्राओं को सोमवार को निलंबित किया गया। एजेंसी

### ऑनलाइन पोल

amarujala.com पर

सत्येंद्र जैन पर कार्रवाई के मामले में केजरीवाल ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है। क्या इस मामले को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है?

(1) हां (2) नहीं

**पिछले पोल का रिजल्ट**

नूपुर शर्मा विवाद में भड़काऊ बयानबाजी करने के लिए भारत ने ओआईसी और पाकिस्तान को फटकार लगाई है, क्या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एजेंडे के तहत भारत के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है?

| | |
|---|---|
| हां | 82.15% |
| नहीं | 17.85% |

# 288 करोड़ की ठगी... कोंडा रेड्डी के 210 प्लॉट-फ्लैट ईडी ने किए अटैच

## लाखों लोगों को झूठी स्कीम में फंसाकर तोड़ा घर का सपना



नई दिल्ली। घर खरीदने को लालायित लाखों लोगों को फर्जी स्कीम में फंसा कर 288 करोड़ रुपये ठगने के आरोपी कोंडा रेड्डी और उसके परिवार व सहयोगियों के 210 प्लॉट व फ्लैट ईडी ने मंगलवार को अटैच कर दिए। यह संपत्तियां आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में हैं। आरोपियों ने लोगों को संभ्रांत इलाकों में प्लॉट व फ्लैट देने के सब्जबाग दिखा पोंजी स्कीम से फंसाया।

ईडी के अनुसार सभी पर मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। अटैच की गई संपत्ति का मूल्य करीब 110 करोड़ आंका गया है। यह मैत्री प्लांटेशन व हॉर्टिकल्चर प्रा. लि. (एमपीएचपीएल) नाम पर थे। यह कंपनी दो अन्य कंपनियों श्री नक्षत्र बिल्डर्स व डवलपर्स और मैत्री रियल्टर्स इंडिया की सहयोगी थी। इसके मालिक लक्कू कोंडा रेड्डी, लक्कू मलयाद्री रेड्डी, लक्कू माधव रेड्डी और कोकिलापुडी ब्रह्मा रेड्डी हैं। अटैच हुई संपत्तियों में 196 आंध्र प्रदेश, 13 तेलंगाना और 1 कनार्टक में हैं। इनमें खुली जमीनें, प्लॉट, फ्लैट शामिल हैं। ब्यूरो/एजेंसी

**ऐसे ठगा : पैसा जमा करवाया बदले में प्लॉट का लालच दिया**

■ एमपीएचपीएल ने आम लोगों से पैसा जमा करना शुरू किया। एक निश्चित रकम जमा करने पर उन्हें बदले में शहरों में संभ्रांत इलाकों में प्लॉट, फ्लैट आदि देने का लालच दिया गया।

■ गरीबों से पैसा वसूलने के लिए एजेंटों का नेटवर्क बनाया। इन एजेंटों को भी ऊंचे कमीशन का लालच दिया। लेकिन उन्होंने जो पैसा जमा किया, उसे कोंडा रेड्डी ने दूसरी कंपनियों में लगाया। इससे काफी संपत्ति अर्जित करता गया।

■ अनुमान है कि ठगों ने करीब 288.42 करोड़ रुपये जुटाए, इसमें से 158.14 करोड़ रुपये लौटाने की उनकी हैसियत नहीं बची। खुलासे होने पर मार्च 2013 में आंध्र प्रदेश पुलिस ने 12 एफआईआर दर्ज की थीं।

# पंजाब में 325 करोड़ ठगने के आरोपियों के यहां छापा

नई दिल्ली। घर खरीदारों को झांसा देकर 325 करोड़ रुपये की ठगी के एक अन्य मामले में ईडी ने 3 जून को आरोपियों के 19 ठिकानों पर छापे मारे। इसमें एक ऑडी क्यू7 कार सहित 85 लाख रुपये जब्त किए। अचल संपत्ति के दस्तावेज भी जब्त किए गए। यह छापे चंडीगढ़, अंबाला, पंचकूला, मोहाली और दिल्ली में पड़े हैं।

**ईडी ने ऑडी कार व 85 लाख जब्त किए**

ईडी ने बताया कि कंपनी गुप्ता बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स और इसके मालिकों सतीश गुप्ता व प्रदीप गुप्ता के ठिकानों पर छापे मारे गए। सहयोगी कंपनियों बाजवा डवलपर्स, कुमार बिल्डर्स, विनमेहता फिल्म्स और इनके निदेशकों जरनैल सिंह बाजवा, नवराज मित्तल, विशाल गर्ग व अन्य के भी ठिकानों पर छापे पड़े।

**यहां भी फ्लैट, प्लॉट और दुकानों का चक्कर** चंडीगढ़ और पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार आरोपियों ने बड़ी संख्या में घर, प्लॉट, फ्लैट या दुकानों के इच्छुक खरीदारों को ठगा। उनसे पैसा जमा करवाया गया और करीब 325 करोड़ रुपया नहीं लौटा सके। जांच में सामने आया कि यह पैसा दूसरी कंपनियों को भेजा गया। एजेंसी

# चोकसी के घोटाले से उसकी पत्नी प्रीति ने भी उठाया फायदा : ईडी

मुंबई। पंजाब नेशनल बैंक में 6,000 करोड़ रुपये का घोटाला कर भागे कारोबारी मेहुल चोकसी की पत्नी प्रीति को भी घोटाले से फायदा मिला। यह दावा करते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशेष अदालत में दायर पूरक आरोप पत्र में प्रीति को भी आरोपी बनाया है। उसे भी भगौड़ा होने और 2017 से अपने पति के साथ रहने की जानकारी दी है।

**पूरक आरोप पत्र में पत्नी को भी आरोपी बनाया**

उल्लेखनीय है कि भतीजे नीरव मोदी के साथ चोकसी पर पीएनबी में कुल 13,500 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप है। मोदी जहां लंदन से प्रत्यर्पण के खिलाफ केस लड़ रहा है, वहीं चोकसी पर डोमिनिका में अवैध रूप से पहुंचने के आरोप में दायर केस पिछले महीने खत्म कर दिया गया। वहीं प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग अदालत के समक्ष ईडी ने पूरक आरोपपत्र दाखिल किया था। इससे पहले भी जून 2018 और अप्रैल 2020 में आरोपपत्र दाखिल हुए थे, लेकिन यह पहली बार हुआ कि प्रीति पर भी आरोप लगाए गए। माना जा रहा है कि ऐसा करने से प्रीति के खिलाफ इंटरपोल नोटिस जारी हो पाएगा और प्रत्यर्पण की प्रक्रिया में मदद मिलेगी। ब्यूरो

## गृहमंत्री शाह के सख्त तेवर के बाद दहशतगर्दों पर कसा शिकंजा

# आतंक पर वार : घाटी में पाकिस्तानी नेटवर्क का भंडाफोड़...12 गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

जम्मू/श्रीनगर। घाटी में बढ़ती आतंकी घटनाओं के बाद गृहमंत्री अमित शाह की समीक्षा बैठक के बाद आतंकियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में कई जिलों में छापे मारकर पाकिस्तान में बैठे आतंकी कमांडरों के इशारे पर काम करने वाले नेटवर्क का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस मामले में कश्मीर के साथ ही जम्मू के कई जिलों में छापों के दौरान 12 से अधिक युवाओं को गिरफ्तार किया गया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। यह कार्रवाई हालिया टारगेट किलिंग और अन्य आतंकी घटनाओं के मद्देनजर की गई है।

पुलिस ने बताया कि पाकिस्तानी कमांडरों के साथ संपर्क मामले में कश्मीर के श्रीनगर, बारामुला, अनंतनाग व कुलगाम और जम्मू संभाग में जम्मू, रामबन, उधमपुर व कठुआ में छापे मारे गए। इनके कार्यस्थल व आवासीय परिसर में भी कार्रवाई की गई, जहां से कई डिजिटल सबूत और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। इस मामले में कुछ और गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं।

**पाकिस्तानी कमांडर सज्जाद, आशिक, गुलजार के संपर्क में थे :** पाकिस्तानी कमांडरों के इशारे पर हाल में टारगेट किलिंग और अन्य आतंकी वारदात को अंजाम दिया गया। इसमें हाइब्रिड आतंकियों का इस्तेमाल किया गया। इनमें से कई पाकिस्तान में बैठे कमांडरों के लगातार संपर्क में थे। इन कमांडरों में सज्जाद गुल, आशिक नेंगरू, अर्जुमंद गुलजार शामिल हैं, जिन्हें अनैतिक गतिविधियां निवारण अधिनियम के तहत गृह मंत्रालय ने आतंकी घोषित किया है। पुलिस के अनुसार पाकिस्तान में बैठे ये हैंडलर कई टारगेट किलिंग की घटनाओं में शामिल रहे हैं। ये लोग युवाओं को बरगलाकर आतंकी संगठनों में भर्ती कराते थे।



लंच बॉक्स में मिलीं तीन आईईडी। संवाद

### सात किमी भीतर घुसकर लंच बॉक्स में पाकिस्तान ने गिराईं तीन आईईडी

दोमाना (जम्मू)। सीमा पार से सात किलोमीटर अंदर घुसकर ड्रोन से अंतरराष्ट्रीय सीमा के कानाचक में गिराई गईं तीन चुंबक जड़ित आईईडी बरामद कर सुरक्षा बलों ने पाकिस्तानी साजिश को नाकाम कर दिया है। यह तीनों आईईडी प्लास्टिक के टिफिन बॉक्स में थीं। तीनों आईआईडी में टाइमर लगा हुआ था। तीन से लेकर आठ घंटे का टाइमर सेट किया गया था। आतंकियों का निशाना आसपास के सुरक्षा प्रतिष्ठान और नाके हो सकते थे। आशंका कश्मीरी पंडितों को लेकर जगती से खीर भवानी के लिए जाने वाली बसों को निशाना बनाने की भी हो सकती है। संवाद

### शोपियां में हुए आईईडी धमाके में चार गिरफ्तार

दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में पिछले सप्ताह हुए आईईडी हमले के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हमले में उत्तराखंड के टिहरी निवासी सेना के एक जवान प्रवीन कुमार शहीद हो गए थे। जबकि दो अन्य घायल हुए थे। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने ट्वीट कर बताया कि शोपियां पुलिस ने हाल ही में हुए एक आतंकवादी हमले के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया।

### हिजबुल मुजाहिदीन का संदिग्ध आतंकी बंगलूरू से गिरफ्तार

बंगलूरू। हिजबुल मुजाहिदीन के संदिग्ध आतंकी तालिब हुसैन को कर्नाटक व जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि हुसैन अपने बीवी और बच्चों के साथ जम्मू-कश्मीर से भागकर बंगलूरू में आकर छिपा था। पुलिस ने उसे रविवार को दबोचा। सूत्रों के मुताबिक हुसैन ने श्रीरामपुरा में एक मस्जिद में पनाह ली थी और वह जुमे की नमाज के दौरान उपदेश भी देता था। मुख्यमंत्री बसावराज बोम्मई ने मंगलवार को हुसैन की गिरफ्तारी की पुष्टि की। एजेंसी

### दहशत दरकिनार, मई में 3.75 लाख सैलानी पहुंचे कश्मीर घाटी

श्रीनगर (अमृतपाल सिंह बाली)। आतंकी हमलों और लक्षित हत्याओं की दहशत को दरकिनार कर सैलानी रिकॉर्ड संख्या में कश्मीर घाटी पहुंच रहे हैं। मई में आतंकियों ने सात लक्षित हत्याओं को अंजाम दिया। इसके विरोध में आक्रोश भड़का। जगह-जगह प्रदर्शन हुए। पर्यटन उद्योग से जुड़े लोग भी सहम गए। ऐसा लग रहा था मानो पाकिस्तान द्वारा सीमा पार से रची गई साजिश कश्मीर के स्वर्णिम दौर को आगे नहीं बढ़ने देगी, लेकिन इन आशंकाओं पर सैलानियों का जोश भारी साबित हुआ।

**अब तक 10 लाख पर्यटक पहुंचे**

सुरक्षा की दृष्टि से इस साल के सबसे चुनौतीपूर्ण मई माह में रिकॉर्ड 3.75 लाख सैलानियों ने धरती की जन्नत कश्मीर घाटी का रुख किया है। इस साल अब तक रिकॉर्ड 10 लाख के करीब सैलानी कश्मीर की खूबसूरती वादियों में तफरीह कर चुके हैं। रोजाना औसतन 5,000 से अधिक पर्यटक कश्मीर का रुख कर रहे हैं। वर्ष 2021 में यह आंकड़ा 1800 था। 2021 में पूरे वर्ष 6.61 लाख पर्यटकों ने घाटी का दौरा किया था।

# ठाणे में नूपुर के खिलाफ केस पूछताछ के लिए बुलाया गया



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने नूपुर शर्मा व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा उपलब्ध कराई है। शर्मा ने 28 मई को साइबर सेल में शिकायत दी थी।

महाराष्ट्र पुलिस ने नूपुर को पूछताछ के लिए बुलाया है। ठाणे में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने संबंधित चैनल से विवादित बयान का वीडियो फुटेज भी मांगा है। नूपुर के टिप्पणी के बाद देश के साथ ही विदेशों में भी खलबली मची हुई है। ब्यूरो

### बुरे परिणाम की चेतावनी

इराकी संसदीय समिति ने कहा, ऐसी अपमानजनक हरकत को सख्ती से नहीं दबाया गया, तो बुरे परिणाम होंगे। लीबिया के विदेश मंत्रालय ने भी टिप्पणियों की निंदा की। दोनों जगह भारतीय दूतावास ने स्पष्ट किया कि ये टिप्पणियां किसी भी तरह भारत सरकार के रुख का प्रतिनिधित्व नहीं करतीं।

### नूपुर के समर्थन में उतरीं कंगना

मुंबई। अभिनेत्री कंगना रणौत ने भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में आवाज उठाई है। विवादित टिप्पणी पर अंतरराष्ट्रीय निंदा के बीच कंगना ने कहा, नूपुर को अपनी राय रखने का अधिकार था। कंगना ने इंस्टाग्राम पर लोगों से अपील की, वह नूपुर को करीब 10 दिन पहले टीवी बहस में उनकी टिप्पणी के लिए जिम्मेदार ठहराना चाहते हैं तो कानूनी रास्ता अपनाएं। उन्हें हर तरह की धमकियां दी जा रही हैं। एजेंसी

# प्रवक्ताओं के लिए अब लक्ष्मण रेखा खींचने की तैयारी में भाजपा

नई दिल्ली। प्रवक्ताओं की विवादास्पद टिप्पणियों से उपजे विवाद से सतर्क हुई भाजपा अब मीडिया में बयान देने और टीवी परिचर्चा में भाग लेने वाले अपने नेताओं के लिए विस्तृत गाइडलाइन तैयार कर रही है। गाइडलाइन तैयार करने से पूर्व पार्टी ने अपने प्रवक्ताओं को धार्मिक मामले में विवादित टिप्पणियों से बचने और सरकार के विकास कार्यों तक ही अपनी बात सीमित रखने संबंधी दिशा निर्देश जारी किए हैं।

पैगंबर मोहम्मद वाले विवाद के बाद से पार्टी ने प्रवक्ताओं को फिलहाल टीवी चैनलों की परिचर्चा से दूर रहने को कहा है। पार्टी के आधिकारिक सूत्र के अनुसार गाइडलाइन में किस विषय पर बोलना है और किस विषय पर नहीं बोलना है, यह पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया जाएगा। फिलहाल तय किया गया है कि भविष्य में अब पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता और पैनलिस्ट ही परिचर्चाओं में हिस्सा ले पाएंगे। किस परिचर्चा में कौन हिस्सा लेगा यह पार्टी की मीडिया सेल तय करेगा। ब्यूरो

### जारी किए गए दिशा निर्देश

गाइडलाइन तैयार होने से पहले प्रवक्ताओं के लिए कुछ दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसमें धार्मिक मामलों में टिप्पणी से बचने, किसी धर्म से जुड़ी शख्सियत या प्रतीकों के बारे में टिप्पणी से बचने के लिए कहा गया है। प्रवक्ताओं से परिचर्चा के दौरान पार्टी की विचारधारा और सिद्धांतों का हर हाल में ख्याल रखने और परिचर्चा में जाने से पहले संबंधित विषय पर पार्टी लाइन के बारे में स्पष्ट जानकारी हासिल करने को भी कहा गया।

■ **हर हाल में गरीब कल्याण योजनाओं पर रखें बात :** पार्टी ने कहा, किसी भी परिचर्चा में पार्टी का नेतृत्व कर रहे पैनलिस्ट या प्रवक्ता सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं पर अपनी बात जरूर रखें। विचारों को बिना उत्तेजित हुए संयमित भाषा में ही पेश करें।

# कड़ी सुरक्षा में खीर भवानी मंदिर पहुंचे कश्मीरी पंडित



जम्मू से खीर भवानी जाते कश्मीरी पंडित।

तुलमुला (गांदरबल)। मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के तुलमुला स्थित माता खीर भवानी मंदिर में सारी आशंकाओं को दर किनार करते हुए कड़ी सुरक्षा के बीच मंगलवार को बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित यहां पहुंचे। स्थानीय लोगों ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं का हार पहनाकर स्वागत किया।

बुधवार को ज्येष्ठ अष्टमी के मौके पर यहां वार्षिक मेले का आयोजन दो वर्ष बाद किया गया है। कोरोना के कारण वर्ष 2020 व 2021 में मेले का आयोजन नहीं किया जा सका था। श्रीनगर से करीब 25 किलोमीटर दूर तुलमुला गांव में प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ माह की अष्टमी पर यहां प्राचीन काल से मेला लगता आया है। ब्यूरो

# दुष्कर्म पीड़िता की फोटो साझा करने पर विधायक पर केस

हैदराबाद। जुबली हिल इलाके में सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता की कुछ तस्वीरें व वीडियो साझा करने के मामले में तेलंगाना के भाजपा विधायक एम रघुनंदन राव के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस को शिकायत मिली थी कि राव ने 4 जून को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एआईएमआईएम विधायक के बेटे की वारदात में संलिप्तता सिद्ध करने के लिए वीडियो जारी किया था। उनके पास इसे सिद्ध करने के लिए और भी सुबूत हैं। राव ने हालांकि तब दावा किया था कि वीडियो में पीड़िता का चेहरा साफ नहीं है और उसकी पहचान नहीं हो सकती। पुलिस अब तक इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें से एक नाबालिग है। पुलिस पांचवें संदिग्ध की तलाश कर रही हे। एजेंसी

# वामपंथी उग्रवाद 70% घटा : शाह

## गृहमंत्री ने दिल्ली में नए राष्ट्रीय जनजातीय शोध संस्थान का किया उद्घाटन



नई दिल्ली। राष्ट्रीय जनजातीय शोध संस्थान (एनटीआरआई) का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, पूर्वोत्तर व मध्य भारत की सुरक्षा से ही आदिवासियों के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। नरेंद्र मोदी सरकार ने देश में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 70 प्रतिशत कम कर दी है।


एनटीआरआई का उद्घाटन करते हुए शाह ने कहा, मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर के 66 फीसदी से अधिक इलाके से सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफ्स्पा) को हटाया है। देश के पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिले आदिवासी बहुल क्षेत्र हैं और सुरक्षा वहां विकास का अग्रदूत है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के शासन में जहां पूर्वोत्तर में 8700 अप्रिय घटनाएं होती थीं वहीं मोदी सरकार में यह आंकड़ा 1700 तक आ गया है। मोदी सरकार में पूर्वोत्तर में सिर्फ 87 सुरक्षा जवानों की जान गई है जबकि कांग्रेस के समय 304 जवान यहां मारे गए। यही नहीं नागरिकों की मौतों का आंकड़ा भी 1990 से 217 पर आ गया है। एजेंसी

### आदिवासी का बेटा ही ओलंपिक में ला सकता है सर्वश्रेष्ठ पदक

शाह ने कहा, मुझे भरोसा है कि सिर्फ एक आदिवासी का बेटा ही ओलंपिक में देश के लिए सर्वश्रेष्ठ पदक ला सकता है। क्योंकि खेल आदिवासी परंपराओं का एक हिस्सा है। उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सिर्फ मार्गदर्शन, कोचिंग, अभ्यास और एक मंच की जरूरत है।

■ **आदिवासियों के विकास में अहम भूमिका निभाएगा एनटीआरआई :** शाह ने कहा, देश में कई संस्थाएं हैं जैसे नीति आयोग, भारतीय जीवन बीमा निगम और भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड आदि जिन्होंने राष्ट्र की प्रगति में अहम भूमिका निभाई। इसी तरह एनटीआरआई भी आदिवासियों के विकास में अहम भूमिका निभाएगा। देश की आजादी के 100 वर्षों तक यह संस्थान आदिवासी विकास की रीढ़ बनेगा।

# धमकी मामले में सलमान ने दर्ज कराया बयान, बोले किसी पर संदेह नहीं



मुंबई। फिल्म अभिनेता सलमान खान ने पत्र के जरिये मिली धमकी मामले में पुलिस से कहा है कि उन्हें किसी पर संदेह नहीं है। साथ ही उन्होंने हाल के दिनों में उन्हें न तो किसी से धमकी भरी कॉल आई है और न ही उनका किसी से झगड़ा हुआ है।

सलमान खान और उनके पिता को जान से मारने की धमकी के मामले में मुंबई पुलिस ने सोमवार को अभिनेता के बयान दर्ज किए थे। पुलिस ने सलमान से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के साथ संबंध के बारे में पूछा था। इस पर सलमान ने कहा कि वह बिश्नोई को वैसे ही जानते हैं जैसे और लोग। साथ ही कहा कि वह गोल्डी बरार को नहीं जानते। इससे पूर्व पुलिस ने इस मामले में सलमान के पिता सलीम खान के बयान दर्ज किए थे। पुलिस ने बांद्रा में सलमान के आवास के आसपास भी सुरक्षा बढ़ा दी है। एजेंसी

**तकनीक** इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट खत्म करने के लिए बन रहे कानून के ड्राफ्ट पर यूरोपीय संघ सदस्यों ने दी सहमति

# यूरोप में एक चार्जर ही सब डिवाइस को करेगा चार्ज

अमर उजाला रिसर्च डेस्क

नई दिल्ली। जल्द ही यूरोप में सभी तरह के स्मार्टफोन व टेबलेट के लिए एक जैसा चार्जर मिलेगा। मोबाइल कंपनियों की कई किस्म के चार्जर बनाने की नीति बंद करने के कानून के ड्राफ्ट पर मंगलवार को यूरोपीय संघ के सदस्यों और संसद ने सहमति दे दी। माना जा रहा है कि कानून बना तो साल 2024 के आखिर तक सभी डिवाइस यूएसबी सी-टाइप चार्जर से चार्ज होंगे।

यूरोपीय संघ का मानना है कि उसके करीब 45 करोड़ नागरिकों को एक जैसे चार्जर मिलेंगे तो करीब 11 हजार टन इलेक्ट्रॉनिक कचरे कम होगा। लोगों का पैसा भी बचेगा, क्योंकि वे हर साल करीब



21,740 करोड़ रुपये चार्जर खरीदने में खर्च कर रहे हैं।

इस समय एपल का लाइटनिंग, माइक्रो यूएसबी व यूएसबी सी-टाइप चार्जर उपयोग हो रहे हैं। इनमें यूएसबी सी-टाइप को सबके लिए सुलभ और तेज मानते हुए अपनाया जा सकता है।

### 2024 के आखिर तक सभी डिवाइस में यूएसबी सी टाइप चार्जर का होगा इस्तेमाल

### एपल को झटका इसलिए आपत्ति

*इसे एपल कंपनी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वह अपने डिवाइस के चार्जर बाकियों से न केवल अलग रखता है, बल्कि कीमत भी ऊंची होती है।*

■ *उसने यूरोप के इस कदम के विरोध में कहा कि इससे इनोवेशन की रफ्तार धीमी होगी। और ई-वेस्ट घटने के बजाय बढ़ेगा।*

# उपासनास्थल कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका

नई दिल्ली। उपासनास्थल कानून, 1991 के कुछ प्रावधानों को संविधान के विरुद्ध बताते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि यह कानून धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है।

रिटायर्ड सैन्य अधिकारी अनिल काबोत्रा ने याचिका में कानून की धारा 2,3, और 4 को संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 25, 26 के विपरीत बताया है। साथ ही ये धाराएं कानून के शासन और धर्मनिरपेक्षता के विरुद्ध हैं। इस कानून को चुनौती देने के लिए वकील अश्विनी उपाध्याय, वाराणसी के रुद्र विक्र, धर्मगुरु स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती, मथुरा के धर्मगुरु देवकीनंदन ठाकुर समेत कुछ और लोगों ने भी अलग-अलग याचिकाएं दायर कर चुनौती दी है। एजेंसी

# पूर्व आईपीएस अफसर के खिलाफ 4,400 पन्नों की चार्जशीट दाखिल

मुंबई। करोड़ों रुपये की क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी मामले में पुणे पुलिस ने एक पूर्व आईपीएस अधिकारी और एक साइबर विशेषज्ञ के खिलाफ अदालत में 4,400 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल किया है। पुलिस ने भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी रवींद्र पाटिल और साइबर विशेषज्ञ पंकज घोडे को बीते मार्च महीने में गिरफ्तार किया था।

**क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी**

आरोप है कि क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी के मामलों को सुलझाने में मदद करने के लिए पुलिस इनकी सेवा ले रही थी। लेकिन, दोनों ने 'डिजिटल वॉलेट' से अपने खातों में करोड़ों रुपये का गलत तरीके से अंतरण कर जांचकर्ताओं को कथित तौर पर धोखा दिया। दोनों ने तकनीकी विश्लेषण के लिए पुलिस द्वारा मुहैया कराए गए आंकड़ों का कथित तौर पर अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया। ब्यूरो

# विदेशी प्रभाग में किया फेरबदल, अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदलीं

नई दिल्ली। विदेशी चंदा कानून उल्लंघन मामले में गृह मंत्रालय के छह अधिकारियों की गिरफ्तारी के बाद विदेशी प्रभाग में बदलाव किया गया है। इसके तहत मंत्रालय ने प्रभाग की विदेशी चंदा (विनियमन) कानून (एफसीआरए) इकाई में अधिकारियों के कामकाज और भूमिका में बड़ा सुधार कर दिया है। एफसीआरए सेवा शाखा व एफसीआरए निगरानी शाखा से जुड़े मामलों का कार्यभार संयुक्त सचिव बीसी जोशी को दिया गया है। वहीं, विजय सिंह राणा, निदेशक (एफसीआरए) को विदेशी प्रभाग के विदेशी चंदा से जुड़े तमाम मामले संभालने की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली है। ये अधिकारी घूस लेकर अवैध एफसीआरए मंजूरियां दे रहे थे। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, विदेशी प्रभाग के दो अलग-अलग वर्टिकलों की कमान अब दो संयुक्त सचिव संभालेंगे। जोशी एफसीआरए सेवा व निगरानी शाखा संभालेंगे तो संयुक्त सचिव सुमंत सिंह विदेशी, भारतीय नागरिकता और अप्रवासन शाखा में तैनात रहेंगे। ब्यूरो

**विदेशी चंदा घूस मामले में गृहमंत्रालय सख्त**

एज कंप्यूटिंग के ढेर सारे फायदे हैं। यह तकनीक डाटा को आप तक तेज गति से पहुंचाती है। इसकी मदद से मशीनें बेहतर ढंग से काम कर रही हैं और तमाम एप 'यूजर फ्रेंडली' हो रहे हैं।

# एज कंप्यूटिंग को भी जान लें आप





निखिल पाठक
टेक एक्सपर्ट

अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कोई फिल्म देखनी हो या मीलों दूर बैठे किसी डॉक्टर से सलाह लेनी हो, अब आपको वीडियो के बफरिंग टाइम या स्लो इंटरनेट स्पीड की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं। रेलवे का टिकट बुक करना हो तो पेमेंट फेल होने का डर नहीं। कहीं जाना हो तो नेविगेशन एप ट्रैफिक की सही जानकारी देंगे। क्लाउड नेटवर्क के पुराने बाधाओं वाले दिन अब पीछे छूटने वाले हैं। एज कंप्यूटिंग, इंटरनेट और नेटवर्किंग की दुनिया में दस्तक दे चुकी है और इसका दायरा बढ़ता ही जा रहा है। टेक्सटाइल हो या हेल्थकेयर, ऑटो इंडस्ट्री हो, बैंकिंग सेक्टर या फिर रिटेल स्टोर्स की चेन, यह हर जगह मौजूद है।

**क्या है एज कंप्यूटिंग :** यह ऐसी तकनीक है, जो डाटा को आप तक तेज गति से पहुंचाती है। क्लाउड कंप्यूटिंग के विपरीत एज कंप्यूटिंग में डाटा को एक जगह इकट्ठा करने की बजाय उसे भौगोलिक इकाइयों के हिसाब से छोटे-छोटे हिस्सों में संग्रहित किया जाता है। इसका लाभ यह होता है कि डाटा के रीप्रोसेसिंग में समय कम लगता है और इंटरनेट की बैंडविथ, जिससे उसकी रफ्तार तय होती है, लोड कम पड़ता है।

**क्लाउड से कितनी है अलग :** क्लाउड कंप्यूटिंग ने कुछ साल पहले ही दस्तक दी है। इसकी मदद से आप अपने फोन या लैपटॉप से कोई भी कंटेंट कहीं से भी एक्सेस कर सकते हैं। इसमें डाटा सेंट्रलाइज्ड होकर क्लाउड्स में स्टोर होते हैं। चूंकि सारा डाटा क्लाउड्स में ही प्रोसेस होता है तो सर्वर से उस डाटा को रिकॉल करने करने पर ट्रांजैक्शन में बहुत समय लगता है और स्पीड धीमी हो जाती है। जबकि एज कंप्यूटिंग में डाटा को नेटवर्क के छोटे-छोटे हिस्सों पर सेव किया जाता है, इसलिए उसे फिर से एक्सेस करना आसान होता है।

**कहां-कहां होगा इस्तेमाल :** एज कंप्यूटिंग द्वारा 5जी टेक्नोलॉजी के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग करके डाटा रिस्पांस को तेज बनाया जाएगा। इसके रिजल्ट भी एकदम सटीक मिलेंगे। प्रोसेसिंग तेज होगी तो इंटरनेट पर आधारित सेवाएं पहले से सुगम हो जाएंगी। तेज नेटवर्किंग रियल टाइम एप्लीकेशन तैयार करने और उनके संचालन के लिए अति आवश्यक है। इनमें वीडियो प्रोसेसिंग, एनालिटिक्स, स्वचालित कार, रोबोटिक्स, फेस रिकॉग्निशन आदि सभी शामिल हैं। यह टाइम सेविंग के साथ-साथ सुरक्षित भी है, क्योंकि इसमें 'एंड टू एंड एंक्रिप्शन' का प्रयोग होता है। इसे लेकर कुछ आशंकाएं भी हैं। क्लाउड में डाटा सुरक्षा की जिम्मेदारी एपल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियों के पास है, जिन पर लोगों का विश्वास अधिक है। एज कंप्यूटिंग में फिलहाल ऐसा कोई तंत्र नहीं है।

## जीमेल अकाउंट का डाटा कैसे करें डाउनलोड



टिप्स

**आप** अपने जीमेल अकाउंट के डाटा का पूरा बैकअप ले सकते हैं और इसे एक्सपोर्ट भी कर सकते हैं। इसके लिए आपको कुछ स्टेप्स फॉलो करने होंगे। सबसे पहले 'माईअकाउंट.गूगल.कॉम' पर जाएं। अब प्राइवेसी एंड पर्सनलाइजेशन सेक्शन में 'मैनेज योर डाटा एंड पर्सनलाइजेशन' पर क्लिक करें। इसके बाद स्क्रॉल डाउन करें और डाउनलोड/डिलीट के विकल्प पर जाएं और 'डाउनलोड योर डाटा' पर क्लिक करें। इसके बाद आपको गूगल टेकआउट पेज पर रीडायरेक्ट कर दिया जाएगा। अगर आप सिर्फ जीमेल डाटा को डाउनलोड करना चाहते हैं तो सबसे पहले पेज पर दिख रहे 'डिसेलेक्ट ऑल ऑप्शन' पर क्लिक करें, फिर 'सलेक्ट डाटा टू इनक्लूड ऑप्शन' में स्क्रॉल डाउन करते हुए मेल ऑप्शन पर जाएं और बॉक्स पर टिक करें। बॉक्स पर टिक करने के बाद आपको दो बटन दिखेंगे। पहला मल्टीपल फॉरमेट, जिस पर क्लिक करके आप यह देख पाएंगे कि आपका डाटा किस फॉरमेट में डाउनलोड होगा और दूसरा ऑल मेल डाटा इनक्लूड, जिस पर क्लिक कर आप अलग-अलग कैटेगरी का डाटा डाउनलोड कर पाएंगे। इस टैब में आगे आपको कुछ और विकल्प भी मिलेंगे।

## व्हाट्सएप में अब कुछ दिलचस्प फीचर


जानकारी

**व्हाट्सएप** में अब कुछ नए फीचर जुड़ने वाले हैं। इनके जरिए डिलीट किए गए मैसेज को रीस्टोर करने के अलावा सिक्योरिटी के फीचर भी जोड़े गए हैं। इस सुविधा का इस्तेमाल आप तभी कर पाएंगे, जब आपने किसी मैसेज को 'डिलीट फॉर मी' किया हो। 'डिलीट फॉर एवरीवन' के बाद ये सुविधा नहीं मिलेगी। 'डिलीट फॉर मी' विकल्प में किसी संदेश को हटाने के बाद कुछ सेकंड के लिए स्क्रीन के नीचे एक नया पॉप-अप बार दिखाई देगा, जिसमें 'अन डू' का विकल्प शामिल होगा। इसके अलावा व्हाट्सएप पर आपको जल्द ही डबल वेरिफिकेशन सिक्योरिटी फीचर भी मिलने वाला है। इसमें नई डिवाइस में व्हाट्सएप को लॉग इन करने पर आपके पुराने लॉग-इन व्हाट्सएप पर एक नोटिफिकेशन आएगा, जो बताएगा कि आपका व्हाट्सएप किस-किस डिवाइस में लॉग इन है।

## कल का पंचांग

विक्रमी संवत 2079

19 ज्येष्ठ मास शाके 1944, ज्येष्ठ मास 27 प्रविष्टे, 08 जिल्काद हिजरी 1443,ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी 08.21 तक उपरांत दशमी, हस्त नक्षत्र 28.25 तक उपरांत चित्रा नक्षत्र, व्यतिपात योग 25.48 तक उपरांत वरियान योग, कौलव करण 08.21 तक उपरांत तैतिल करण, चंद्रमा कन्या राशि में दिन रात।

सूर्योदय : 05.27
सूर्यास्त : 19.13
(भारतीय मानक समयानुसार)

- **आज :** ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी
- **कल :** श्रीमहेश नवमी, श्रीगंगा दशहरा, ग्रीष्मऋतु, सूर्य उत्तरायणे, उत्तरगोले।
- **राहुकाल :** दिन में 13.30 से 15.00 तक।

## आपका राशिफल

**मेष** नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। अटका धन मिलेगा। व्यवसाय में धन लाभ होगा।

**वृषभ** मन अशांत रहेगा। नौकरी में परेशानी रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** वैचारिक प्रखरता का लाभ मिलेगा। विरोधी से सावधानी बरतें। व्यापार में मंदी रहेगी।

**कर्क** रचनात्मक क्षेत्र में सफलता मिलेगी। रोजगार प्राप्ति के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** सम्मान की चिंता रहेगी। न्याय क्षेत्र में परेशानी होगी। व्यावसायिक स्थिति से चिंतित रहेंगे।

**कन्या** सकारात्मक सोच का लाभ मिलेगा। नौकरी में उन्नति होगी। घर में शुभ कार्य होगा।

**तुला** योजना में निराशा होगी। कार्य क्षेत्र में मन नहीं लगेगा। स्वास्थ्य नरम रहेगा।

**वृश्चिक** व्यावसायिक लाभ में कमी रहेगी। सरकारी क्षेत्र से लाभ मिलेगा। व्यस्तता बनी रहेगी।

**धनु** भविष्य के प्रति कुछ चिंता रहेगी। नौकरी में सम्मान बढ़ेगा। व्यापार में लाभ कम होगा।

**मकर** मानसिक तनाव पर नियंत्रण रखें। कार्य व्यवसाय में सामान्य लाभ होगा।

**कुंभ** व्यय पर नियंत्रण रखने का प्रयास करें। दांपत्य जीवन में कटुता आ सकती है।

**मीन** मांगलिक कार्य का प्रस्ताव संभव है। व्यावसायिक विस्तार से हर्ष होगा।

## आपका आज जन्मदिन है ■ पं. विनोद त्यागी


डिंपल कपाड़िया

- इस मूलांक के जातक गंभीर, अध्ययनशील एवं तार्किक होते हैं। 26वें या 31वें वर्ष में लक्ष्य प्राप्ति में सफल होते हैं। 35वें, 20वें एवं 44 वें वर्ष उन्नति में सहायक रहते हैं। आर्थिक स्थिति सामान्य रहती है।
- इस वर्ष आत्मबल बना रहेगा। शुभचिंतकों की सहायता से अटके कार्यों की पूर्ति होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। परिवार में समरसता बनी रहेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। इस वर्ष उतावलेपन में निर्णय लेने से बचें।

## आज की फिल्में

**यूटीवी एक्शन :** 01:30 डेडपूल 2, 04:00 द मेज रनर, 06:30 डॉक्टर स्ट्रेंज
**वाओ सिनेमा :** 10:30 मेरा पति सिर्फ मेरा है, 02:30 शांति क्रांति, 07: 30 दिल की बाजी
**स्टार मूवीज :** 12:15 हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन, 02:00 द पेसिफायर, 03:45 द एक्सपेंडेबल्स 2

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 8 | | 6 | |
| | | 6 | 5 | 3 | 1 | | 7 | |
| 2 | | 7 | | | | | | |
| | | | | | | 7 | 9 | |
| | | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 | | |
| | 4 | 5 | | | | | | |
| | | | | | | 8 | | 9 |
| | 8 | | 4 | 6 | 9 | 1 | | |
| | 3 | | 8 | | | | | |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 2 | 1 | 7 | 6 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 4 | 6 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 9 |
| 7 | 8 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 3 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 1 | 2 | 6 | 4 | 7 |

## न्यू लॉन्च

## किआ ईवी 6 को क्यों खरीदेंगे लोग



**किआ** इंडिया ने अपनी इलेक्ट्रिक कार 'ईवी 6' को लॉन्च कर दिया है। इसे दो वैरिएंट 'जीटी लाइन' और 'जीटी लाइन एडब्ल्यूडी' में पेश किया गया है। दोनों वैरिएंट में एक जैसा 77.4 केडब्लूएच बैटरी पैक मिलता है। एक बार फुल चार्ज करने पर कार 500 किमी तक जा सकती है। कंपनी का दावा है कि किआ ईवी6 को 350 केडब्लू डीसी फास्ट चार्जर की मदद से महज 18 मिनट में 80 फीसदी तक चार्ज किया जा सकता है। ईवी 6 में डिजिटल टाइगर नोज ग्रिल, सीक्वेंशियल टर्न इंडिकेटर्स, एलईडी हेड लाइट और स्टाइलिश अलॉय व्हील्स हैं। जीटी लाइन एडब्ल्यूडी की कीमत 64.96 लाख और जीटी लाइन की कीमत 59.95 लाख रुपये (एक्स शोरूम) है।

## कैसी है एपल की नई मैकबुक एयर एम2



**एपल** की नई मैकबुक जल्द ही बाजार में दस्तक दे सकती है। नए मैकबुक एयर में एम2 प्रोसेसर दिया गया है। इस डिवाइस को स्पेस ग्रे, स्टारलाइट, मिडनाइट और सिल्वर कलर ऑप्शन में पेश किया गया है। इसे मेगासेफ चार्जिंग सिस्टम से चार्ज किया जा सकता है। इसमें दो थंडरबोल्ट पोर्ट्स दिए गए हैं। मैकबुक एयर एम2 में लिक्विड रेटिना डिस्प्ले दिया गया है, जिसके साथ ट्रू टोन टेक्नोलॉजी है। इसकी स्क्रीन साइज 13.6 इंच की है। वीडियो कॉल के लिए इसमें 1080 पिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है। साथ ही फास्ट चार्जिंग का भी सपोर्ट दिया गया है। 256 जीबी स्टोरेज वाले मैकबुक एयर एम2 की कीमत 1,19,900 रुपये के आसपास रहने की उम्मीद है।


# कारोबार

| बीएसई | एनएसई | डॉलर | सोना /10 ग्राम | चांदी /1 किग्रा |
|---|---|---|---|---|
| ↓ 567.98 | ↓ 153.20 | ↓ ₹0.12 | ↓ ₹50,733 | ↓ ₹61,555 |
| 55,107.34 | 16,416.35 | ₹77.78 | 205 | 964 |

दिल्ली में 24 कैरेट की हाजिर दरें ■ स्रोत : पीटीआई

## आरबीआई का फैसला आने से पहले तीन बैंकों का कर्ज महंगा

### एचडीएफसी, करूर, कैनरा बैंक ने बढ़ाया ब्याज



**मुंबई।** रेपो दर बढ़ाने को लेकर आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का फैसला आने से पहले ही तीन बैंकों एचडीएफसी बैंक, केनरा बैंक और करूर वैश्य बैंक ने कर्ज महंगा कर दिया है।

एचडीएफसी बैंक ने मंगलवार को ब्याज दर में 0.35% की बढ़ोतरी की है। इससे पहले सोमवार को केनरा बैंक ने एक साल की एमसीएलआर की दर को 0.05 फीसदी बढ़ाकर 7.40 फीसदी कर दिया है। करूर वैश्य बैंक ने ब्याज दर को 0.40 फीसदी बढ़ाकर 13.75 फीसदी कर दिया है। आरबीआई की सोमवार से शुरू बैठक का नतीजा बुधवार को आएगा। इसमें रेपो दर में 0.35-0.40 फीसदी बढ़ोतरी का अनुमान है। मई में बिना तय कार्यक्रम के रेपो दर को 0.40 फीसदी बढ़ाया गया था। ब्यूरो

### एचडीएफसी बैंक ने महीने में दो बार बढ़ाया दर

निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक ने एक महीने में दूसरी बार उधारी दरों में बढ़ोतरी की है। इससे पहले कर्ज को 0.25 फीसदी महंगा किया था। नई वृद्धि के बाद एचडीएफसी बैंक का एक साल का एमसीएलआर अब 7.85 फीसदी होगा, जो पहले 7.50 फीसदी था। दो साल की दर 7.95 फीसदी होगी, जबकि तीन साल का एमसीएलआर 8.05 फीसदी होगा।

**ऐसे बढ़ती जाएगी किस्त**

| लोन की रकम | 30 लाख |
|---|---|
| पुरानी दर 6.75% पर | |
| ईएमआई | 22,811 |
| रेपो दर 0.35% बढ़ने पर | |
| ईएमआई | 23,649 |
| 0.40% की वृद्धि पर | |
| ईएमआई | 23,769 |

आंकड़े रुपये में

**सीआरआर नहीं बढ़ाने की अपील :** बैंकों ने आरबीआई से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) नहीं बढ़ाने की अपील की है। इससे बैंकिंग प्रणाली से 87 हजार करोड़ रुपये निकल जाएंगे। मई में भी सीआरआर बढ़ने से 87 हजार करोड़ निकल चुके हैं।

## ई-फाइलिंग पोर्टल में फिर खामी, ठीक करने का निर्देश




**नई दिल्ली।** आयकर विभाग की ई-फाइलिंग पोर्टल में एक बार फिर दिक्कतें आई हैं। मंगलवार को कई शिकायतें मिलने के बाद इन्फोसिस को इसे जल्द ठीक करने का निर्देश दिया गया। इन्फोसिस को ही इस पूरी वेबसाइट के रखरखाव का काम दिया गया है। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि वेबसाइट का सर्च फीचर और दावों के रिफंड वाले सेक्शन कई हफ्तों से काम नहीं कर रहे हैं।

इस घटना के बाद इन्फोसिस ने कहा, समस्या को जल्द ठीक किया जाएगा। आकलन वर्ष 2022-23 के लिए रिटर्न भरने की अंतिम तारीख 31 जुलाई, 2022 है। यह पोर्टल 7 जून, 2021 को पेश किया गया था। एजेंसी

## डैशबोर्ड से एक-एक रुपये के खर्च पर होगी सरकार की नजर

### वित्तमंत्री ने कहा, शासन व्यवस्था के लिए यूपीआई प्रणाली की तरह है डैशबोर्ड



**4.46** लाख करोड़ दिए जाते हैं राज्यों को केंद्र की योजनाओं के जरिये

**नई दिल्ली।** डैशबोर्ड के जरिये शासन व्यवस्था को और पारदर्शी बनाने के साथ एक-एक रुपये के खर्च पर सरकार की नजर होगी। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को आजादी के अमृत महोत्सव समारोह सप्ताह के तहत एकल नोडल एजेंसी (एसएनए) डैशबोर्ड की शुरुआत की। इस मौके पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि डैशबोर्ड सरकार की ओर से राज्यों को भेजे गए एक-एक रुपये का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करेगा। साथ ही भुगतान को आसान बनाएगा।

वित्तमंत्री ने कहा, केंद्र की योजनाओं के जरिये राज्यों को 4.46 लाख करोड़ रुपये दिए जाते है। यह छोटी राशि नहीं है। आज आप एक ऐसी स्थिति में हैं, जहां खर्च हुए पैसे का विवरण देख सकते हैं। उन्होंने कहा, जिस तरह हमारे पास आधार, कोविन एप और भुगतान के लिए यूपीआई प्रणाली है, उसी तरह यह डैशबोर्ड शासन के लिए यूपीआई है। वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने कहा, इस प्रणाली से ब्याज खर्च कटौती में मदद मिलेगी। पैसा उस स्तर पर जारी होगा, जहां इसकी आवश्यकता होगी। एजेंसी

**■ डैशबोर्ड से एक-एक रुपये के खर्च पर नजर**

वित्तमंत्री ने कहा, विदेशी निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी के बीच भारतीय शेयर बाजारों को खुदरा निवेशकों से भरपूर समर्थन मिल रहा है। महामारी में खुदरा निवेशकों की संख्या उल्लेखनीय रूप से बढ़ी है। वे इतने बड़े पैमाने पर आ गए हैं कि झटकों से घरेलू बाजारों को संभालने का काम कर रहे हैं। यही वजह है कि विदेशी पोर्टफोलिया निवेशकों के जाने पर भी वास्तव में हमारे बाजारों को अधिक उतार-चढ़ाव का सामना नहीं करना पड़ा।

### डिजिटलीकरण के लिए वक्त से आगे रहना जरूरी

वित्तमंत्री ने कहा कि डिजिटलीकरण की प्रक्रिया समझने के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग एवं राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण जैसे नियामकों और अन्य संस्थाओं को अधिक उन्नत बनने के साथ वक्त से आगे रहना चाहिए। ऐसा करने से ही प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग को रोकने के साथ निष्पक्ष, पारदर्शी एवं जवाबदेह कारोबारी प्रथाओं को सुनिश्चित किया जा सकता है।

- डिजिटलीकरण समाज के सभी पहलुओं में शामिल है। 2020 और उसके बाद के दशकों में डिजिटल तरीकों का महत्व बढ़ता जाएगा।
- नियामकों-संस्थानों को डिजिटलीकरण का लाभ उठाना चाहिए। अनजान बनकर जाने की जगह अच्छी तैयारी के साथ आगे बढ़ना चाहिए।
- कॉरपोरेट मामलों के सचिव राजेश वर्मा ने कहा कि मंत्रालय अनुपालन प्रबंधन सहित विभिन्न उपायों को लागू करेगा। कारोबारी सुगमता के लिए प्रौद्योगिकी आधारित मंचों पर जोर दिया जाएगा।

## सेंसेक्स 568 अंक टूटा 2.08 लाख करोड़ डूबे



**मुंबई।** कमजोर वैश्विक संकेतों और लगातार पूंजी निकासी से घरेलू शेयर बाजारों में तीसरे कारोबारी सत्र में भी गिरावट रही। निवेशकों ने आरबीआई को बुधवार की मौद्रिक नीति समीक्षा को देखते हुए सतर्कता बरती। इससे सेंसेक्स 567.98 अंक गिरकर 55,107.34 पर बंद हुआ।

निफ्टी 153.20 अंक टूटकर 16,416.35 पर बंद हुआ। बाजार में गिरावट से निवेशकों की संयुक्त पूंजी 2.08 लाख करोड़ घटकर 254.33 लाख करोड़ रुपये रह गई। सेंसेक्स की 30 में 25 कंपनियों के शेयर लाल निशान में बंद हुए। टाइटन के शेयर सर्वाधिक 4.48 फीसदी नुकसान में रहे। एजेंसी

## विश्व बैंक ने आर्थिक वृद्धि दर 0.5% घटाई

**वॉशिंगटन।** विश्व बैंक ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की विकास दर अनुमान को घटाकर 7.5 फीसदी कर दिया है। बढ़ती महंगाई, आपूर्ति व्यवस्था में बाधा और रूस-यूक्रेन युद्ध से वैश्विक स्तर पर तनाव के कारण वृद्धि दर में कटौकी की गई है।

यह दूसरी बार है, जब विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि के अनुमान को संशोधित किया है। इससे पहले अप्रैल में वृद्धि दर के अनुमान को 8.7 फीसदी घटाकर 8 फीसदी किया गया था। अब इसे और घटाकर 7.5 कर दिया गया है। 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर और धीमी पड़कर 7.1 फीसदी रह जाने का अनुमान है। हालांकि, आर्थिक वृद्धि को निजी और सरकारी निवेश से समर्थन मिलेगा। एजेंसी

## शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए बनें नियम, सेवाओं में कई तरह की दिक्कतें

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनियों की सेवाओं का इस्तेमाल कर रहे 96 फीसदी ग्राहकों ने सरकार से क्षेत्र के लिए नियम बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि इन कंपनियों की ओर से पेश सेवाओं के उपयोग में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

लोकलसर्कल्स की मंगलवार को जारी सर्वे के मुताबिक, 69 फीसदी ग्राहकों को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित सत्रों में भाग लेने के लिए बुनियादी ढांचा, शिक्षकों की गुणवत्ता और सब्सक्रिप्शन शुल्क में रिफंड जैसे दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसमें 9 फीसदी लोगों को बुनियादी ढांचा की समस्या आती है। 19% का कहना है कि शैक्षणिक कर्मचारी सही नहीं हैं, जबकि 10 फीसदी को रिफंड में दिक्कत आती है। 17 फीसदी को ये सभी समस्याएं आती हैं। 96% ने कहा, सरकार को अनिवार्य करना चाहिए कि ऐसे मंच अपनी वेबसाइट या एप पर सभी शर्तों का खुलासा करें। एजेंसी

**सर्वे में खुलासा, 96% ग्राहकों ने की सभी शर्तों का खुलासा करने की मांग**

## एपल ने की वॉचओएस 9 की घोषणा

# नींद, धड़कनों व कदम चाल तक की निगरानी

**नई दिल्ली। एपल ने नए वॉचओएस 9 की घोषणा वर्ल्ड वाइड डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस में की है। इसमें वॉच को नए फेस दिए गए हैं। इससे हृदय के अनियमित धड़कनों और ली जा रही दवाओं की निगरानी भी संभव होगी। जानिए खूबियों के बारे में...** एजेंसी

### नए फेस




वॉच में लूनर, प्लेटाइम, मेट्रोपॉलिटन, एस्ट्रोनॉमी जैसे नए फेस मिलेंगे। मौजूद फेस भी अपडेट है। इनमें डिस्प्ले की गहराई, रंग और अन्य फीचर्स सुधारे गए हैं।

### वर्कआउट




एप में नई जानकारियां व मीट्रिक जोड़े गए हैं। इससे यूजर्स वर्कआउट को कस्टमाइज कर सकेंगे। यह वॉच उनके व्यायाम की गति, बल, हृदय गति, आवाज के पैटर्न का विश्लेषण कर खतरा होने पर चेतावनी भी देगी।

### एक्सरसाइज




कई खेलों के मोड, मूवमेंट पैटर्न के विश्लेषण के लिए मोशन सेंसर हैं। तैराकी, बाइक चलाने या दौड़ने के बीच फर्क कर सकेंगे। हेल्थ एप में पीडीएफ में नोटिफिकेशन हर हफ्ते मिलेंगे, जिन्हें डॉक्टर को भेजना संभव होगा।

### कदम चाल पकड़ने और रिकॉर्ड सुधारने में मददगार

एपल का वॉचओएस 9 यूजर को कदमों की दूरी, पांव के जमीन पर रहने की अवधि और झुकाव आदि का डाटा भी दिखाएगा। इससे लोगों को अपने ही दौड़ या अन्य रिकॉर्ड सुधारने के साथ जरूरी बदलाव करने आदि का भी मौका मिलेगा।

### नींद और आई मूवमेंट पर नजर

नए वॉचओएस 9 में नींद की निगरानी को लेकर सुधार किया गया है। इसके विभिन्न चरण जैसे रेपिड आई मूवमेंट (रेम), कोर और डीप स्लीप आदि के आंकड़े नजर आएंगे।

### धड़कनों पर भी रहेगी नजर

एट्रियल फिब्रिलेशन के मरीजों में हृदय की धड़कन तेज या अनियमित हो जाती है, जिसमें ब्लड क्लॉट बनने का खतरा होता है। वॉचओएस 9 धड़कनों पर भी नजर रखते हुए ए-फिब के इतिहास और मौजूदा स्थिति की जानकारी देगी।

### दवा खाई या नहीं यह भी देखेगा

यह ओएस अब दवाएं व सप्लीमेंट लेने का इतिहास भी बताएगा। इन्हें समय पर लेने के नोटिफिकेशन देगा। अमेरिका में तो दवाओं से कोई खतरा महसूस होने पर चेतावनी भेजने का फीचर भी मिलेगा।

### शॉपिंग बिल चुकाने के लिए 6 हफ्ते भी मिलेंगे

*कूपर्टिनो। एपल ने कुछ ऐसी तकनीकों, सॉफ्टवेयर अपडेट्स और सेवाओं की जानकारी दी, जो जल्द जारी होंगी। जानिए कैलिफोर्निया स्थित एपल हेडक्वार्टर से आए ये अपडेट-*

**नया ऑपरेटिंग सिस्टम** आईफोन में नए ऑपरेटिंग सिस्टम आईओएस 16 से लॉक स्क्रीन में सुधार होगा। लाइव नोटिफिकेशन दिखेंगे।

**आई-मैसेज एडिटिंग** मैसेज सिस्टम में भी सुधार हो रहा है। भेजे मैसेज एडिट होंगे। दोनों ओर आईफोन उपयोग करने वालों को ही सुविधा मिलेगी।

**एपल-पे :** फाइनेंसिंग विकल्प मिलेगा। खरीदी गई चीजों की कीमत चार किस्तों में 6 हफ्ते में चुकाने का विकल्प होगा।

## वुड्स ने सऊदी लीग की 77 अरब की पेशकश ठुकराई



**लंदन।** अमेरिका के स्टार गोल्फर टाइगर वुड्स ने सऊदी अरब समर्थित लीग लिव गोल्फ में खेलने की लगभग 77 अरब रुपये (एक बिलियन डॉलर) की पेशकश ठुकरा दी। रिपोर्टों के मुताबिक यह खुलासा नामी गोल्फर ग्रेग नार्मन ने किया है। लीग में खेलने से वह पीजीए टूर से प्रतिबंधित हो जाते। लीग से फिल मिकेलसन और डस्टिन जुड़ चुके हैं। लिव लीग 9 से 11 जून तक लंदन में होगी। एजेंसी

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स : 16 साल की संयुक्ता ने जिम्नास्टिक में जीते 5 स्वर्ण, महाराष्ट्र शीर्ष पर

## बैडमिंटन में रोहतक की 14 साल की उन्नति ने पूर्व जूनियर विश्व नंबर एक तस्नीम को हराया

**पंचकूला।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स में महाराष्ट्र की 16 वर्षीय संयुक्ता काले ने जिम्नास्टिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण पदक जीते। अंडमान निकोबार की साइकलिस्ट सेलिस्टिना ने तीन स्वर्ण पदक जीतकर दो साल पहले इन खेलों में किए गए अपने ही प्रदर्शन को दोहराया।

संयुक्ता के प्रदर्शन की बदौलत महाराष्ट्र (24 स्वर्ण, 24 रजत, 19 कांस्य) के साथ पदक तालिका में हरियाणा (23 स्वर्ण, 21 रजत, 29 कांस्य) को पछाड़कर फिर नंबर एक स्थान पर पहुंच गया। वहीं कबड्डी में हिमाचल प्रदेश ने पुरुष वर्ग में हरियाणा को 34-34 की बराबरी के बाद एक बोनस अंक लेकर हराया। महिला वर्ग में हरियाणा ने महाराष्ट्र को हराया। ब्यूरो



महाराष्ट्र की जिम्नास्ट संयुक्ता काले अपने पांच स्वर्ण पदकों के साथ।

**67** पदक हो गए हैं महाराष्ट्र के जिसमें 24 स्वर्ण पदक शामिल

### चार मैच प्वाइंट बचाकर जीतीं उन्नति

बैडमिंटन में उबेर कप टीम की सबसे युवा सदस्य रोहतक की उन्नति हुड्डा ने पूर्व विश्व नंबर एक शटलर तस्नीम मीर को 9-21, 23-21, 21-12 से हराकर महिला एकल का खिताब जीत लिया। उन्नति ने चार मैच प्वाइंट बचाए। महाराष्ट्र के दर्शन पुजारी ने तमिलनाडु के ऋत्विक को 21-15, 22-20 से हराया।

■ **सदानंद, सुदेशना बने सबसे तेज धावक :** झारखंड के सदानंद ने 100 मीटर की दौड़ 10.63 सेकंड में पूरी की। महाराष्ट्र की सुदेशना शिवांकर (11.79) महिलाओं की 100 मीटर का स्वर्ण जीता। हैमर थ्रो में दिल्ली के निर्भय चौधरी (70.97) ने स्वर्ण जीता। पंजाब की जैस्मिन कौर ने 16.12 मीटर की दूरी नापकर गोला फेंक का स्वर्ण जीता। ग्रीको रोमन कुश्ती के 71 भारवर्ग में हरियाणा के अंकित गुलिया और 80 भारवर्ग में अंकित ने स्वर्ण पदक जीते।




महिला कबड्डी का स्वर्ण जीतने वाली हरियाणा टीम के साथ केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर।


## कोच इकबाल ने मौलवी की मदद से कश्मीर में जमाईं थांग-ता की जड़ें

**नई दिल्ली।** मणिपुरी मार्शल आर्ट जम्मू-कश्मीर में फल-फूल रहा है तो इसके पीछे कोच मोहम्मद इकबाल का बड़ा हाथ है। इकबाल ने 20 साल पहले कश्मीर में जब इस मार्शल आर्ट की कोचिंग देना शुरू किया तो उनके विरोध में स्थानीय लोग खड़े हो गए। प्रदर्शन हुआ, बच्चों खासतौर पर लड़कियों को जाने से रोका गया। कोचिंग सत्र बाधित किए गए। ऐसे में उस मस्जिद के मौलवी जिसमें इकबाल रहा करते थे, उनकी मदद के लिए आगे आए। लोगों को समझाया कि इकबाल उनके बच्चों की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने राज्य में एक हजार से ज्यादा थांग-ता के बच्चे तैयार किए। इनमें ज्यादातर संख्या लड़कियों की है। ब्यूरो



*पहले खुद भी खिलाड़ी रहे : इकबाल कहते हैं कि जिनको उन्होंने कोचिंग दी आज उनके वहीं शिष्य खेल को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। ज्यादातर कोच बन गए हैं। कई खिलाड़ी तो दुबई, ईरान में चैंपियनशिप खेल कर आए हैं। इकबाल खुद 1999 में राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा ले चुके हैं।*

### न्यूज डायरी



नॉटिंघम ओपन में ब्रिटेन की एमा रादूकानू स्विट्जरलैंड की विक्टोरिया गोलूबिक के खिलाफ मैच में शॉट खेलतीं। बाद में रादूकानू को चोट के कारण हटना पड़ा तब गोलूबिक 4-3 से बढ़त पर थीं।

## हेजलवुड, वॉर्नर की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पहला टी-20 दस विकेट से जीता

**कोलंबो।** जोश हेजलवुड (4/16) और मिचेल स्टार्क (3/26) की घातक गेंदबाजी के बाद डेविड वॉर्नर (नाबाद 70) और कप्तान आरोन फिंच (नाबाद 61) की मदद से श्रीलंका को 36 गेंद शेष रहते दस विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 19.3 ओवरों में श्रीलंका को 128 पर ढेर कर दिया। मैन ऑफ द मैच हेजलवुड ने 14वें ओवर में कुसल मेंडिस (01), भानुका राजपक्षे (00) और कप्तान दासुन शनाका (00) के विकेट लिए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 14 ओवरों में 134 रन बना लिए। फिंच ने 40 गेंदों की पारी में चार चौके और चार छक्के लगाए। वॉर्नर ने 44 गेंदों की पारी में नौ चौके लगाए। एजेंसी

## अदालत का दरवाजा खटखटाने वालीं दीया टेबल टेनिस टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय महिला टीम में शामिल नहीं किए जाने पर दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वालीं युवा टेबल टेनिस खिलाड़ी दीया चितले को जुलाई-अगस्त में होने वाले खेलों के लिए मंगलवार को अर्चना कामथ की जगह टीम में शामिल किया गया। कोर्ट में याचिका दायर करने वाले मानुष शाह रिजर्व खिलाड़ी बने हुए हैं। निलंबित भारतीय टेबल टेनिस महासंघ का संचालन कर रही प्रशासकों की समिति ने पिछले सप्ताह टीम घोषित की थी जिसमें मनिका, कामथ, श्रीजा और रीथ के साथ चितले को स्टैंडबाय रखा गया था। एजेंसी

# टी-20 में भारत के 7 में से 6 कप्तानों ने जीता है पहला मैच, अब राहुल की परीक्षा

### केवल विराट को मिली थी पहले मैच में हार, 56 मैचों बाद लोकेश खेलेंगे अफ्रीका के खिलाफ पहला मैच

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मैच 9 जून को नई दिल्ली में खेला जाएगा। सीरीज में लोकेश राहुल टीम का नेतृत्व करेंगे। वह टी-20 प्रारूप में भारत के 8वें कप्तान के तौर पर खेलेंगे।

इससे पहले सात भारतीय खिलाड़ी सबसे छोटे प्रारूप में नेतृत्व कर चुके हैं और रिकॉर्ड के अनुसार छह कप्तानों ने अपने पहले मैच में जीत दर्ज की है। वहीं लोकेश टी-20 में 56 मैच खेल चुके हैं लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वह पहली बार मैदान में उतरेंगे। टी-20 मैचों में कप्तानी के तौर पर सबसे पहले वीरेंद्र सहवाग ने कमान 2006 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ संभाली थी। 2006 से लेकर अभी तक कुल 7 कप्तान (सहवाग, धोनी, सुरेश रैना, अजिंक्य रहाणे, विराट कोहली, रोहित और शिखर धवन) टीम का नेतृत्व कर चुके हैं।

टी-20 के अभी तक के इतिहास में सात भारतीय कप्तानों में सिर्फ विराट कोहली ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने अपना पहला मैच हारा है। धोनी ने टी-20 विश्व कप 2007 में पाकिस्तान पर पहली जीत दर्ज की थी (स्कॉटलैंड से पहला मैच बारिश के कारण रद्द)। सुरेश रैना ने 2010 में जिंबाब्वे के खिलाफ मैच जीता था। रहाणे 2015 में जिंबाब्वे के खिलाफ पहले मैच में विजेता रहे थे। कोहली 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ पहला मैच हारे थे। रोहित ने 2017 में श्रीलंका पर पहले मैच में जीत दर्ज की थी। वहीं शिखर धवन ने 2021 में अपने पहले मैच में श्रीलंका पर जीत हासिल की थी। ब्यूरो

**2006** में सहवाग की कप्तानी में द. अफ्रीका के खिलाफ भारत ने खेला था पहला टी20 मैच



अरुण जेटली स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान टीम इंडिया के खिलाड़ी।

**भारतीय कप्तानों के पहले मैच का परिणाम**

| खिलाड़ी | वर्ष | विपक्षी टीम | परिणाम |
|---|---|---|---|
| वीरेंद्र सहवाग | 2006 | द. अफ्रीका | जीत |
| एम एस धोनी | 2007 | पाकिस्तान | जीत |
| सुरेश रैना | 2010 | जिंबाब्वे | जीत |
| अजिंक्य रहाणे | 2015 | जिंबाब्वे | जीत |
| विराट कोहली | 2017 | इंग्लैंड | हार |
| रोहित शर्मा | 2017 | श्रीलंका | जीत |
| शिखर धवन | 2021 | श्रीलंका | जीत |

**अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों में भारतीय कप्तानों के रिकॉर्ड**

| नाम | वर्ष | मैच | जीत/हार | टाई/बेनतीजा | जीत प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| वीरेंद्र सहवाग | 2006 | 01 | 1/0 | 0/0 | 100 % |
| एम एस धोनी | 2007-16 | 72 | 41/28 | 1/2 | 59.28 % |
| सुरेश रैना | 2010-11 | 03 | 3/0 | 0/0 | 100 % |
| अजिंक्य रहाणे | 2015 | 02 | 1/1 | 0/0 | 50 % |
| विराट कोहली | 2017-21 | 50 | 30/16 | 2/2 | 64 % |
| रोहित शर्मा | 2017* | 28 | 24/4 | 0/0 | 85.71 % |
| शिखर धवन | 2021 | 03 | 1/2 | 0/0 | 33.33% |

* नियमित कप्तान रोहित को सीरीज में आराम दिए जाने के कारण केएल राहुल कमान संभालेंगे

### पहले टी-20 की टीम के एकमात्र सदस्य हैं कार्तिक



*जब भारत ने पहला टी-20 मैच 2006 में द.अफ्रीका के खिलाफ जोहानिसबर्ग में खेला था, तब टीम में दिनेश कार्तिक मौजूद थे। उन्होंने 31 रन बनाकर जीत दिलाई थी और मैन ऑफ द मैच बने थे। अब जब राहुल की अगुवाई में द. अफ्रीका के खिलाफ खेलना है तो टीम में सिर्फ दिनेश कार्तिक ही एकमात्र खिलाड़ी हैं, जो 16 साल बाद भी टीम का हिस्सा हैं।*

### तेज गेंदबाज उमरान को अभी करना होगा इंतजार



मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने संकेत दिए कि तेज गेंदबाज उमरान मलिक को अभी अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के लिए इंतजार करना होगा। द्रविड़ ने कहा कि यह देखने की जरूरत होगी कि हम उन्हें (मलिक) खेलने के लिए कितना समय दे पाएंगे। हमारे पास एक बड़ी टीम है और सभी का एकादश में होना संभव नहीं है।

### पैरा शूटर ने पेरिस पैरालंपिक का कोटा भी लिया

## अवनि ने विश्व रिकॉर्ड के साथ फ्रांस में जीता सोना

**नई दिल्ली।** टोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने वाली पैरा शूटर अवनि लेखरा ने चैट्यूरॉक्स (फ्रांस) पैरा शूटिंग विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल एसएच-1 का न सिर्फ स्वर्ण जीता बल्कि विश्व रिकॉर्ड के साथ 2024 के पेरिस पैरालंपिक का टिकट भी हासिल कर लिया। फाइनल में उन्होंने 250.6 का स्कोर कर विश्व रिकॉर्ड बनाया और 249.6 के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। श्रीहर्षा ने भी 10 मीटर एयर राइफल एसएच-2 वर्ग में स्वर्ण जीतते हुए पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालिफाई किया।

**पहले नहीं मिला था वीजा :** अवनि, उनके कोच राकेश मनपत और एस्कार्ट बनकर जाने वाली उनकी मां को इस विश्व कप में जाने के लिए पहले वीजा जारी नहीं किया गया था। अंतिम क्षणों में अवनि और राकेश को तो वीजा मिल गया लेकिन उनकी मां को फिर भी वीजा नहीं मिला। इन परिस्थितियों के बावजूद अवनि क्वालिफाइंग में 627.7 का स्कोर कर शीर्ष पर रहीं। इसके बाद उन्होंने फाइनल में पोलैंड की एमिलिया बाब्स्का (247.6) को परास्त कर स्वर्ण जीता। स्वीडन की अन्ना नार्मेन (225.6) को कांस्य पदक मिला। श्रीहर्षा ने फाइनल में 253.1 का स्कोर कर स्लोवानियाई टिरसेक को पराजित किया। एजेंसी



**250.6** का स्कोर किया लेखरा ने फाइनल मुकाबले में

## यूपी की पहली पारी 155 पर सिमटी कर्नाटक ने ली 198 रन की बढ़त

**बंगलूरू।** कर्नाटक-यूपी के बीच रणजी क्वार्टर फाइनल मैच के दूसरे दिन कुल 21 विकेट गिरे और मेजबान टीम ने दूसरी पारी में 8 विकेट 100 रन पर गंवा दिए। 7 विकेट पर 213 रन से आगे खेलते हुए कर्नाटक पहली पारी में 253 रन पर आउट हो गई। यूपी के लिए सौरभ ने चार, मावी ने तीन और यश ने दो विकेट चटकाए। यूपी की टीम पहली पारी में 155 रन पर सिमट गई। प्रियम ने 39, रिंकू ने 33 व मावी ने 32 रन बनाए। कर्नाटक के रोनित ने 3 विकेट निकाले। पहली पारी में 98 रन की बढ़त लेने के बाद कर्नाटक की दूसरी पारी में मयंक (22), मनीष (4) व नायर (10) फिर फेल रहे। कर्नाटक की कुल बढ़त 198 की हो गई है। यूपी के सौरभ ने तीन विकेट निकाले। एजेंसी

**रणजी क्वार्टर फाइनल राउंडअप**

■ **शुभम के शतक से मप्र की पंजाब पर बढ़त :** शुभम शर्मा (102*) व हिमांशु (89) के बीच शतकीय साझेदारी की बदौलत मध्य प्रदेश ने पंजाब के खिलाफ पहली पारी में दो विकेट पर 238 रन बनाकर 19 रन की बढ़त हासिल कर ली।

■ **पदार्पण मैच में सुवेद का दोहरा शतक, सरफराज का सैकड़ा :** सुवेद (252) के दोहरे शतक व सरफराज के 153 रन की बदौलत मुंबई ने उत्तराखंड के खिलाफ 8 विकेट पर 647 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। उत्तराखंड के 39 रन पर 2 विकेट गिर गए थे।

# शतरंज ओलंपियाड में भी होगी ओलंपिक की तरह मशाल रिले

**चेन्नई।** शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे ने मंगलवार को घोषणा की कि जुलाई-अगस्त में होने वाले 44वें शतरंज ओलंपियाड के दौरान ओलंपिक की तरह मशाल रिले शुरू की जाएगी जिसका आयोजन इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के प्रत्येक सत्र से पहले होगा।

इस तरह की मशाल रिले की शुरुआत हमेशा शतरंज के जन्मस्थल भारत से होगी और सभी महाद्वीपों की यात्रा के बाद यह मेजबान शहर पहुंचेगी। समय की कमी के कारण हालांकि इस बार मशाल रिले सिर्फ भारत में होगी और भारत के महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद भी इसमें हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों में से एक होंगे। ओलंपियाड के प्रतियोगिता निदेशक भरत सिंह चौहान ने कहा कि सरकार, फिडे और अन्य हितधारकों के बीच सलाह-मशविरे के बाद मशाल रिले की तारीख और रास्ते की घोषणा की जाएगी। एजेंसी

### रिले की शुरुआत हमेशा शतरंज की जन्मस्थली भारत से होगी, उसके बाद महाद्वीपों की यात्रा करेगी



**28** जुलाई से 10 अगस्त तक किया जाएगा शतरंज ओलंपियाड का आयोजन



'चेन्नई ओलंपियाड में अब 50 दिन बाकी। देखिए, हौसलाअफजाई कीजिए और ओलंपिक मशाल रिले में मेरे साथ जुड़ें।' -**विश्वनाथन आनंद**

'यह बेशक देश के लिए बड़े सम्मान की बात है। ओलंपिक के लिए जो एथेंस है वही अब शतरंज समुदाय के लिए भारत होगा।' -**भरत सिंह चौहान**, टूर्नामेंट डायरेक्टर

## आनंद और अनीश ने बाजी ड्रॉ खेली कार्लसन को बढ़त


**स्टैवैंगनर (नॉर्वे)।** भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद ने नार्वे शतरंज टूर्नामेंट के 'क्लासिकल' वर्ग में नीदरलैंड के अनीश गिरी के खिलाफ छठे दौर की बाजी ड्रॉ खेली। इस परिणाम के बाद आनंद 11.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन ने अजरबैजान के शखरियार मामेदयारोव पर जीत दर्ज करके छह दौर के बाद 12.5 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। आनंद काले मोहरों से खेल रहे थे। इस इंग्लिश वेरिएशन मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने 35 चाल के बाद ड्रॉ पर सहमति जताई। इसके बाद आर्मगेडन (सडन डेथ टाई ब्रेक) में भी दोनों ने 45 चाल तक संघर्ष करने बाद ड्रॉ खेला। पिछले दौर में कार्लसन को हराने वाले आनंद अगले दौर में तैमूर राद्जाबोव से भिड़ेंगे। एजेंसी

**फुटबॉल** — एशिया कप फाइनल्स के क्वालिफायर्स में अफगानिस्तान और हांगकांग की भी चुनौती

# कप्तान छेत्री चाहेंगे कंबोडिया पर बड़ी जीत

**कोलकाता।** करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री की अगुवाई में भारत पांचवीं बार एशियाई फुटबॉल परिसंघ एशिया कप फाइनल्स में जगह बनाने की कवायद में बुधवार को कम रैंकिंग वाले कंबोडिया के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके अभियान की शानदार शुरुआत करने की कोशिश करेगा।

**80वां गोल करने का मौका :** छेत्री अपने 126वें मैच में अपना 80वां गोल करने की कोशिश करेंगे। क्रिस्टियानो रोनाल्डो (188 मैचों में 117 गोल) और लियोनल मेसी (162 मैचों में 86 गोल) गोल दागे जा रहे हैं। इन दोनों से किसी की तुलना नहीं की जा सकती है लेकिन छेत्री के पास टूर्नामेंट में मेसी से आगे निकलने का मौका होगा। भारतीय टीम विश्व रैंकिंग में अभी 106वें स्थान पर है जबकि कंबोडिया 171वें स्थान पर है। ग्रुप डी में इन दो टीम के अलावा अफगानिस्तान (150) और हांगकांग (147) शामिल हैं। छेत्री शानदार प्रदर्शन करने को बेताब होंगे। एजेंसी



**106** वीं रैंकिंग है भारतीय टीम की जबकि कंबोडिया 171वें स्थान पर है

मैच : रात 8.30 बजे से

हम पहला मैच उनसे खेल रहे हैं। अगर हम कंबोडिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं, तो इसका मतलब आप अपनी आधी लड़ाई हार गए हैं। -**सुनील छेत्री**

■ **तीन मैत्री मैचों में मिली है हार :** महाद्वीपीय प्रतियोगिता के क्वालिफाइंग मैचों से पहले भारत का प्रदर्शन अनुकूल नहीं रहा। उसने तीन अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेले और सभी में हार मिली। इस बीच उसे एटीके मोहन बागान से 1-2 से हार झेलनी पड़ी, जबकि आई लीग ऑल स्टार्स टीम को 2-1 से हराया और बंगाल ने उसे 1-1 से ड्रॉ पर रोका।

■ **सात माह पहले मिली थी जीत** भारतीय टीम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना आखिरी मैच सात महीने से भी अधिक समय पहले जीता था जब उसने 16 अक्तूबर 2021 को सैफ चैंपियनशिप के फाइनल में नेपाल को 3-0 से हराया था। लेकिन हाल के परिणाम स्टिमक की कोचिंग वाली टीम के लिए निराशाजनक रहे।

■ **चोटिल रहीम की खल सकती है कमी :** कोच स्टिमक के लिए सबसे बड़ा झटका रहीम अली की चोट रही है, जिन्होंने छेत्री के साथ मिलकर अग्रिम पंक्ति को हमलावर बनाना शुरू कर दिया था। जैसे ही उन्होंने जेजे लालपेखुला के स्थान को भरना शुरू किया वैसे ही स्ट्राइकर अली को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर होना पड़ा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि छेत्री इससे कैसे निपटते हैं।

बिंदास
ENTERTAINMENT PROMOTIONAL FEATURE


# सोनाक्षी सिन्हा ने सबको बताई अपनी प्रेम कहानी

**सलमान** खान की कंपनी की बनाई फिल्मों 'दबंग' और 'नोटबुक' से हिंदी सिनेमा में कदम रखने वाले कलाकारों सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की दोस्ती के अब जल्द ही शादी के रिश्ते में बदलने की उम्मीद बंधने लगी है। हाल ही में सोनाक्षी एक तस्वीर में सगाई की अंगूठी पहने दिखीं थी और अब दोनों के बीच का प्यार सोशल मीडिया पर भी छलक आया है। जहीर इकबाल ने सोशल मीडिया पर अभिनेत्री के जन्मदिन से संबंधित एक पोस्ट शेयर किया है। उसमें लिखी प्यार भरी लाइनें पढ़कर सोनाक्षी को जहीर पर प्यार आ रहा है। जहीर की पोस्ट पढ़कर ऐसा लग रहा है कि दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक करने का मन बना लिया है। जहीर ने इस पोस्ट में एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा- 'जन्मदिन मुबारक हो सोन्ज...मुझे ना मारने के लिए थैंक्यू...आई लव यू...आपको ढेर सारा खाना, फ्लाइट्स, प्यार और खुशियां यूं ही मिलती रहें।' सोनाक्षी ने जहीर के वीडियो पर कमेंट किया, 'थैंक यू... लव यू और अब मैं तुम्हें मारने आ रही हूं।' जहीर की इस पोस्ट पर तमाम दूसरे सितारों ने भी खूब प्यार बरसाया है। सोनाक्षी और जहीर पिछले काफी समय से एक साथ नजर आ रहे हैं और पिछले दिनों दोनों को एक शादी में साथ-साथ देखा गया। दोनों जल्द ही फिल्म 'डबल एक्सएल' में भी एक साथ नजर आने वाले हैं।



जहीर के साथ दोस्ती के जल्द ही रिश्ते में बदलने की उम्मीद

# अनन्या को मिला बड़ी बायोपिक में मौका



**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस के 1897 में अमरावती में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में अध्यक्ष चुने गए सर चेत्तूर शंकरन नायर की बायोपिक से अब अभिनेत्री अनन्या पांडे का नाम भी जुड़ गया है। करण जौहर की कंपनी धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले प्रस्तावित इस फिल्म से अनन्या का नाम उनके आइफा अवार्ड्स 2022 से लौटने के तुरंत बाद जुड़ा है। करण ने अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन फिल्म को लेकर मीडिया में कई तरह की खबरें सामने आ रही हैं। शंकरन नायर के जीवन पर आधारित फिल्म बनाने का एलान बीते साल हुआ था। अक्षय इस फिल्म में चेन्नई के इस दिग्गज वकील और राजनेता की भूमिका में दिखेंगे। इस फिल्म के उस कोर्ट केस पर आधारित होने की खबर है, जिसने ब्रिटिश शासन को हिलाकर रख दिया था। फिल्म का शीर्षक 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर' रखा गया है। इसे करण सिंह त्यागी निर्देशित करेंगे।

अमर उजाला
संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी
नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी
अमर उजाला लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अशोक शर्मा द्वारा अमर उजाला लिमिटेड 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित व इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर- 59, नोएडा-201301 से मुद्रित।
संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली
फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHIN/2003/9919




## न्यूज डायरी

### जॉनी डेप ने भारतीय रेस्तरां में खाने पर खर्चे 48 लाख रुपये



**बर्मिंघम।** हॉलीवुड अभिनेता जॉनी डेप ने हाल ही में इंग्लैंड के बर्मिंघम में भारतीय रेस्तरां में जश्न मनाया। उन्होंने अपने दोस्तों के साथ स्पेशल करी डिनर पर लगभग 48 लाख रुपये (62,000 डॉलर) से अधिक खर्च किए। उन्होंने हाल ही में पूर्व पत्नी एंबर हर्ड के खिलाफ मानहानि का दावा जीता है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, 58 वर्षीय अभिनेता ने 'वाराणसी' नामक रेस्तरां में भारतीय व्यंजन, कॉकटेल और गुलाब शैंपेन का आनंद लिया। वाराणसी के संचालन निदेशक मोहम्मद हुसैन के नहा, रविवार दोपहर हमारे पास अचानक फोन आया जिसमें कहा गया कि जॉनी डेप कुछ लोगों के साथ भोजन करना चाहते हैं। एजेंसी

### जिम्बाब्वे में प्रवासी भारतीयों को दी बदलावों की जानकारी

**हरारे।** विदेश राज्यमंत्री मुरलीधरन इन दिनों जिम्बाब्वे के दौरे पर हैं। उन्होंने प्रवासी भारतीयों से मिलकर देश के सकारात्मक बदलावों की जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट किया, भारतीय मूल के लोगों ने यहां मेहनत करके नाम कमाया है। यहां विदेश और अंतरराष्ट्रीय व्यापार उपमंत्री डेविड मुसाबायना ने उनका स्वागत किया।



मुरलीधरन 7 जून तक जिम्बाब्वे और इसके बाद 8-9 जून को मलावी के दौरे पर जाएंगे। जिम्बाब्वे में उनका राष्ट्रपति एमर्सन डी. मांगग्वा के साथ वरिष्ठ नेताओं से मिलने का कार्यक्रम है। मालवी में वह राष्ट्रपति डॉ. लेजारुस मैकर्थी चकवेरा और अन्य नेताओं से मिलेंगे। एजेंसी

### तिब्बती शरणार्थियों ने काठमांडो में स्थानीय नेताओं को चुना

**काठमांडो।** काठमांडो में तिब्बती शरणार्थियों ने 'बुद्ध' और 'जोरपति' से अपने स्थानीय नेताओं को चुना। जोरपति एक आबादी वाला इलाका है और बागमती क्षेत्र में स्थित है, जबकि बुद्ध फुबरी के पास और नेपाल में गुंबा के करीब स्थित है। यद्यपि तिब्बती लोग नेपाल में शरणार्थी हैं लेकिन उन्होंने स्थानीय चुनाव कराते हुए बाबू कलसांग और फुरबू तानसी को अपना नेता चुना है। बाबू को 577 और फुरबू को 476 मत मिले। एजेंसी

### श्रीलंका में संविधान का 21वां संशोधन एक हफ्ते के लिए टला

श्रीलंकाई मंत्रिमंडल ने संविधान के 21वें संशोधन पर सत्तारूढ़ दल के कुछ सदस्यों के कड़े विरोध के बाद उसे एक सप्ताह के लिए टाल दिया है। संशोधन के बाद संसद को राष्ट्रपति से अधिक शक्तियां और अधिकार मिल जाएंगे। संविधान के 21वें संशोधन के जरिये अनुच्छेद-20ए को निरस्त किए जाने की उम्मीद है, जो राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे को व्यापक शक्तियां प्रदान करता है। एजेंसी


### नेपाल में गिरफ्तार भारतीय पत्रकार को छोड़ने की मांग

**काठमांडो।** नेपाल के नेशनल फोटो जर्नलिस्ट्स ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप राज वांटा ने सात महीने से देश की झापा जेल में बंद भारत में पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के सालकिया निवासी पत्रकार दुर्लभ रायचौधरी (24) को छोड़ने की मांग की है। नेपाल में उन्हें अमेरिकी डॉलर की फोटोकॉपी के साथ गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी

# तालिबान सरकार को मान्यता भारत के एजेंडे में नहीं

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव जेपी सिंह के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का अफगानिस्तान का पहला आधिकारिक दौरा चर्चा का विषय है। इसे भविष्य में नई तालिबान सरकार को मान्यता देने से जोड़ा जा रहा है। सच्चाई यह है कि भारत के एजेंडे में यह फिलहाल मुद्दा नहीं है। इस पर अंतिम निर्णय से पूर्व तालिबान सरकार को भारत अहम मुद्दों पर ठोक-बजाकर देखना चाहता है।

इस संबंध में सरकारी सूत्र ने कहा, अफगानिस्तान सामरिक समेत कई अन्य कारणों से भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण मुद्दा भारत के खिलाफ आतंकवाद का है। बीते शासनकाल में अफगानिस्तान के विकास के लिए भारत ने बड़ा निवेश किया है। सवाल विश्वास कायम करने का भी है। इसकी जिम्मेदारी तालिबान की है। इन मुद्दों पर भारत को सकारात्मक और ठोस संकेत नहीं मिलेंगे, तब तक तालिबान सरकार को मान्यता देने का सवाल नहीं उठता। ब्यूरो



जेपी सिंह, संयुक्त सचिव

*तालिबान से मिल रहे सकारात्मक संकेत*

*सत्ता परिवर्तन के बाद से ही तालिबान भारत को सकारात्मक संकेत दे रहा है। हाल में तालिबान ने मानवीय सहायता के लिए कई बार भारत की तारीफ की है। सत्ता परिवर्तन से पहले दोहा में भारत की तालिबान से बातचीत हुई थी। बीते साल अगस्त में दीपक मित्तल ने तालिबान के शीर्ष नेता से बात की थी।*

**■ पाक-चीन को फ्री हैंड नहीं देना चाहता भारत**

**तालिबान** सरकार को मान्यता देने के मामले में पाकिस्तान और चीन सबसे आगे रहे। भारत को आशंका है कि पाकिस्तान अफगानिस्तान का उपयोग भारत में आतंकवाद भड़काने के लिए कर सकता है। सरकारी सूत्र ने कहा, यह स्पष्ट नहीं है कि भारत के तालिबान से मतभेदों का भविष्य क्या होगा। जहां तक भारत का सवाल है कि सामरिक, आर्थिक समेत कई मामले में महत्वपूर्ण होने के कारण वह अफगानिस्तान में चीन और पाकिस्तान को फ्री हैंड नहीं देना चाहता।

**■ तालिबान का काउंसलर सेवा शुरू करने का अनुरोध**

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार चाहती है कि भारत सरकार उसे मान्यता दे। इस कड़ी में भारत सबसे पहले बंद पड़ी काउंसलर सेवा बहाल करे। जबकि भारत बिना ठोस भरोसे के इस दिशा में आगे बढ़ना नहीं चाहता। भारत के लिए राहत की बात यह है कि अफगानिस्तान के कई पड़ोसी देशों मसलन ताजिकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान से उसके बेहतर कूटनीतिक रिश्ते हैं।

# तालिबान से संबंध को लेकर भारत के अपने हित : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अफगानिस्तान पर तालिबान के नियंत्रण के बाद पहली बार भारतीय प्रतिनिधिमंडल की काबुल यात्रा पर अमेरिका ने कहा कि तालिबान के साथ संबंध को लेकर भारत के अपने हित हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने यह बात पत्रकारों से कही।



नेड प्राइस

भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान के लिए वरिष्ठ राजनयिक जेपी सिंह के नेतृत्व में एक दल गत सप्ताह अफगानिस्तान गया था। वहां उसने तालिबान के वरिष्ठ सदस्यों से मुलाकात की और भारत की ओर से भेजी गई सहायता के बारे में चर्चा की। प्राइस ने कहा, अलग अलग देशों के तालिबान के साथ अलग अलग तरह के संबंध बनेंगे। दोहा में हमारा एक दल हमारे हितों को ध्यान में रखते हुए तालिबान के संबंध बनाने के लिए काम कर रहा है। एजेंसी

# पूर्वी यूक्रेन में रूस ने उतारे और सैनिक शीर्ष 61 अमेरिकियों पर लगाई पाबंदी

## मैरियूपोल के अजोवस्तल स्टील संयंत्र में मारे गए यूक्रेनी लड़ाकों के शव पहुंचे घर

**कीव/मॉस्को।** रूस-यूक्रेन युद्ध के 104वें दिन मैरियूपोल स्थित अजोवस्तल स्टील संयंत्र में मारे गए यूक्रेनी लड़ाकों के शव रूसी सेना ने यूक्रेन को लौटा दिए हैं। उधर, रूस ने 61 अमेरिकी नागरिकों पर भी पाबंदी लगाने की घोषणा की है। इस बीच, रूस ने पूर्वी यूक्रेन में और सैनिक उतार दिए हैं।

रूस के विदेश मंत्रालय ने बताया कि 61 अमेरिकी नागरिकों की प्रतिबंध सूची में अमेरिकी अधिकारी और अमेरिका की बड़ी कंपनियों के पूर्व व शीर्ष मैनेजरों के नाम शामिल हैं। उसने यह फैसला अमेरिकी प्रतिबंधों के जवाब में लिया है। इनमें वित्तमंत्री जैनेट येलेन, ऊर्जामंत्री जेनिफर ग्रानहोम, व्हाइट हाउस के संचार निदेशक केट बेडिंगफील्ड और नेटफ्लिक्स के सीईओ रीड हैस्टिंग्स के नाम खासतौर पर शामिल किए गए हैं।

उधर, दुनिया की दो बड़ी परमाणु शक्तियों के बीच वार्ता जारी रखने पर जोर देते हुए अमेरिका ने रूस को उसका दूतावास बंद करने से रोक दिया है। उधर, सेवेरोदोनेस्क क्षेत्र में हर घंटे संघर्ष की रणनीति बदल रही है। रूसी सेना ने यहां कई इलाकों पर बमबारी जारी रखी है। दोनेस्क क्षेत्र में लड़ाई लंबी खिंचने की आशंका जताई है। एजेंसी



खारकीव क्षेत्र में हमले के बाद आग बुझाता दमकलकर्मी।

**कीव में खुला थिएटर**

**कीव।** यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद कीव स्थित एक थिएटर पहली बार दर्शकों के लिए खुला और यहां नाटक का मंचन किया गया। 'थिएटर ऑन पोदिल' कीव में फिर से खुलने वाला एक और सांस्कृतिक केंद्र है। राजधानी स्थित सिनेमाघर और नेशनल ओपेरा हाउस मई के अंत में दर्शकों के लिए खोल दिए गए थे। अभिनेता यूरी फेलिपेंको ने कहा, हम खुश हैं कि पहले तीन नाटक के सारे टिकट बिक गए। यहां चुनिंदा कलाकारों के साथ नाटक मंचन किया जा रहा है। एजेंसी

### नहीं दी जा रही यौन हिंसा की सही जानकारी : यूएन

**संयुक्त राष्ट्र।** यौन हिंसा पर यूएन की विशेष दूत प्रमिला पैटन ने कहा कि यूक्रेन में यौन हिंसा के खिलाफ हुई घटनाओं की सही तरीके से जानकारी नहीं दी गई। पैटन ने सुरक्षा परिषद को बताया कि संघर्ष के दौरान दुष्कर्म व अन्य यौन हमलों को रोकने के उसके प्रस्तावों और सबसे संवेदनशील महिलाओं तथा बच्चों की जमीनी स्थिति के बीच काफी अंतर है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय को तीन जून तक संघर्ष से संबंधित यौन हिंसा की 124 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 97 मामलों में पीड़ित महिलाएं तथा लड़कियां, 19 मामलों में पुरुष व सात मामलों में लड़के शामिल थे। एजेंसी

# सबको साथ लेकर चलना भारतीय संविधान की मजबूत नींव : नायडू

## कहा, कतर के साथ संबंधों में पुल का काम कर रहा भारतीय समुदाय

**दोहा/नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने कहा है कि सबको साथ लेकर चलना भारतीय सांविधानिक ढांचे की मजबूत नींव है और मोदी सरकार में इसकी प्रतिध्वनि मिलती है। यह सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास में भरोसा करती है। नायडू कतर से भारत लौट आए हैं।

कतर की राजधानी दोहा में एक सामुदायिक स्वागत समारोह के दौरान उनका यह बयान कई मुस्लिम देशों द्वारा भारत में पैगंबर साहब के विरुद्ध दो भाजपा नेताओं की विवादास्पद टिप्पणी की निंदा के बाद आया है। उपराष्ट्रपति ने दोहा में भारतीय प्रवासियों से चर्चा करते हुए भारत को विविध भाषाओं, संस्कृतियों में एकता वाला देश बताया। उन्होंने एक नया भारत बनाने के लिए सरकार के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कतर में रह रहे 7.80 लाख भारतीय समुदाय के लोगों को दोनों देशों के बीच एक जीवंत पुल बताया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी की नीति के बाद से भारत-कतर संबंध आगे बढ़े हैं। एजेंसी



**■ अपनी मातृभूमि मत भूलना**

उपराष्ट्रपति ने भारतीय समुदाय से उनकी जन्मभूमि, भारत के साथ संबंध बनाए रखने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, आपकी कर्मभूमि कतर है और कतर की प्रगति के लिए खुद को समर्पित करना चाहिए। साथ ही अपनी मातृभूमि, भारत को मत भूलना।

### पेगासस : इस्राइल जाएगा स्पेनिश न्यायिक आयोग

**बार्सिलोना।** जासूसी के लिए पूरी दुनिया में बदनाम पेगासस सॉफ्टवेयर पर स्पष्टीकरण लेने के लिए स्पेन का न्यायिक आयोग इस्राइल जाएगा। वह इसकी निर्माता कंपनी एनएसओ के सीईओ से मिलकर गवाही लेगा। इस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल कर स्पेन में बड़े राजनेताओं के फोन टैप करने का आरोप है। एजेंसी

# अतीत की हिचकिचाहट से उबरे, अब कोई नहीं थोप सकता पसंद : जयशंकर

## विदेश मंत्री बोले, सीमा में एकतरफा बदलाव का प्रयास स्वीकार नहीं

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, सीमा में बदलाव का कोई भी एकतरफा प्रयास भारत स्वीकार नहीं करेगा। ऐसे किसी भी प्रयास का वह कड़ाई से जवाब देगा। भारत में विदेशी राजनयिकों के कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा, हम अतीत की हिचकिचाहट से उबर आए हैं और अब किसी को भी अपनी पसंद को भारत पर थोपने की इजाजत नहीं देंगे। चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में उन्होंने यह बात कही।

उन्होंने कहा, भारत का पूरा प्रयास सुरक्षा चुनौतियों से निपटने है। भारत परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) में शामिल होना चाहता है। इसके लिए वैश्विक हितों के आड़े आ रही राजनीतिक बाधाओं से हम उबर गए हैं। यह बात उन्होंने भारत के इस समूह में शामिल होने के प्रयासों पर चीन की आपत्तियों के संदर्भ में कही। आतंकवाद के खतरे पर जयशंकर ने कहा, कूटनीति ने इसे अस्वीकार्य बनाने, समर्थन घटाने और पोषण रोकने में योगदान दिया है। एजेंसी



**अपना हित सुनिश्चित करने के लिए करेंगे सभी प्रयास**

राष्ट्रीय हित सुनिश्चित करने के लिए हम सब कुछ करेंगे। देश की सुरक्षा के लिए साथ काम करने वाले भरोसेमंद भागीदारों की भूमिका का हम सम्मान करते हैं। पूर्व में वैश्वीकरण के मंत्र के चलते हमने रक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाने की जरूरत पर कम ध्यान दिया। इसका आभास होने पर आत्मनिर्भर भारत का संकल्प सामने आया है। हम विश्व के साथ मिलकर भारत में निर्माण करना चाहते हैं।

# आईएमएफ शर्तों का उल्लंघन कर इमरान ने पाकिस्तान में लगाए 'सुसाइड बम' : अब्बासी

**इस्लामाबाद।** पीएमएल-एन के नेता और पूर्व पीएम शाहिद खाकान अब्बासी ने पीटीआई प्रमुख इमरान खान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की शर्तों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने इमरान के दोषपूर्ण फैसलों को पाकिस्तान के लिए 'सुसाइड बम' की तरह बताया है।

अब्बासी के दावे में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर लगाए सनसनीखेज आरोपों से पूरे पाकिस्तान में तहलका मचा हुआ है। पाकिस्तान के पूर्व पीएम अब्बासी ने वित्तीय गड़बड़ी के लिए खान को दोषी ठहराते हुए कहा कि इमरान ने देश से किए वादों को तोड़ते हुए अपनी भ्रष्ट नीतियों के कारण देश को संकट में डाल दिया है। अब्बासी ने पाकिस्तान के लोगों से बिना किसी से डरे संकट से निपटने की अपील की है। एजेंसी



**पाकिस्तानी सांसद की धमकी, खान को कुछ हुआ तो करूंगा फिदायीन हमला**


इमरान खान की पार्टी पीटीआई के सांसद अताउल्ला ने शहबाज शरीफ सरकार को खुली धमकी दी है कि यदि पूर्व पीएम इमरान खान को कुछ हुआ तो वह फिदायीन हमला करेंगे। इमरान के इस करीबी सांसद ने एक वीडियो संदेश जारी करके धमकी दी कि यदि इमरान के बाल को भी किसी ने छुआ तो गंभीर नतीजे होंगे, मैं पहला आत्मघाती बम हमलावर बनूंगा।



अताउल्ला

***पाकिस्तान के सरकारी दफ्तरों में दो दिन की छुट्टी बहाल...इस्लामाबाद।*** *पाकिस्तान सरकार ने अपने सरकारी दफ्तरों में हफ्ते में दो दिन की छुट्टी को बहाल कर दिया है। नवाज शरीफ ने प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद पहले दिन 16 अप्रैल को ही शनिवार की छुट्टी को समाप्त कर केवल रविवार का अवकाश लागू किया था। इसे जल्दबाजी में उठाया गया कदम माना गया था। इस फैसले से गुस्साए कर्मचारी देश में लगातार प्रदर्शन कर रहे थे। सूचना मंत्री मरियम ओरंगजेब ने मंत्रिमंडल की बैठक की जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया, सरकार ने सप्ताह में दो दिन का अवकाश बहाल करने का फैसला लिया है। एजेंसी*

मनोरंजन, सिनेमाजगत की हर खबर amarujala.com पर




**जलवायु परिवर्तन** | एशिया की 150 करोड़ आबादी के लिए पानी का स्रोत पर्यावरण समस्या का शिकार

# तिब्बत में पिघलते ग्लेशियर चिंता का सबब

**ल्हासा (तिब्बत)।** पानी के अंतिम स्रोत के बतौर तिब्बत पर निर्भर लोगों के लिए तेजी से पिघलते ग्लेशियर चिंता का सबब बन गए हैं। एशिया महाद्वीप में 150 करोड़ से ज्यादा आबादी पानी के लिए इसी पर निर्भर है। एशिया की ब्रह्मपुत्र, मीकोंक और यांग्तज जैसी बड़ी नदियां यहीं से निकलती हैं। तेजी से बढ़ती पर्यावरण संबंधी समस्या के कारण क्षेत्र को बड़ी क्षति की आशंका है।

एकीकृत पर्वतीय विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र (आईसीआईएमओडी) की तिब्बत प्रेस में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, अनुमान है कि कार्बन उत्सर्जन की निगरानी और इस पर नियंत्रण के तेज प्रयास नहीं किए गए तो ग्लेशियर का एक तिहाई पिघल जाएगा। इससे पर्यावरण की समस्या खड़ी हो जाएगी। तिब्बत में रहने वाले लोग अपने अधिकारों और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। एजेंसी



**■ संसाधन दोहन से क्षेत्र में बढ़ा प्रदूषण**

रेडियो फ्री एशिया में 2020 में छपी खबर में ग्यालत्सेन नामक व्यक्ति ने कहा, दुनिया की छत के रूप में तिब्बत में पर्यावरण की पूजा होती है। लेकिन चीन के अत्यधिक संसाधन दोहन के कारण यहां की वायु और जल में भी प्रदूषण जैसी समस्या आने लगी है। जानवरों की कई प्रजातियां तो विलुप्त हो गई हैं। चीनी पुनर्वास नीति के कारण तिब्बती खानाबदोशों की संख्या भी लगातार कम हुई है।

**■ अंधाधुंध कटाई के कारण घटा वन क्षेत्र**

चीन सरकार की ओर से वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण आच्छादित क्षेत्र कम हो रहा है। इसके कारण कई इलाकों में बाढ़ जैसी समस्या भी है। कई प्राकृतिक संसाधनों का केंद्र होने के कारण तिब्बत को अत्यधिक खनन की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। इन गतिविधियों के कारण भूमि और इसकी गुणवत्ता तो प्रभावित हुई ही है, प्राकृतिक संसाधन भी कम हो रहे हैं।

### अमेरिका, दक्षिण कोरिया ने कोरियाई प्रायद्वीप में उड़ाए 20 लड़ाकू विमान

**सियोल।** उत्तर कोरिया से तनाव के बीच दक्षिण कोरियाई सेना व अमेरिकी बल के 20 लड़ाकू जेट ने मंगलवार को दक्षिण कोरिया के पश्चिमी तट पर चक्कर लगाए। इन लड़ाकू विमानों की उड़ान के पीछे यह मकसद रहा कि यदि उत्तर की ओर से कोई प्रतिक्रिया आती है तो जवाबी कार्रवाई की जाएगी।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स आफ स्टाफ ने कहा कि हवाई प्रदर्शन में 16 दक्षिण कोरियाई विमान शामिल थे। इनमें एफ-35 स्टील्थ फाइटर थे, जबकि चार अमेरिकी एफ-16 ने भी उड़ान भरी। इनका मकसद उत्तर कोरिया को जवाब देने की क्षमता प्रदर्शित करना है। एजेंसी

